



केंद्रीय मंत्री सिंधिया ने कहा- ट्राई के स्पेक्ट्रम की कीमतें तय होने के बाद उपग्रह संचार सेवा शुरू होगी- 12



इजराइल और हमास युद्ध समाप्त करने और बंधकों को रिहा करने पर हुए सहमत - 13



वेस्टइंडीज पर एक और बड़ी जीत दर्ज करने उतरेगा भारत- 14


एक सम्पूर्ण दैनिक अखबार

# अमृत विचार

| मुरादाबाद |

www.amritvichar.com

2 राज्य | 6 संस्करण

लखनऊ ■ बरेली ■ कानपुर ■ मुरादाबाद ■ अयोध्या ■ हल्द्वानी

कार्तिक कृष्ण पक्ष चतुर्थी 07:38 उपरांत पंचमी विक्रम संवत 2082

शुक्रवार, 10 अक्टूबर 2025, वर्ष 6, अंक 193, पृष्ठ 14 ■ मूल्य 6 रुपये


## कानपुर में हुए विस्फोट में इंस्पेक्टर और चौकी इंचार्ज समेत पांच सस्पेंड

- एसीपी हटाए गए, 10 मीटर के दायरे में गोदाम, 18 दुकानें सील 10 क्विंटल पटाखे बरामद
- गोदाम मालिक परवेज से पूछताछ सर्च आपरेशन में 12 दुकानदार हिरासत में लिए गए

कार्यालय संवाददाता, कानपुर

**अमृत विचार:** मिश्री बाजार में हुए धमाके के बाद पुलिस कमिश्नर रघुवीर लाल ने सख्त कार्रवाई की। एसीपी कोतवाली आशुतोष कुमार को हटा दिया और अवैध पटाखों का भंडारण मिलने में मूलगंज थाना प्रभारी, चौकी इंचार्ज समेत पांच पुलिसकर्मियों को सस्पेंड कर दिया है।

इसके साथ ही पुलिस ने घटनास्थल से 10 मीटर के दायरे में सर्च ऑपरेशन चलाकर एक गोदाम और 18 दुकानों को सील किया है। 10 क्विंटल अवैध पटाखे बरामद किए गए हैं। गोदाम मालिक परवेज को हिरासत में लेकर पूछताछ की जा रही है। 12 दुकानदारों को भी हिरासत में लिया गया है।

घटनास्थल के पास का सीसीटीवी फुटेज सामने आने के बाद पता चला कि अब्दुल की खिलौने की दुकान के बाहर गत्ते में अवैध पटाखे रखे थे, जिससे धमाका हुआ और हादसे में आठ लोग झुलस गए। डीसीपी सत्यजीत गुप्ता के नेतृत्व में सर्किल का फोर्स सर्च ऑपरेशन में जुटा। अब्दुल की दुकान से भारी मात्रा में अवैध पटाखे बरामद हुए।

### इन पर हुई कार्रवाई

पुलिस कमिश्नर के निर्देश पर संयुक्त पुलिस आयुक्त (कानून व्यवस्था) आशुतोष कुमार ने एसीपी कोतवाली आशुतोष कुमार को हटा दिया है। मूलगंज थाना प्रभारी विक्रम सिंह, चौकी प्रभारी रोहित तोमर, जेबरा मोबाइल के कांस्टेबल चेतन कुमार, अमित कुमार, बीट कांस्टेबल ब्रह्मानंद, हेड कांस्टेबल इमामुल हक को निलंबित किया गया है। इन पर शिथिलता व लापरवाही के आरोप है।

## देख सपाई बिटिया घबराए, अब ऐसी सरकार नहीं: योगी

- मुख्यमंत्री ने बुंदेलखंड से प्रदेशवासियों को किया सचेत जालौन को दी बड़ी सौगात
- सीएम ने दंगा, गुंडागर्दी, भ्रष्टाचार नौकरियों में लूट व जातिवादी राजनीति पर सपा को घेरा

राज्य ब्यूरो, लखनऊ



**अमृत विचार:** मुख्यमंत्री योगी ने समाजवादी पार्टी पर हमला बोलते हुए कहा कि जिस समाजवादी आंदोलन को लोहिया, जनेश्वर मिश्र और मोहन सिंह जैसे चिंतकों ने ऊंचाई दी थी, उसे सपा ने गुंडों, अपराधियों और माफियाओं का जमावड़ा बना दिया। कहा कि 2017 के पहले लोग कहते थे कि देख सपाई, बिटिया घबराई। यह भी कहते थे कि जिस गाड़ी में सपा का झंडा, देखो होगा सपा का गुंडा।

यह लोग गरीबों को लूट रहे थे। राशन, मकान, शौचालय, राहत कार्य, विकास, रोजगार नहीं मिल रहा था अब ऐसा नहीं है। किसी किसान, व्यापारी, बेटी या गरीब के साथ अन्याय हुआ तो ऐसी कार्रवाई करेंगे कि आने वाली पीढ़ियां याद रखेंगी। मुख्यमंत्री गुरुवार को जालौन में 1900 करोड़ रुपये की 305 विकास परियोजनाओं का लोकार्पण और शिलान्यास के बाद जनसभा को संबोधित कर रहे थे। योगी ने कहा कि सपा की राजनीति जातिवाद, परिवारवाद और भ्रष्टाचार की जड़ों पर टिकी है। सपा की सरकारों में दंगाइयों को संरक्षण मिलता था।

बेटियां घर से निकलने से डरती थीं और व्यापारी असुरक्षा में जीते थे। उन्होंने तंज कसते हुए कहा कि सपा के नेता कहते थे कि लड़के हैं, गलती कर देते हैं, लेकिन आज बेटियों की सुरक्षा और युवाओं की नौकरी हमारी प्राथमिकता है। उन्होंने जनता से विकसित यूपी-2047 के विजन डॉक्यूमेंट के लिए सुझाव देने की अपील की। सीएम ने बच्चों का अन्नप्राशन किया, प्रदर्शनी देखी और रामायण के पात्र बने बच्चों की हौसलाअफजाई की।

### दंगाइयों से नाक रगड़वाती है सरकार

योगी ने कहा कि अब सरकार नाक नहीं रगड़ती, दंगाइयों से नाक रगड़वाती है। कहा, सपा मुखिया को संतों और सामाजिक न्याय के पुरोधाओं में सांप्रदायिकता नजर आती है, जबकि दंगाइयों में उन्हें शांति के दूत दिखते हैं। सपा मुखिया पर दंगा, गुंडागर्दी, भ्रष्टाचार, नौकरियों में लूट व जातिवादी राजनीति के आरोप लगाते हुए लोगों से इनकी हरकतों से सावधान रहने की अपील की।

### सपा को ठहराया जातिवादी

सीएम ने सपा पर निशाना साधते हुए कहा कि पिछली सरकारों के पास जिलों में जाकर योजनाओं की समीक्षा करने का समय नहीं था। वे परिवार और अपनी राजनीति में व्यस्त रहते थे। वे प्रदेश को लूटते थे, विकास रोकते थे, चाचा-भतीजा नौकरियों के नाम पर वसूली करते थे। और अब जनता को जातीय आधार पर बांटने की कोशिश कर रहे हैं।

## ब्रीफ न्यूज

### अंतर्राष्ट्रीय सीमा से दो पाकिस्तानी नागरिकों को हिरासत में लिया

**जयपुर।** बीएसएफ ने राजस्थान के बाड़मेर जिले में अंतर्राष्ट्रीय सीमा के पास एक नाबालिग समेत दो पाकिस्तानी नागरिकों को हिरासत में लिया है। अधिकारियों ने बताया कि दोनों कथित तौर पर सेड़वा सेक्टर में सीमा पार करके भारतीय क्षेत्र में प्रवेश करने की कोशिश कर रहे थे। बीएसएफ की 83वीं बटालियन के जवानों ने जानपालिया सीमा चौकी पर स्थित जीरो पॉइंट पर भील समुदाय के कानजी (47) और सात साल के एक लड़के को हिरासत में लिया।

### आतंकियों के छिपने के ठिकाने का भंडाफोड़ हथियार जब्त

**श्रीनगर।** जम्मू-कश्मीर के कुपवाड़ा जिले में सुरक्षा बलों ने आतंकवादियों के छिपने के एक ठिकाने का भंडाफोड़ किया है और मौके से भारी मात्रा में हथियार तथा गोला-बारूद बरामद किया है। भारतीय सेना की श्रीनगर स्थित चिनार कोर ने बताया खुफिया सूचना के आधार पर बुधवार को कुपवाड़ा के वारसून इलाके स्थित ब्रिजथोर वन में सेना और पुलिस ने एक संयुक्त अभियान शुरू किया। चिनार कोर ने सोशल मीडिया मंच 'एक्स' पर एक पोस्ट में कहा, तलाशी के दौरान सुरक्षा बलों ने आतंकवादियों के छिपने के एक ठिकाने का भंडाफोड़ कर हथियारों का जखीरा बरामद किया।

### आईएसआईएस मॉड्यूल जांच: एटीएस ने पुणे में मारे छापे

**मुंबई।** महाराष्ट्र एटीएस ने पुणे में आईएसआईएस मॉड्यूल मामले के संबंध में कुछ लोगों को कट्टरपंथी बनाए जाने के संदेह में शहर में कई स्थानों पर छापेमारी की। एक अधिकारी ने विस्तार से जानकारी दिए बिना बताया कि एटीएस द्वारा 2023 में दर्ज पुणे आईएसआईएस मॉड्यूल मामले के संबंध में 19 संदिग्धों के घरों और कार्यालय परिसरों में बुधवार देर रात से छापेमारी जारी है।

# भारत-ब्रिटेन स्वाभाविक साझेदार

## प्रधानमंत्री मोदी की समकक्ष स्टार्मर से एफटीए पर चर्चा, रक्षा व शिक्षा समेत कई क्षेत्रों में समझौते

- संयुक्त राष्ट्र में भारत की स्थायी सदस्यता को समर्थन देगा ब्रिटेन
- दोनों नेताओं ने हिंद-प्रशांत, यूक्रेन संघर्ष पर भी विचार साझा किए

मुंबई, एजेंसी



ग्लोबल फिनटेक फेस्ट में प्रधानमंत्री मोदी अपने ब्रिटिश समकक्ष से मिलते हुए।

अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप के टैरिफ वॉर के बीच भारत पहुंचे ब्रिटेन के प्रधानमंत्री केअर स्टार्मर ने प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी से गुरुवार को मुलाकात की। इस मुलाकात के बाद दोनों देशों के राष्ट्राध्यक्षों ने कई बड़े ऐलान किए। दोनों देशों के बीच रक्षा, शिक्षा समेत कई क्षेत्रों में अहम समझौते हुए। ब्रिटेन ने संयुक्त राष्ट्र में भारत की स्थायी सदस्यता के लिए समर्थन देने का आश्वासन दिया।

प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने कहा कि भारत और ब्रिटेन स्वाभाविक साझेदार हैं और दोनों देशों के बीच बढ़ते संबंध ऐसे समय में वैश्विक स्थिरता और आर्थिक प्रगति के महत्वपूर्ण स्तंभ हैं, जब विश्व अनिश्चितता के दौर से जूझ रहा है। मोदी ने ब्रिटिश प्रधानमंत्री केअर स्टार्मर के साथ व्यापक मुद्दों पर बातचीत के बाद ये टिप्पणी की। मीडियाकर्मियों को दिए अपने वक्तव्य में मोदी ने कहा कि जुलाई में हस्ताक्षरित ऐतिहासिक भारत-ब्रिटेन व्यापक आर्थिक एवं कारोबार समझौते से दोनों देशों के बीच आयात लागत कम होगी, रोजगार के नए अवसर पैदा होंगे, व्यापार को बढ़ावा मिलेगा और दोनों पक्षों के उद्योगों और उपभोक्ताओं को लाभ होगा।

दोनों नेताओं ने हिंद-प्रशांत, पश्चिम एशिया में शांति एवं स्थिरता और यूक्रेन में जारी संघर्ष पर भी विचार साझा किए। मोदी ने कहा, यूक्रेन संघर्ष और गाजा मुद्दे पर भारत बातचीत और कूटनीति के माध्यम से शांति बहाल करने के सभी प्रयासों का समर्थन करता है। हम हिंद-प्रशांत क्षेत्र में ब्रिटेन के साथ समुद्री सुरक्षा सहयोग बढ़ाने के लिए पूरी तरह प्रतिबद्ध हैं।

प्रधानमंत्री ने कहा कि भारत के जोश और ब्रिटेन की दक्षता ने मिलकर एक अद्वितीय तालमेल बनाया है। उन्होंने कहा, हमारी साझेदारी भरोसे पर टिकी है और प्रतिभा एवं तकनीक से प्रेरित है। आज जब प्रधानमंत्री स्टार्मर और मैं इस मंच पर एक साथ खड़े हैं तो यह दोनों देशों के लोगों के उज्ज्वल भविष्य के निर्माण के लिए मिलकर काम करने की हमारी साझा प्रतिबद्धता की स्पष्ट पुष्टि है। मोदी ने दोनों देशों के बीच बढ़ती रक्षा साझेदारी का भी जिक्र किया। उन्होंने कहा, हम रक्षा सह-उत्पादन की दिशा में आगे बढ़ रहे हैं और दोनों देशों के रक्षा उद्योगों को जोड़ रहे हैं। प्रधानमंत्री ने कहा, अपने रक्षा सहयोग को एक कदम आगे बढ़ाते हुए हमने सैन्य प्रशिक्षण में सहयोग के लिए एक समझौते पर हस्ताक्षर किए हैं जिसके तहत भारतीय वायुसेना के उड़ान प्रशिक्षक ब्रिटेन की रॉयल एयर फोर्स के साथ प्रशिक्षक के रूप में काम करेंगे। ब्रिटिश नेता ब्रिटेन के 125 सबसे प्रमुख व्यापारिक नेताओं, उद्यमियों और शिक्षाविदों के एक प्रतिनिधिमंडल के साथ बुधवार सुबह दो दिवसीय यात्रा पर मुंबई पहुंचे। स्टार्मर की भारत यात्रा दोनों देशों द्वारा एक ऐतिहासिक एफटीए पर हस्ताक्षर करने के ढाई महीने बाद हुई है। इस समझौते से बाजार पहुंच बढ़ेगी, शुल्क में कटौती होगी और 2030 तक द्विपक्षीय व्यापार दोगुना होने की उम्मीद है। मोदी की जुलाई में हुई लंदन यात्रा के दौरान व्यापार समझौते को अंतिम रूप दिया गया था।

### मोदी बोले- व्यापार समझौता साझा प्रगति का खाका वैश्विक मानक के लिए साझेदारी करें कंपनियां

**मुंबई।** प्रधानमंत्री मोदी ने कहा कि भारत-ब्रिटेन व्यापार समझौता दोनों बड़ी अर्थव्यवस्थाओं के लोगों की साझा प्रगति और समृद्धि का खाका (रोडमैप) है। इसके साथ ही मोदी ने व्यवसायों से ऐसे क्षेत्रों की पहचान करने का आह्वान किया जहां वे वैश्विक मानक स्थापित कर सकें। उन्होंने ब्रिटिश प्रधानमंत्री केअर स्टार्मर के साथ कंपनियों के मुख्य कार्यपालक अधिकारियों (सीईओ) के एक मंच को संबोधित करते हुए भारत की नीतिगत स्थिरता, अनुमान-योग्य नियमन और व्यापक मांग पर प्रकाश डाला। उन्होंने ब्रिटिश कंपनियों को बुनियादी ढांचा, दवा, ऊर्जा और वित्त जैसे क्षेत्रों में निवेश के लिए आमंत्रित भी किया। मोदी ने कहा, बाजार पहुंच मिलने के साथ यह समझौता एमएसएमई को बढ़ावा देगा और युवाओं के लिए रोजगार के अवसर पैदा करेगा। ब्रिटिश प्रधानमंत्री ने अपने संबोधन में कॉरपोरेट दिग्गजों से यह जानना चाहा कि दोनों देशों की सरकारें अवसरों का लाभ उठाने से रोकने वाली बाधाओं को दूर करने के लिए क्या कर सकती हैं। स्टार्मर ने कहा, हम इस व्यापार समझौते से जुड़ी संभावनाओं को अधिकतम करने में आपका सहयोग करना चाहते हैं।

## दलितों व पिछड़ों के खिलाफ बने कानून बदलेंगे: मायावती

- कांशीराम परिनिर्वाण दिवस पर आयोजित रैली में बसपा प्रमुख सपा व कांग्रेस के खिलाफ रहीं हमलावर

राज्य ब्यूरो, लखनऊ



लखनऊ में रैली में लोगों का अभिवादन स्वीकार करतीं बसपा प्रमुख मायावती।

**अमृत विचार :** अर्से बाद बसपा प्रमुख मायावती अपने पुराने तेवर में नजर आईं। कांशीराम के 19वें परिनिर्वाण दिवस के मौके पर लाखों की भीड़ जुटाकर एलान किया कि बसपा की सरकार बनने पर प्रदेश में दलितों और पिछड़ों के खिलाफ बनाए गए कानूनों को बदला जाएगा। भरोसा दिलाया कि राज्य में सर्वजन हिताय, सर्वजन सुखाय की सोच वाली सरकार बनेगी, जिसमें किसी को रोजी-रोटी के लिए पलायन नहीं करना पड़ेगा।

मायावती ने रैली को ऐतिहासिक बताते हुए समाजवादी पार्टी को दोगला बताया। कहा कि सरकार में रहने के दौरान सपा, कांशीराम का सम्मान कभी नहीं करती है। कांशीराम नगर का नाम बदलना सपा की दलित विरोधी सोच का परिचायक। वीआईपी रोड स्थित कांशीराम स्मारक स्थल पर गुरुवार को नौ साल बाद आयोजित इस रैली में प्रदेशभर से पार्टी के लाखों कार्यकर्ता जुटे। मायावती ने मंच से जहां अपनी पार्टी की मजबूती दिखाई, वहीं विपक्षी दलों सपा, कांग्रेस और भाजपा पर तीखे हमले किए। आरोप लगाया कि तीनों दलों ने पदोन्नति में आरक्षण का विरोध किया। सपा ने तो सदन में बिल ही फाड़ दिया था। इन दलों ने हमेशा दलितों-पिछड़ों के हक का अपमान किया है। बसपा प्रमुख ने कहा कि भारी भीड़ देखकर साफ है कि वर्ष 2027 में यूपी में बसपा की पूर्ण बहुमत की सरकार बनेगी। हम संविधान के खिलाफ किसी भी साजिश को कामयाब नहीं होने देंगे। मायावती ने बताया कि बसपा अब किसी भी पार्टी से गठबंधन नहीं करेगी। कांग्रेस सरकार में इमरजेंसी लगाकर बाबासाहेब के संविधान का अपमान किया गया। स्मारकों से होने वाली आमदनी को रखरखाव पर खर्च करने के मामले में योगी सरकार की तारीफ करते हुए कहा कि सपा सरकार में ये पैसा दबा लिया जाता था। मायावती ने पार्टी नेता व नेशनल कॉर्डिनेटर भतीजे आकाश आनंद की सराहना की।

## एक लाख का इनामी डकैत मुठभेड़ में ढेर

कार्यालय संवाददाता, बरेली



- बिथरी चैनपुर क्षेत्र में एक साल पहले हुई डकैती के मामले में था वांछित

**अमृत विचार :** बिथरी चैनपुर थाना क्षेत्र में हुई डकैती के मामले में वांछित एक लाख रुपये के इनामी कुख्यात डकैत इफ्तेकार उर्फ शैतान (37) को पुलिस ने नैनीताल हाईवे स्थित बिलवा कृषि फार्म के पास मुठभेड़ में ढेर कर दिया। उसका साथी मौके से भाग निकला।

मुठभेड़ में एसओजी का मुख्य आरक्षी भी जख्मी हो गया। मुठभेड़ में मारा गया बदमाश शैतान गाजियाबाद के टीला मोड थाना क्षेत्र के जगत भट्टा ग्राम भूपखेड़ी का रहने वाला था।

बिथरी चैनपुर थाना क्षेत्र के उदयपुर जसरथपुर गांव निवासी केसर खां के घर में घुसकर नकाबपोश बदमाशों ने नवंबर 2024 में हथियारों के दम पर परिवार के लोगों को बंधक बनाकर डकैती डाली थी। डकैत करीब 20 लाख रुपये के जेवर समेत अन्य सामान लूट ले गए थे। पुलिस ने 4 अक्टूबर को ग्राम कुआं डंडा नहर पटरी के पास मुठभेड़ में आदमपुर थाना भोजपुर मुरादाबाद निवासी आफताब उर्फ सैफ और सम्शीपुर थाना मदनापुर शाहजहांपुर के देवेंद्र को गिरफ्तार किया था। पुलिस को दोनों से पूछताछ में शैतान की जानकारी मिली थी।

## जानलेवा कफ सिरप का मामला सुप्रीम कोर्ट पहुंचा

नई दिल्ली, एजेंसी

- सीबीआई जांच, देशव्यापी दवा सुरक्षा समीक्षा संबंधी जनहित याचिका पर सुनवाई आज



शीर्ष कोर्ट मध्य प्रदेश और राजस्थान में कथित तौर पर मिलावटी कफ सिरप के सेवन से बच्चों की हुई मौत के मद्देनजर दवा सुरक्षा तंत्र में जांच और व्यवस्थागत सुधार के अनुरोध वाली एक जनहित याचिका पर शुक्रवार को सुनवाई के लिए सहमत हो गया है।

सीजेआई गवई, न्यायमूर्ति उज्ज्वल भुईया और न्यायमूर्ति के विनोद चंद्रन की पीठ ने जनहित याचिका दायर करने वाले और वकील विशाल तिवारी की इस दलील पर गौर किया कि याचिका पर सुनवाई की आवश्यकता है। पीठ 10 अक्टूबर को सुनवाई के लिए सहमत हो गई। याचिका में कोर्ट की निगरानी में जांच और सेवानिवृत्त न्यायाधीश की अध्यक्षता में एक राष्ट्रीय न्यायिक आयोग या विशेषज्ञ समिति के गठन का अनुरोध किया गया है।

### सिरप कंपनी का मालिक चेन्नई में गिरफ्तार

**चेन्नई।** तमिलनाडु स्थित श्रीसन फार्मा के मालिक को मिलावटी कफ सिरप मामले में मध्य प्रदेश पुलिस ने चेन्नई पुलिस की मदद से बुधवार देर रात को गिरफ्तार कर लिया। मध्य प्रदेश पुलिस और चेन्नई पुलिस की कई टीम ने कंपनी के मालिक रंगनाथन का पता लगाने और उसे पकड़ने के लिए अभियान शुरू किया था। पुलिस ने उसकी कांचीपुरम स्थित फैक्टरी से कुछ दस्तावेज भी जब्त किए। रिमांड हासिल करने के लिए कोर्ट में पेश किए जाने के बाद रंगनाथन को छिंदवाड़ा ले जाया जाएगा।

## हमले के प्रयास की घटना से हम स्तब्ध लेकिन अब यह विस्मृत अध्याय: गवई

नई दिल्ली, एजेंसी



- न्यायमूर्ति भुइयां ने कहा- यह घटना उच्चतम न्यायालय का अपमान उचित कार्रवाई होनी चाहिए

सीजेआई बीआर गवई ने गुरुवार को कहा कि वह व न्यायमूर्ति के विनोद चंद्रन उस समय स्तब्ध रह गए थे जब 6 अक्टूबर को एक वकील ने उन पर जूता फेंकने का प्रयास किया था, लेकिन अब यह मुद्दा एक विस्मृत अध्याय है।

यह घटना सोमवार को उस समय हुई थी, जब प्रधान न्यायाधीश के नेतृत्व वाली पीठ वकीलों द्वारा उल्लेख किए गए मामलों की सुनवाई कर रही थी। आरोपी 71 वर्षीय वकील राकेश किशोर ने अपना जूता निकाला और उसे न्यायाधीशों की ओर उछालने का प्रयास किया। इस कृत्य की चौतरफा निंदा हुई थी। प्रधान न्यायाधीश ने वनशक्ति मामले में फैसले की समीक्षा और संशोधन का अनुरोध करने संबंधी याचिकाओं की सुनवाई के दौरान यह टिप्पणी की। पीठ में शामिल न्यायमूर्ति उज्ज्वल भुइयां ने दोषी वकील के खिलाफ की गई कार्रवाई से असहमति जताई और कहा, इस पर मेरे अपने विचार हैं, वह प्रधान न्यायाधीश हैं, यह मजाक की बात नहीं है! कहा कि यह घटना कोर्ट का अपमान है, इस संबंध में उचित कार्रवाई की जानी चाहिए।

### वकील किशोर की सदस्यता समाप्त

**नई दिल्ली।** उच्चतम न्यायालय बार एसोसिएशन (एससीबीए) ने सीजेआई पर जूता फेंकने की कोशिश करने वाले वकील राकेश किशोर को गंभीर कदाचार का दोषी मानते हुए उसकी सदस्यता तत्काल प्रभाव से समाप्त कर दी है। एससीबीए ने कहा कि किशोर का निंदनीय, अव्यवस्थित और असंयमित व्यवहार न्यायिक स्वतंत्रता पर सीधा हमला और पेशेवर नैतिकता व शीर्ष कोर्ट की गरिमा का गंभीर उल्लंघन है।

चिंतनीय

### सूर्य की किरणों को धरती तक पहुंचने से रोक रहे प्रदूषण और मोटे बादल

## जमीन पर पड़ने वाली धूप में सालाना 13 .1 घंटे की कमी

संवाददाता, नैनीताल



दिल्ली में प्रदूषण में छिपा सूर्य। (फाइल फोटो)

**अमृत विचार:** विकास के नाम पर पर्यावरण से खिलवाड़ मुसीबत बनती जा रही है। जलवायु परिवर्तन के चलते बादलों में परिवर्तन होने लगा है और वायु प्रदूषण सूर्य की किरणों को धरती तक पहुंचने से रोकने लगा है। यह बदलाव न केवल स्वास्थ्य पर असर डाल रहा है, बल्कि कृषि को प्रभावित कर रहा है। जमीन पर पड़ने वाली धूप में सालाना 13.1 घंटे की कमी आ रही है।

तेजी से बढ़ते वायु प्रदूषण का दायरा भारत जैसे विकासशील देश के लिए घातक साबित हो रहा है। अब नए रिसर्च से पता चला है कि वायु प्रदूषण सूर्य की किरणों को धरती तक पहुंचने में बाधा पहुंचा रहा है। पिछले 30 साल के आंकड़े बताते हैं कि उत्तरी भारत में जमीन तक पहुंचने वाली धूप में हर साल 13.1 घंटे की कमी दर्ज की गई है, जबकि पश्चिमी भारतीय तटों तक 8.6 घंटे का सालाना अंतर दर्ज किया है। इसकी वजह तेजी से बढ़ता वायु प्रदूषण और बादलों का घनत्व मोटा होना बताया गया है। बादलों के मोटे होने का जिम्मेदार जलवायु परिवर्तन को ठहराया जा रहा है, जबकि वायु प्रदूषण में वृद्धि सर्वविदित है, जो ग्रीनहाउस गैसों में तेजी से वृद्धि है।

इधर, हिमालयन पर्वतीय क्षेत्रों के बादलों की ऊंचाई बढ़ने लगी है। ये पूर्व में जमीन से एक डेढ़ किमी की ऊंचाई तक रहा करते थे, जो तीन किमी तक पहुंचने लगे हैं जिसका वर्षा पर प्रभाव पड़ने लगा है, साथ ही बारिश का स्थान भी बदलने लगा है। ये ऐसे परिवर्तन हैं, जिसका बड़ा असर कृषि को प्रभावित कर रहा है। बीएचयू, इंडियन इंस्टीट्यूट ऑफ ट्रॉपिकल मेट्रोलॉजी पुणे और इंडिया मेटियोरोलॉजिकल डिपार्टमेंट के वैज्ञानिकों के शोध में बादलों की मोटाई और धूप की मात्रा के आई कमी आने के बारे में जानकारी मिल पाई है। नेचर की साइंटिफिक रिपोर्ट्स जर्नल में यह शोध प्रकाशित हुआ है।

### अधिक शोध की सख्त जरूरत

आर्यभट्ट प्रेक्षण विज्ञान शोध संस्थान (एरीज) नैनीताल के वरिष्ठ वायुमंडलीय वैज्ञानिक डॉ. नरेंद्र सिंह बताते हैं कि दुनिया का थर्ड पोल कहे जाने वाले हिमालय पर आ रहे बदलावों पर दुनिया के पर्यावरण वैज्ञानिकों की नजरें हैं और निरंतर शोध किए जा रहे हैं। हिमालय क्षेत्र में बादल अधिक ऊंचाई में पहुंचने लगे हैं। बादलों की मोटाई का बढ़ना भी गंभीर परिणाम दे सकते हैं लिहाजा इस दिशा में अधिक शोध की सख्त जरूरत है।


राजीव मांगलिक-वीरांगना मांगलिक
दिनेश शर्मा-ऊषा देवी
रोहित कुशालिया-रीना सिंह
HAPPY KARWA CHAUTH
डॉ. संदीप वर्मा-अंकिता
गायत्री होम्योपैथी
अभिनव कौशिक-मोहिनी शर्मा
भाजपा जिला महामंत्री
प्रीत कश्यप-नीलम कश्यप
शिव डिस्पोजल
गुरेन्द्र सिंह ढिल्लों-नीलम ढिल्लों
ब्लॉक प्रमुख अमरोहा
मेहुल-अकांक्षा
श्याम यादव-ललिता यादव
दीनदयाल नगर, मुरादाबाद
अभिषेक-सांची

# दुनिया में जौहर विवि का नाम रोशन करें विद्यार्थी

कार्यालय संवाददाता, रामपुर



जौहर विवि में छात्रा की बनाई कैलीग्राफी को देखते मोहम्मद आजम खां।

**अमृत विचार :** मोहम्मद अली जौहर विश्वविद्यालय में गुरुवार को विज्ञान संकाय में सांस्कृतिक कार्यक्रमों की धूम रही। विश्वविद्यालय के कुलाधिपति मोहम्मद आजम खां ने छात्र-छात्राओं से कहा कि ज्यादा से ज्यादा इल्म हासिल करके दुनिया में जौहर यूनिवर्सिटी का नाम रोशन करें।

कुलपति प्रो. जहीरुद्दीन ने कहा कि दुनिया में इल्म से बढ़कर कोई दौलत नहीं है। छात्राओं ने कैलीग्राफी और चित्र कुलाधिपति को दिखाए। विश्वविद्यालय के विज्ञान संकाय में आयोजित कार्यक्रम में छात्र-छात्राओं ने गीत, गजल, नजम पेश कर खूब तालियां बटोरीं। कार्यक्रम में विश्वविद्यालय के कुलाधिपति भी शामिल हुए। उन्होंने छात्र-छात्राओं से कहा कि खूब पढ़ो और ज्यादा से ज्यादा इल्म हासिल करो और विवि का नाम रोशन करो।

- विज्ञान संकाय में आयोजित कार्यक्रम में बोले कुलाधिपति मो. आजम खां

कुलपति ने कहा कि इल्म से बढ़कर दुनिया में कोई दूसरी दौलत नहीं है इसलिए इल्म हासिल कर लीजिए दुनिया की हर दौलत आपके कदमों में होगी। जूलॉजी संकाय की छात्रा समीरा ने कुलाधिपति को कैलीग्राफी का नमूना दिखाया। इसके अलावा अलीना ने अपने हाथों से बनाया हुआ चित्र दिखाया। इस मौके पर डॉ. स्वाति सिंह, डॉ. इरम, डॉ. गुलफ्शां, डॉ. फराह, डॉ. गुलरेज निजामी समेत छात्र-छात्राएं मौजूद रहे।

### मलेरिया के 65 केस, संवेदनशील क्षेत्रों में भी नहीं हो रही फॉगिंग

# चार और नए केस मिले, जिले में डेंगू के 12 मरीजों की पुष्टि

कार्यालय संवाददाता, मुरादाबाद

- जनपद में मच्छरजनित बीमारियां थमने का नाम नहीं ले रही
- दवाओं के छिड़काव की व्यवस्था धराशायी, लोगों में नाराजगी

**अमृत विचार :** जिले में मच्छरजनित बीमारियां थमने का नाम नहीं ले रही हैं। लगातार हालात बिगड़ते जा रहे हैं। गुरुवार को जिले में डेंगू के चार नए मरीजों की पुष्टि हुई है, जिसके बाद कुल आंकड़ा 12 तक पहुंच गया है। वहीं, मलेरिया के मामले भी तेजी से बढ़ रहे हैं। अब तक जिले भर में 65 मलेरिया मरीजों की पुष्टि हो चुकी है। बढ़ते मामलों के बीच संवेदनशील क्षेत्रों में फॉगिंग और एंटी-लार्वा दवाओं के छिड़काव की व्यवस्था पूरी तरह धराशायी है।

शहरी क्षेत्र के साथ ही कई ग्रामीण इलाकों में महीनों से फॉगिंग मशीनें नहीं पहुंचीं। इससे लोगों में बीमारी को लेकर भय और नाराजगी दोनों बढ़ रही हैं। जिला अस्पताल में भी स्थिति चिंताजनक है। ओपीडी में डेंगू और मलेरिया के संदिग्ध मरीजों की लंबी कतारें हैं। अधिकांश, मरीजों को तेज बुखार, बदन दर्द और कमजोरी की शिकायत है। वार्डों में बेड पूरी तरह भरे हुए हैं। चिकित्साधिकारियों का कहना है कि परिस्थितियों के अनुरूप सभी मरीजों को इलाज उपलब्ध कराया जा रहा है, लेकिन बेड की कमी और लगातार बढ़ती भीड़ से स्टाफ पर अतिरिक्त दबाव है। सीएमएस डॉ. राजेंद्र कुमार ने बताया पिछले कुछ दिनों में डेंगू और मलेरिया के मामलों में काफी वृद्धि हुई है। चूंकि बेडों की संख्या सीमित है, इसलिए गंभीर मरीजों को पहले भर्ती किया जा रहा है। बाकी के लिए अतिरिक्त व्यवस्था की जा रही है।

#### अनदेखी के कारण हर घर में मंडरा रहा खतरा

सबसे गंभीर स्थिति उन इलाकों की है जहां पहले से डेंगू और मलेरिया के केस मिल चुके हैं। नगर निगम और स्वास्थ्य विभाग की संयुक्त टीमों द्वारा फॉगिंग और सफाई कार्यों में लापरवाही की शिकायतें लगातार की जा रही हैं। जलजमाव वाले क्षेत्रों में कीटनाशक दवा का छिड़काव नहीं हो रहा, जिससे मच्छरों के प्रजनन की स्थिति तेजी से बढ़ी है। लोगों का कहना है कि प्रशासन की अनदेखी के कारण हर घर में बीमारी का खतरा मंडरा रहा है। लोग खुद ही घरों में नीम की पत्तियां जलाकर, स्प्रे और मच्छरदानी का उपयोग कर बचाव के प्रयास कर रहे हैं।

#### स्वास्थ्य विभाग ने की अपील

मुख्य चिकित्साधिकारी डॉ. कुलदीप सिंह का कहना है कि इन बीमारियों से बचाव का सबसे प्रभावी तरीका सजगता और साफ-सफाई है। यह हर नागरिक की जिम्मेदारी है कि वह मच्छरों को पनपने न दें। लोगों से अपील की है कि वे अपने घरों और आसपास पानी जमा न होने दें, बर्तनों और टंकियों को ढंककर रखें, और नियमित रूप से मच्छरदानी का उपयोग करें। अगर, किसी को तेज बुखार या प्लेटलेट्स घटने जैसे लक्षण महसूस हों तो तुरंत नजदीकी स्वास्थ्य केंद्र में जांच कराएं।

## न्यूज ब्रीफ

### सुबह 5 से 9:30 बजे तक गुल रहेगी बिजली

**मुरादाबाद, अमृत विचार :** गांधी नगर फीडर से संबंधित 11 केवी की लाइन का जर्जर तार बदलने का कार्य किया जाना है। जिससे शुक्रवार को विद्युत आपूर्ति सुबह 5 बजे से लेकर 9 :30 बजे तक बाधित रहेगी। गुरुवार को उपखंड अधिकारी तृतीय ने बताया कि जर्जर तार बदलने के कार्य में मोहल्ला गांधीनगर, हरपाल नगर क्षेत्र,जवाहर नगर साढ़े चार घंटे विद्युत आपूर्ति बाधित रहेगी।

### दो गुटों में मारपीट, महिला सहित चार लोग घायल

**ठाकुरद्वारा, अमृत विचार :** पुरानी मुकदमे बाजी को लेकर गाली गलौज के बाद दो गुटों में मारपीट के बाद पथराव हो गया। इस दौरान महिला सहित चार लोग घायल हो गए। कोतवाली क्षेत्र के गांव राजूपुर कला निवासी रामसरन व गांव के अर्जुन सिंह में लंबे समय से पुरानी मुकदमे बाजी चली आ रही है। गुरुवार को दोनों गुट की महिलाओं ने गाली गलौज शुरू कर दी। दोनों गुटों में मारपीट होने लगी। सूचना पर दोनों पक्ष के कई लोग पहुंच गए। विवाद बढ़ा तो पथराव शुरू हो गया। जिसमें सतीश कुमार पुत्र रामशरन, हरि राज पुत्र सतीश नीमा देवी दूसरे गुट की लक्ष्मी देवी पत्नी अर्जुन सिंह घायल हो गए । घायलों को उपचार के लिए सरकारी अस्पताल में भर्ती कराया। दोनों पक्षों ने एक दूसरे के विरुद्ध पुलिस को तहरीर देकर कानूनी कार्रवाई की मांग की ।

### आज से 25 अक्टूबर तक बंटेगा खाद्यान्न

**मुरादाबाद, अमृत विचार :** सार्वजनिक वितरण प्रणाली की सरकारी कोटे की दुकानों पर खाद्यान्न का नि :शुल्क वितरण 10 से 25 अक्टूबर तक किया जाएगा। जिला पूर्ति अधिकारी अजय प्रताप सिंह ने बताया कि खाद्यान्न का वितरण 10 से 25 अक्टूबर तक कराया जाएगा। अन्त्योदय लाभार्थियों को प्रति कार्ड 14 किलोग्राम गेंहू एवं 21 किलो चावल ( कुल 35 किलोग्राम) खाद्यान्न का मिलेगा। जबकि पात्र गृहस्थी लाभार्थियों को प्रति यूनिट 02 किलो गेंहू व 3 किलो चावल मिलेगा। पोर्टेबिलिटी ट्रान्जेक्शन की सुविधा उपलब्ध रहेगी।

# सरकार कर रही स्वदेशी उत्पादों को प्रोत्साहित

### माध्यमिक शिक्षा राज्य मंत्री गुलाब देवी ने किया यूपी ट्रेड शो के अंतर्गत स्वदेशी मेले का उद्घाटन

कार्यालय संवाददाता, मुरादाबाद



पंचायत भवन में लगी प्रदर्शनी में स्टॉलों का निरीक्षण करतीं मंत्री गुलाब देवी।

**अमृत विचार :** यूपी ट्रेड शो के अंतर्गत स्वदेशी मेला का पंचायत भवन परिसर में गुरुवार को माध्यमिक शिक्षा राज्य मंत्री (स्वतंत्र प्रभार) गुलाब देवी ने जिला पंचायत अध्यक्ष डॉ. शेफाली सिंह व अन्य अतिथियों के साथ उद्घाटन किया।

उन्होंने कहा कि वर्तमान में पाश्चात्य संस्कृति का अनुसरण करने की वजह से भारतीय सभ्यता के अनुरूप खानपान, परिधानों से आमजन दूर होते जा रहे हैं। घरों में विदेशी वस्तुओं की भरमार है जबकि देश में हर वस्तु को स्वदेशी रूप से विकसित करने की क्षमता है। त्योहारों में विदेशी वस्तुओं के स्थान पर स्वदेशी वस्तुओं का उपयोग करें और लोगों को भी प्रोत्साहित करें। प्रधानमंत्री व मुख्यमंत्री की मंशा के अनुरूप सभी लोग स्वदेशी अपनाएं तभी देश के हस्तशिल्पियों, कामगारों को मजबूती मिलेगी। 10 दिन के लिए लगे मेले में जन प्रतिनिधियों के साथ विभिन्न विभागों द्वारा लगाए 40 से अधिक स्टॉल का निरीक्षण कर उत्पादों को देखकर सराहना की। लोगों को खरीदारी के लिए प्रेरित किया। कार्यक्रम में कौशल्या इंटर कालेज की बालिकाओं ने सरस्वती वंदना प्रस्तुत की और प्रभा देवी इंटर कॉलेज की छात्राओं ने स्वागत गीत गाया।

- मंत्री व अन्य अतिथियों ने स्वदेशी मेले में स्टॉलों का किया निरीक्षण

जबकि आकांक्षा विद्यापीठ इंटर कॉलेज की छात्राओं ने मनमोहक प्रस्तुति दी। इस दौरान नगर विधायक रितेश गुप्ता, विधायक कुंदरकी रामवीर सिंह, एमएलसी डॉ. जयपाल सिंह व्यस्त, एमएलसी गोपाल अंजान, मंडलायुक्त आञ्जनेय कुमार सिंह, सीडीओ मृणाली अविनाश जोशी, भाजपा जिलाध्यक्ष आकाश पाल, महानगर अध्यक्ष गिरीश भंडूला, संयुक्त आयुक्त उद्योग योगेश कुमार आदि भी मौजूद रहे।

#### ज्यादा बिक्री करने वाले स्टॉल होंगे सम्मानित

मुख्य विकास अधिकारी ने स्वदेशी मेले में प्रतिभागियों को बधाई दी और कहा कि इस मेले में स्वयं सहायता समूहों की महिलाओं ने भी प्रतिभाग किया है। स्वदेशी मेले में सबसे ज्यादा बिक्री करने वाले स्टॉल को सम्मानित भी किया जाएगा। इस दौरान मुख्यमंत्री युवा उद्यमी विकास अभियान के अंतर्गत लाभार्थी रणजीत सिंह, मो. अजहर, आयुष, अजय पाल, रविंद्र पाल, दीक्षा और साद इंटरप्राइजेज को ऋण प्रदान किए गए।

# रोजगार महाकुंभ: यूएई व ओमान की कंपनियों में नौकरी का मौका

कार्यालय संवाददाता, मुरादाबाद

- गोरखपुर में दो दिवसीय रोजगार महाकुंभ 14 व 15 अक्टूबर को

**अमृत विचार :** मदन मोहन मालवीय प्रौद्योगिकी विवि गोरखपुर में 14 व 15 अक्टूबर को सुबह 10:00 बजे से श्रम एवं सेवायोजन विभाग द्वारा प्रदेश के युवाओं को देश-विदेश में रोजगार के अवसर उपलब्ध कराने के लिए रोजगार महाकुंभ का आयोजन किया जा रहा है। इसमें संयुक्त अरब अमीरात( यूएई) और ओमान की कंपनियों में चयन के अवसर मिलेंगे।

सहायक निदेशक सेवायोजन रत्नेश चन्द्र ने बताया कि इस रोजगार महाकुंभ में कुल 10655 पदों के सापेक्ष चयनित अभ्यर्थी को 24000 से 120769 रुपये तक वेतन मिलेगा। इनमें कंस्ट्रक्शन वर्कर, सुपरवाइजर रिगिंग, मोबाईल, पंप आपरेटर, ट्रांजिट मिक्सर ड्राइवर, बस चालक, शटरिंग कारपेंटर, हैवी ट्रक ड्राइवर और कंस्ट्रक्शन हेल्पर आदि जैसे पदों पर भर्ती की जाएगी। इच्छुक कुशल व अकुशल सभी वर्ग के अभ्यर्थी जिनके पास वैध पासपोर्ट होना आवश्यक अनिवार्य है।

मेले में सम्मिलित होने के लिये सेवायोजन विभाग की वेबसाइट पर पंजीकरण ऑनलाइन कर सकते है। अभ्यर्थी पंजीयन के बाद अपने पंजीकृत मोबाइल नंबर व पासवर्ड का प्रयोग कर विभिन्न कंपनियों द्वारा अपलोड रिक्तियों के विवरण के आधार पर ऑनलाइन आवेदन कर सकते है। यात्रा भत्ता देय नहीं होगा।

# सीट लॉकिंग: अब कल तक कर सकेंगे प्रक्रिया पूरी

कार्यालय संवाददाता, मुरादाबाद

- 13 से विवि व महाविद्यालयों में नया शैक्षणिक सत्र होगा प्रारंभ

**अमृत विचार :** स्नातक प्रवेश प्रक्रिया के अंतिम चरण सीट लॉकिंग को लेकर हिंदू महाविद्यालय में छात्रों की भीड़ देखने को मिली। विवि द्वारा दिए गए दो अतिरिक्त दिनों में हिंदू कॉलेज में लगभग 180 छात्र-छात्राओं ने सीट लॉक कराई।

गुरुवार को हिंदू कॉलेज के प्राचार्य सत्यव्रत सिंह रावत ने बताया कि प्रशासन के अनुसार, सीट लॉकिंग को लेकर छात्रों में उत्साह और चिंता दोनों ही देखी गई। बड़ी संख्या में ऐसे छात्र भी पहुंचे, जिन्होंने समय पर कॉलेज का विकल्प तो चुन लिया था, लेकिन तकनीकी कारणों, दस्तावेजों की कमी या अन्य समस्याओं के चलते सीट लॉक नहीं कर पाए थे। विवि प्रशासन ने छात्रों की सुविधा को ध्यान में रखते हुए सीट लॉकिंग की अंतिम तिथि अब 11 अक्टूबर 2025 तक बढ़ा दी है। कॉलेज प्रशासन ने बताया कि जो छात्र इस तिथि तक जो फीस तक जमा नहीं करा पाए हैं। उनका प्रवेश स्वतः निरस्त हो सकता है।इसलिए छात्रों से अपील की गई है कि वे अंतिम समय की भीड़ और तकनीकी समस्या से बचने के लिए जल्द से जल्द अपनी सीट लॉकिंग प्रक्रिया पूरी कर लें।विश्वविद्यालय ने यह भी स्पष्ट किया है कि 13 अक्टूबर से समस्त संबद्ध महाविद्यालयों एवं विश्वविद्यालय परिसर में स्नातक प्रथम वर्ष सहित सभी कक्षाओं का नया शैक्षणिक सत्र आरंभ कर दिया जाएगा। इसके लिए सभी महाविद्यालयों को दिशा-निर्देश जारी कर दिए गए हैं और शिक्षण कार्य प्रारंभ करने के लिए तैयारियां पूर्ण कर ली गई हैं।

# आतिशबाजी को अस्थायी दुकानों की नीलामी 14 को

**मुरादाबाद, अमृत विचार:** महानगर में दीवाली पर आतिशबाजी की बिक्री के लिए अस्थायी दुकानों की नीलामी 14 अक्टूबर को कलेक्ट्रेट सभागार में होगी।

प्रभारी अधिकारी आयुध विनय पांडेय ने बताया कि महानगर में दिवाली के पर्व पर आतिशबाजी की बिक्री के लिए अस्थाई दुकानें कुल 6 स्थानों पारकर इंटर कालेज का मैदान, राजकीय पॉलिटेक्निक कम्पाउण्ड कांठ रोड, मण्डी समिति आरएफसी गोदाम के सामने रिक्त मैदान, बुद्धि विहार में सर्किट हाउस के पीछे रिक्त मैदान उत्तरी, सर्किट हाउस के पीछे रिक्त मैदान दक्षिणी एवं ट्रांसपोर्ट नगर ग्राउंड निकट आरटीओ आफिस 18 से 20 अक्टूबर तक प्रतिदिन अस्थायी रुप से लगाया जाएगा। ठेके की नीलामी कलेक्ट्रेट परिसर में 14 अक्टूबर को दोपहर 1:30 बजे की जाएगी।

# युवक की पीटकर हत्या, ग्रामीणों ने लगाया जाम

कार्यालय संवाददाता, बिजनौर

- एक ढाबे पर खाने को लेकर विवाद, मृतक का चचेरा भाई गंभीर घायल



मृतक अभिषेक।

**अमृत विचार :** हल्दौर थाना क्षेत्र में बुधवार देर रात मामूली विवाद ने खूनी रूप ले लिया। एक ढाबे पर दो पक्षों में हुए झगड़े में 20 वर्षीय युवक की मौत हो गई, जबकि उसका चचेरा भाई गंभीर रूप से घायल हो गया। कार्रवाई की मांग को लेकर ग्रामीणों ने सड़क पर जाम लगा दिया। अधिकारियों के आश्वासन के बाद जाम खोला।

बिजनौर के हल्दौर क्षेत्र में वाजिदपुर निवासी अभिषेक चौधरी उर्फ़ सन्नी पुत्र सुखबीर सिंह अपने चचेरे भाई हिमांशु व शिवम के साथ बुधवार रात खतापुर के पास ढाबे पर खाना खाने गया था। हिमांशु भारतीय सेना में बबीना (मध्य प्रदेश) में तैनात है और छुट्टी पर आया है। खाना खाने के दौरान उनका ढाबा संचालक विक्की कुमार से विवाद हो गया। देखते ही देखते विवाद बढ़ गया। ढाबा संचालक पक्ष ने लाठी-डंडों से हमला कर दिया। हमले में अभिषेक, हिमांशु और शिवम गंभीर रूप से घायल हो गया। उन्हें अस्पताल लाया गया । हालत गंभीर होने पर अभिषेक को मेरठ रेफर कर दिया गया। रास्ते में उसकी मौत हो गई। हिमांशु की हालत गंभीर बताई जा रही है।

घटना के बाद आक्रोश फैल गया। गुरुवार सुबह मृतक के परिजनों और ग्रामीणों ने बाल किशनपुर चौराहे पर शव रखकर मुरादाबाद रोड पर जाम लगा दिया। जाम के कारण दोनों ओर वाहनों की लंबी कतार लग गईं और यातायात ठप हो गया। ग्रामीणों ने आरोपियों की तत्काल गिरफ्तारी और कड़ी कार्रवाई की मांग की। ग्रामीणों का आरोप है कि ढाबा संचालक अक्सर मारपीट करता रहता था और पुलिस पीआरवी उसकी सहायता करती थी। एसपी सिटी डॉ. कृष्ण गोपाल सिंह, सीओ गौतम राय तथा भारी पुलिस बल मौके पर पहुंचा। अधिकारियों ने आक्रोशित ग्रामीणों को समझाकर जाम खुलवाया। इसके बाद शव को पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया। पुलिस ने बताया कि आरोपियों की गिरफ्तारी के प्रयास जारी हैं।



कार्रवाई की मांग को लेकर सड़क पर जाम लगाकर बैठीं महिलाएं। ● अमृत विचार

# सिलाई कारोबारी से 1.08 करोड़ रुपये की ठगी

संवाददाता, टांडा

- अपहरण कर पिस्टल दिखाकर 7 लाख वसूले, रिपोर्ट दर्ज

**अमृत विचार :** मुंबई में रहने वाले सिलाई कारोबारी से प्रॉपर्टी के नाम पर 1 करोड़ 80 लाख रुपये की धोखाधड़ी की गई है। आरोपियों ने पीड़ित का अपहरण कर पिस्टल दिखाकर 7 लाख रुपये वसूल लिए और मासिक 5 लाख रुपये की उगाही की धमकी दी। पुलिस ने तीन पर रिपोर्ट दर्ज कर ली है।

पीड़ित अरमान निवासी ग्राम मुकरमपुर थाना स्वार वर्तमान में मुंबई में परिवार के साथ रहकर सिलाई का कारखाना चला रहे हैं। उसने पुलिस को तहरीर देकर बताया कि दो साल पहले उसके फुफेरे भाई के जरिए उसका परिचय दानिश निवासी टांडा से हुआ था। दानिश ने खुद को प्रॉपर्टी डीलर बताते हुए निवेश का लालच दिया। कहा कि अच्छा मुनाफा होगा, विश्वास में आकर अरमान ने अपनी सात दुकानों को 1 करोड़ 40 लाख रुपये में अलग-अलग लोगों को बेच दिया। पूरी रकम दानिश को सौंप दी। दानिश ने दो और लोगों को प्रॉपर्टी पार्टनर बताया। बाद में बहाने से थोड़े-थोड़े कर और लाखों रुपये ले लिए। मुंबई से लौटे अरमान ने जब हिसाब मांगा तो तीनों आरोपी बहाना बनाने लगे। दानिश पर पूर्व में कई मुकदमे होने की जानकारी हुई, जब पीड़ित अरमान ने रकम वापिस मांगी तो तीनों ने इंकार कर दिया। आरोप है कि गाली-गलौज के साथ जान से मारने की धमकी दी। अरमान जब स्वार स्थित दानिश के पेट्रोल पंप पर पैसे मांगने पहुंचा तो तीनों ने उन्हें घेर लिया और गाली-गलौज के बाद मारपीट की। अरमान के कनपटी पर तमंचा लगाकर दोबारा रुपयों की मांग की तो उसका भाई मुशर्रफ 7 लाख जुटाकर पहुंचा और रकम ले ली। तब अरमान को चेतावनी देकर छोड़ा गया। तहरीर के आधार पर स्वार थाना पुलिस ने तीनों आरोपी दानिश, अब्दुल, फहीम उर्फ समर के खिलाफ मामला दर्ज कर लिया है।

### बाइक असंतुलित होकर सड़क पर गिरी, महिला घायल

**ठाकुरद्वारा, अमृत विचार :** थाना डिलारी क्षेत्र के गांव अदलपुर सलारपुर निवासी नन्हे सिंह गुरुवार को पत्नी जयमाला व 4 वर्षीय पौत्र को ठाकुरद्वारा से दवाई दिला कर बाइक से घर लौट रहे थे। ठाकुरद्वारा डिलारी मार्ग पर स्थित अब्दुल्लापुर लेदा के निकट बाइक असंतुलित होकर सड़क पर गिर गई। पीछे बैठी जयमाला सड़क पर गिरकर गंभीर रूप से घायल हो गई । सूचना पर पहुंची पीआरबी पुलिस ने गंभीर घायल अवस्था में महिला को उपचार सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र ठाकुरद्वारा में भर्ती कराया। बालक सही सलामत है।

# सनेह्वल-अमृतसर रेलखंड में ब्लॉक से कई ट्रेनें रहेंगी प्रभावित

**मुरादाबाद, अमृत विचार:** फिरोजपुर मंडल के सनेह्वल-अमृतसर रेलखंड में जलंधर-चिहेडू स्टेशनों के बीच 14 अक्टूबर को ट्रैफिक एवं पावर ब्लॉक लिया जाएगा। इसके चलते मुरादाबाद रेल मंडल से गुजरने वाली कई ट्रेनों का संचालन प्रभावित रहेगा। रेलवे ने यात्रियों की सुविधा के लिए गाड़ियों के समय में आंशिक परिवर्तन किया है।

वरिष्ठ मंडल वाणिज्य प्रबंधक आदित्य गुप्ता ने बताया कि निम्नलिखित ट्रेनें ब्लॉक के दौरान नियंत्रित अथवा विलंबित रहेंगी। ट्रेन संख्या-14617 पूर्णिया कोर्ट-अमृतसर जनसेवा 13 अक्टूबर को अंबाला मंडल व फिरोजपुर मंडल में 30 मिनट नियंत्रित कर चलाई जाएगी।

ट्रेन संख्या-14673 जयनगर-अमृतसर शहीद 13 को अंबाला व फिरोजपुर मंडल में 30 मिनट नियंत्रित रहेगी। 22446 अमृतसर-कानपुर सेंट्रल सुपरफास्ट 14 को अमृतसर स्टेशन से 30 मिनट विलंब से चलेगी तथा 30 मिनट नियंत्रित रहेगी। ट्रेन संख्या-14674 अमृतसर-जयनगर शहीद एक्सप्रेस-14 अक्टूबर को अमृतसर स्टेशन से 30 मिनट विलंब से चलेगी और रास्ते में 40 मिनट तक नियंत्रित रहेगी। सीनियर डीसीएम ने यात्रियों से अनुरोध किया है कि यात्रा से पूर्व संबंधित ट्रेनों के समय की पुष्टि कर लें, ताकि असुविधा से बचा जा सके।

# मनरेगा में गड़बड़ी के आरोप 37 पंचायतें जांच के घेरे में

कार्यालय संवाददाता, मुरादाबाद

- डीपीआरओ और लेखा परीक्षा अधिकारी ने मांगा खर्च का ब्योरा
- एसएनए स्पर्श सिस्टम की भी दी जानकारी

**अमृत विचार :** मनरेगा के अंतर्गत आवंटित धनराशि के गलत इस्तेमाल और अपहरण के आरोपों के चलते जनपद की 37 ग्राम पंचायतों की मुश्किलें बढ़ गई हैं। विकास भवन सभागार में इस संबंध में एक महत्वपूर्ण बैठक आयोजित की गई, जिसमें जिला पंचायत राज अधिकारी और जिला लेखा परीक्षा अधिकारी ने संयुक्त रूप से भाग लिया।

गुरुवार को विकास भवन मे मनरेगा की धनराशि को लेकर हुई बैठक में उन 37 ग्राम पंचायतों के सचिवों, ग्राम प्रधानों और एडीओ पंचायतों को तलब किया गया, जिन पर मनरेगा की धनराशि खर्च न करने अथवा उसका हिसाब न देने के गंभीर आरोप हैं। डीपीआरओ ने स्पष्ट शब्दों में निर्देश दिए कि सभी संबंधित पंचायतें मनरेगा मद में खर्च की गई धनराशि से जुड़े बिल-वाउचर और दस्तावेज शीघ्र उपलब्ध कराएं।

डीपीआरओ आलोक कुमार शर्मा ने बताया कि जिले की 56 ग्राम पंचायतों में से 37 ने अब तक खर्च का विवरण नहीं दिया है, जो नियमों के विरुद्ध है। यदि संबंधित अधिकारी और प्रधान समय पर जवाब नहीं देते हैं, तो कड़ी विभागीय कार्रवाई की जाएगी। लेखा परीक्षा अधिकारी ने लगाए धनराशि गबन के आरोप बैठक में उपस्थित जिला लेखा परीक्षा अधिकारी ने इन ग्राम पंचायतों पर मनरेगा की धनराशि के गबन (अपहरण) का आरोप लगाते हुए कहा कि यह एक गंभीर मामला है और इसकी विस्तृत जांच की जा रही है। यदि जांच में आरोप सही पाए गए तो आपराधिक कार्रवाई भी हो सकती है।

बैठक में पंचायती राज निदेशालय, लखनऊ से आए डिप्टी डायरेक्टर मनीष कुमार ने पंचायती राज विभाग में लागू एसएनए-स्पर्श (एकल नोडल एजेंसी -समग्र पारदर्शिता के लिए स्मार्ट पंचायत लेखा और रिपोर्टिंग प्रणाली )सिस्टम के बारे में विस्तार से जानकारी दी।

उन्होंने बताया कि यह प्रणाली वित्तीय लेनदेन को डिजिटल और पारदर्शी बनाने के लिए लागू की गई है। वर्तमान में यह प्रणाली जिले की 37 ग्राम पंचायतों में लागू की जा चुकी है।

# ट्रांसपोर्ट अदा करेगा लापता सामान की कीमत, जुर्माना

**बहजोई, अमृत विचार :** दवा विक्रेता द्वारा ट्रांसपोर्ट पर दिया गया सामान गुम हो गया। उपभोक्ता आयोग ने ट्रांसपोर्ट संचालक को सामान की कीमत देने के आदेश दिए हैं। वहीं 25 हजार जुर्माना भी लगाया है।

बहजोई निवासी शिवम् वार्ष्णेय मेडिकल स्टोर चलाते हैं। उन्हें मुरादाबाद से कुछ दवाएं सितंबर 2024 में जय देश ट्रांसपोर्ट से मंगाई थी जो बहजोई के ट्रांसपोर्ट से मिलनी थीं। दवाइयां नहीं मिलीं तो दोनों ट्रांसपोर्ट पर संपर्क किया। दोनों एक-दूसरे पर टाल मटोल करने लगे। बाद में पता चला कि दो नगों में से एक नग गुम हो गया और ट्रांसपोर्ट वाले एक ही नग की बात कह कर पल्ला झाड़ने लगे। अधिवक्ता लवमोहन वार्ष्णेय की ओर से एक परिवाद जिला उपभोक्ता आयोग में दाखिल किया गया। आयोग ने दोनों पक्षों की बहस को सुना और आदेश दिया कि विपक्षी जयदेश ट्रांसपोर्ट एण्ड फावडिंग ऐजेंसी मुरादाबाद शिवम् वार्ष्णेय को दवाओं की कुल कीमत महालिंग 29290 रुपए उस पर परिवाद की तिथि से 7 प्रतिशत वार्षिक ब्याज सहित दो माह में अदा करे। इसके अलावा 20 हजार रुपए मानसिक कष्ट एवं आर्थिक हानि के मद में तथा पांच हजार रुपए वाद व्यय के अदा करें।

# पंचायत भवन व अंत्येष्टि स्थल के निर्माण में जिले को पहला स्थान सीएम डेशबोर्ड से मिली सराहना

कार्यालय संवाददाता, मुरादाबाद

- पंचायत गेटवे तकनीक में मुरादाबाद प्रदेश में प्रथम
- अधिकारियों ने सचिवों, प्रधानों व सहायकों का उत्साह बढ़ाया

**अमृत विचार :** प्रदेश में पंचायत गेटवे की नई तकनीक पर कार्य करने में मुरादाबाद ने नया कीर्तिमान स्थापित किया है। पंचायत राज विभाग द्वारा संचालित इस योजना में मुरादाबाद जिले ने उत्तर प्रदेश में प्रथम स्थान प्राप्त किया है। साथ ही पंचायत भवनों और अंत्येष्टि स्थलों के निर्माण में भी जिले ने प्रदेश में पहला स्थान हासिल कर एक और उपलब्धि अपने नाम की है। वहीं एटा जिला इस सूची में सबसे नीचे रहा।

गुरुवार को जिला पंचायत राज अधिकारी आलोक कुमार शर्मा ने जानकारी देते हुए बताया कि ग्राम पंचायतों में विकास कार्यों में पारदर्शिता लाने और पंचायत निधि का सही उपयोग सुनिश्चित करने के उद्देश्य से प्रदेश सरकार ने पंचायत गेटवे तकनीक के तहत फेस रिकग्निशन सिस्टम लागू किया है।

इस प्रणाली के अंतर्गत ग्राम पंचायत सचिव, ग्राम प्रधान और पंचायत सहायक को किसी भी विकास कार्य की फीडिंग और व्यय विवरण दर्ज करने से पूर्व अपने चेहरे की पहचान के माध्यम से लॉग इन करना अनिवार्य किया गया है। मुरादाबाद जिले की 643 ग्राम पंचायतों में इस तकनीक को सफलतापूर्वक लागू किया गया है। इसके साथ ही पंचायत भवन और अंत्येष्टि स्थल निर्माण कार्यों में भी जिले ने उत्कृष्ट प्रदर्शन किया है। रैंकिंग के अनुसार मुरादाबाद प्रथम स्थान, बदायूं दूसरे, गाजियाबाद तीसरे, प्रतापगढ़ चौथे और अंबेडकर नगर पांचवें स्थान पर रहे।

वहीं एटा जिले की स्थिति सबसे खराब रही। इस उपलब्धि के लिए मुरादाबाद जिले के उप निदेशक पंचायत राज अभय कुमार और डीपीआरओ आलोक कुमार शर्मा की सीएम डैशबोर्ड की वर्चुअल बैठक में विशेष रूप से सराहना की गई। दोनों अधिकारियों ने जिले के ग्राम पंचायत सचिवों, ग्राम प्रधानों और पंचायत सहायकों का उत्साहवर्धन करते हुए उनके योगदान की सराहना की।

# करवाचौथ: देर रात तक गुलजार रहे बाजार

## नहीं दिखा महंगाई का असर, महिलाओं ने रचाई मेहंदी, पूजा व श्रृंगार सामग्री की हुई खरीदारी

कार्यालय संवाददाता, मुरादाबाद


करवा चौथ की पूर्व संध्या पर चूड़ी पसंद करतीं महिलाएं। ● अमृत विचार


मेंहदी लगवातीं महिलाएं। ● अमृत विचार

**अमृत विचार :** पति की लंबी आयु के लिए शुक्रवार को सुहागिनें करवा चौथ का व्रत रखेंगी। इसके लिए गुरुवार को महानगर के बाजार देर रात तक गुलजार रहे। बाजार में महिलाओं ने जमकर खरीदारी की। महंगाई का असर छूमंतर रहा। महिलाओं ने व्रत से जुड़े सामान की खरीदारी की। साथ ही पिया को रिझाने के लिए महिलाओं ने हाथ में मेहंदी रचाई और खूबसूरत लहंगे, लांचे और साड़ियां खरीदीं। पूजा में इस्तेमाल होने वाले सामान के साथ श्रृंगार के लिए चूड़ियों व अन्य सौंदर्य प्रसाधनों की जमकर बिक्री से दुकानदारों के चेहरे खिल गए।

गुरुवार को गंज बाजार, गुरहट्टी, मंडी चौक, कटरा, टाउनहॉल, चौमुखापुल, मकबरा, हरथला में महिलाओं की भीड़ रही। बाजार में कपड़े, आभूषण मिठाइयों और कॉस्मेटिक का कारोबार करने वाले दुकानदार भी सुबह से लेकर देर रात तक व्यस्त रहे। पर्व की तैयारी में जुटी सुहागिनों ने अपने साज- श्रृंगार के लिए महानगर के विभिन्न ब्यूटी पार्लरों का रुख किया तो कुछ अपने परिधान को लेकर दुकान दर दुकान भटक कर पसंद करती रहीं। महिलाओं की भीड़ के कारण बाजारों में दिन भर जाम की सी स्थिति बनी रही। दुकान पर बड़ी संख्या में आने वाले ग्राहकों के कारण दुकानदार उत्साहित रहे।

### क्या बोली महिलाएं

नैना सक्सेना का कहना था कि शादी होने के बाद वह अपना तीसरा करवाचौथ मना रही हैं। ऐसे में वह किसी भी तरह से कोई कमी नहीं छोड़ना चाहती हैं। मेहंदी लगाने वालों ने आम दिनों से दो गुना रेट बढ़ा दिया है लेकिन पर्व तो मनाना ही है। सीमा गुप्ता ने बताया कि यह ऐसा पर्व है जिसके लिए महिलाएं पंद्रह दिनों से तैयारी करती हैं। उनका प्रयास होता है कि इस दिन जो भी वह पहने वह सबसे अलग हो।

### दोगुनी दरों पर भी दिखा मेहंदी का क्रेज

करवाचौथ के लिए सबसे अधिक भीड़ मेहंदी लगाने वालों के पास दिखी। बाजार में महिलाएं मेहंदी लगवाने के लिए घंटों इंतजार करती रहीं। मेहंदी लगाने वालों ने भी मौके को देख दरें दोगुना तक बढ़ाई। महिलाओं के एक हाथ पर मेहंदी रचाने के लिए 400 रुपये और फुल मेहंदी के 1500 रुपये तक लिए। बावजूद इसके महिलाओं की लंबी कतारें दिनभर लगी रहीं।


मेंहदी लगवाती महिला।

# दीवाली से पूर्व जीएसटी सुधार जनता को उपहार

**मुरादाबाद, अमृत विचार :** भाजपा महानगर इकाई की ओर से गुरुवार को दिल्ली रोड स्थित रही एक होटल में नेक्स्ट जेनरेशन जीएसटी अभियान के तहत विशेष विधानसभा सम्मेलन आयोजित किया गया। इसमें व्यापारियों और जनप्रतिनिधियों के बीच जीएसटी को लेकर चर्चा हुई। मुख्य वक्ता नेक्स्ट जेनरेशन जीएसटी अभियान के क्षेत्रीय संयोजक मनोज गुप्ता रहे।

उन्होंने कहा कि जीएसटी के माध्यम से न केवल कर संरचना सरल हुई है, बल्कि व्यापार करने में आसानी हुई है। विधायक रितेश गुप्ता ने कहा कि जनता के बीच जाकर जीएसटी सुधारों के लाभ समझ रहे हैं। दीवाली से पूर्व यह सुधार देशवासियों के लिए एक उपहार है।

इस दौरान दीपक बाबू, भाजपा महानगर अध्यक्ष गिरीश भंडूला, महानगर उपाध्यक्ष, सह संयोजक विशाल त्यागी, डॉ. केके मिश्रा, धर्मेंद्र नाथ मिश्रा, सहसंयोजक हरीश भसीन, शरद चतुर्वेदी, दिनेश शीर्षवाल, सुनीता शर्मा, अजय वर्मा, निमित जायसवाल, कमल गुलाटी, नत्थूराम कश्यप, गो सेवा आयोग के सदस्य दीपक गोयल आदि उपस्थित रहे।

# बच्चों ने अपशिष्ट पदार्थों से उपयोगी वस्तुएं बनाना सीखा


भ्रमण के दौरान संविधान साहित्य वाटिका देखते छात्र-छात्राएं। ● अमृत विचार

कार्यालय संवाददाता, मुरादाबाद

● गौतम बुद्ध अपशिष्ट शिक्षा केंद्र संविधान साहित्य वाटिका का भ्रमण कर ली जानकारी

**अमृत विचार :** नगर निगम द्वारा विकसित गौतम बुद्ध अपशिष्ट शिक्षा केंद्र और संविधान साहित्य वाटिका का गुरुवार को जवाहर नवोदय विद्यालय गांव कालेवाला के छात्र-छात्राओं ने भ्रमण किया। उन्होंने इसे शिक्षा, पर्यावरण और सवैधानिक मूल्यों का अनूठा संगम बताया।

नगर निगम की टीम ने विद्यार्थियों को अपशिष्ट प्रबंधन, कचरे से संसाधन, कचरा पृथक्करण की प्रक्रिया, रीयूज, रिसाइकिल के महत्व की जानकारी दी। गौतम बुद्ध अपशिष्ट शिक्षा केंद्र में विद्यार्थियों ने देखा कि कैसे फेंके गए अपशिष्ट पदार्थों से उपयोगी वस्तुए तैयार की जा सकती है। वहीं सविधान साहित्य वाटिका में भारतीय संविधान से जुड़े महत्वपूर्ण अनुच्छेदों, अधिकारों, कर्तव्यों एवं महापुरुषों के प्रेरक विचारों को पढ़कर नई ऊर्जा प्राप्त की। अंबर शांति अध्ययन कक्ष में महापुरुषों व महिला शक्ति द्वारा राष्ट्र निर्माण में दिए गए योगदानों पर आधारित पुस्तकों का अध्ययन किया। अपर नगर आयुक्त अजीत कुमार सिंह ने बताया कि इन स्थलों के भ्रमण से छात्रों को ज्ञान के साथ ही अपने देश के संविधान व उसके निर्माण व मूल्यों के प्रति जानकारी मिल रही है।

## न्यूज ब्रीफ

### जच्चा-बच्चा अस्पताल पर छापा, सील किया

**कांठ, अमृत विचार :** क्षेत्र के एक ग्रामीण ने मुख्य चिकित्साधिकारी से शिफा हेल्थ केयर जच्चा बच्चा केंद्र के बिना पंजीकरण संचालन की शिकायत की थी। गुरुवार को उनके निर्देश पर चिकित्सा अधीक्षक सीएचसी कांठ डॉ राजीव सिंह टीम ने छापा मारा। मौके पर पंजीकरण एवं अन्य जरूरी दस्तावेज उपलब्ध नहीं मिले। जिसके बाद अस्पताल सील कर दिया है।

### किशोरी को बंधक बना छेड़छाड़ का आरोप

**कुंदरकी, अमृत विचार :** 10 वर्षीया किशोरी की मां ने पुलिस को दी तहरीर में आरोप लगाया कि बुधवार को जब वह और उसका पति घर पर नहीं थे तब उसकी पुत्री पड़ोस की दुकान पर सौदा लेने गई थी। दुकानदार ने जबरदस्ती उसे दुकान के अंदर खींच लिया और गंदी हरकतें करने लगा। उसके हाथ बांधकर कपड़े उतारने का प्रयास किया। विरोध करने पर जान से मारने की धमकी दी। किशोरी के द्वारा शोर मचाने पर आसपास के लोग जमा हो गए तो उल्टा उसकी पुत्री पर ही चोरी करने का इल्जाम लगा दिया। पुलिस जांच पड़ताल कर रही है।

### कांशीराम का परिनिर्वाण दिवस मनाया

**मुरादाबाद, अमृत विचार :** समाजवादी पार्टी के महानगर कार्यालय पर गुरुवार को कांशीराम का परिनिर्वाण दिवस मनाया गया। उनके योगदान पर चर्चा की गई। कार्यक्रम की अध्यक्षता महानगर अध्यक्ष इक़बाल हुसैन अंसारी व संचालन महानगर महासचिव गजेंद्र सिंह यादव ने किया। इस दौरान सलीम वारसी महानगर उपाध्यक्ष, लालू परवेज़,अमित शर्मा महानगर उपाध्यक्ष, पूर्व पार्षद शाकिर, आशीष चन्द्रा, शाद सिद्दीकी, नाजिर अंसारी महानगर सचिव, राशिद अंसारी महानगर अध्यक्ष मज़दूर सभा आदि मौजूद रहे।

# सपाइयों ने पुण्यतिथि पर कांशीराम को दी श्रद्धांजलि, बसपा-भाजपा पर साधा निशाना

कार्यालय संवाददाता, मुरादाबाद


कांशीराम की पुण्य तिथि पर उनके चित्र पर माल्यार्पण करते पदाधिकारी व कार्यककर्ता।

**अमृत विचार :** बहुजन आंदोलन के जनक कांशीराम की पुण्यतिथि पर समाजवादी पार्टी द्वारा जिला पार्टी कार्यालय पर श्रद्धांजलि सभा की गई। पार्टी पदाधिकारियों व कार्यकर्ताओं ने कांशीराम के चित्र पर पुष्प अर्पित कर उन्हें श्रद्धांजलि दी और उनके सामाजिक न्याय के संघर्षों को याद किया। सभा की अध्यक्षता जिलाध्यक्ष जयवीर सिंह यादव ने की।

गुरुवार को समाजवादी के कार्यालय पर बसपा संस्थापक कांशीराम की पुण्यतिथि पर सपा के जिलाध्यक्ष ने कहा कि समाज में जब भेदभाव जाति के आधार पर होता है, तो आरक्षण भी जाति के आधार पर ही होना चाहिए। पीडीए (पिछड़ा, दलित, अल्पसंख्यक) वर्ग आर्थिक आधार पर आरक्षण को कभी स्वीकार नहीं करेगा। उन्होंने भाजपा के खिलाफ एकजुट होने का आह्वान करते हुए कहा कि आज सपा कांशीराम के विचारों और सिद्धांतों पर चल रही है। सपा जिला महासचिव फुरकान अली ने कहा कि उन्होंने वंचित वर्गों को राजनीतिक ताकत दी। जिला उपाध्यक्ष वेद प्रकाश सैनी ने कहा कि कांशीराम दबे-कुचले वर्गों की आवाज थे। उन्होंने बसपा पर भाजपा से मिलीभगत का आरोप लगाया।

इस दौरान लाखन सिंह सैनी, आसकार पाशा, वसीम कुरैशी, विजयवीर सिंह यादव, संजीव चौधरी, मो. तकी, अमरजीत सिंह, जिगरी मलिक, मनीष जाटव, जय कुमार प्रजापति, तुषार रस्तोगी, दिव्यांशु सागर, प्रवीन सैनी, जुनैद अशरफी, तालिब अंसारी, एम. पी. सिंह, सतेंद्र सिंह, हिमांशु सैनी, कायमुद्दीन सैफी, राजीव यादव, मुकेश यादव, जाकिर अली, मो. इल्यास, मनोज चौधरी, करीम खान, मो. महमूद, नईम अंसारी, वसीम अंसारी, ऋषिपाल सिंह सहित अनेक कार्यकर्ता मौजूद रहे।

# बास्केटबॉल में आरएसडी, खो-खो में स्टेडियम विजेता

कार्यालय संवाददाता, मुरादाबाद


खेल प्रतियोगिता में आरएसडी स्कूल की बास्केटबॉल विजेता टीम। ● अमृत विचार

● पंडित दीनदयाल उपाध्याय जन्म शताब्दी वर्ष के उपलक्ष्य में आयोजित हुईं खेल प्रतियोगिताएं

**अमृत विचार :** नेताजी सुभाषचंद्र बोस स्पोर्ट्स स्टेडियम में पंडित दीनदयाल उपाध्याय जन्म शताब्दी वर्ष के उपलक्ष्य में गुरुवार को बास्केटबॉल, बैडमिंटन और खो-खो प्रतियोगिता हुई। बॉस्केटबॉल प्रतियोगिता का फाइनल मैच में आरएसडी और सोनकपुर स्पोर्ट्स स्टेडियम के बीच खेला गया। आरएसडी की टीम ने स्टेडियम की टीम को 46-36 से हराकर मुकाबला जीत लिया।

बैडमिंटन प्रतियोगिता के जूनियर बालक के एकल वर्ग में चैतन्य पाल ने ईशांक अरोरा को 21-16 से हराया। वहीं, युगल वर्ग में यश चौहान और अर्पित सैनी की जोड़ी ने शिवम शर्मा और सक्षम वर्मा की जोड़ी को 21-18 से हराया। बालिका एकल वर्ग में श्रेया सिंह ने आरध्या शुक्ला को 21-15 से हराकर अपनी जीत दर्ज की। युगल वर्ग में अनन्या और भूमि यादव की जोड़ी ने आरना गुप्ता और नव्या की जोड़ी को 21-12 से पराजित किया। उधर, खो-खो प्रतियोगिता के जूनियर बालक वर्ग में पहला सेमीफाइनल मैच ग्रीन मीडोज स्कूल रेनबो पब्लिक स्कूल के बीच हुआ। ग्रीन मीडोज ने 7-6 के स्कोर से मुकाबला जीत लिया। दूसरा सेमीफाइनल मैच सोनकपुर स्पोर्ट्स स्टेडियम और एमबीडी क्लब के बीच खेला गया। मुकाबले में स्टेडियम की टीम ने 6-5 विजयी रही। फाइनल में सोनकपुर स्पोर्ट्स स्टेडियम और ग्रीन मीडोज के बीच भिडंत हुई। इस मुकाबले में स्टेडियम की टीम ने 10-9 से मैच जीत लिया। क्रीड़ाधिकारी सुनील कुमार सिंह ने बताया कि विजेता खिलाड़ियों व टीमों को पुरस्कार 16 अक्टूबर को वितरित किए जाएंगे। इस मौके पर जिला बास्केटबॉल संघ के सचिव फिरोज खान, बैडमिंटन कोच मोहम्मद आसिफ सिद्दकी, कोच धीरज कुमार, अजय पाठक, गोविंद कुमार यादव, नेहा सिंह, राम कृपाल, अंकित अग्रवाल, नरेश पाल सिंह आदि मौजूद रहे।

### जिला स्तरीय बास्केटबॉल ट्रायल में मंडल के लिए 11 खिलाड़ियों का चयन

स्पोर्ट्स स्टेडियम में जिला स्तरीय बास्केटबॉल ट्रायल का आयोजन किया गया, जिसमें जिले भर से 20 खिलाड़ियों ने हिस्सा लिया। खिलाड़ियों ने अपने प्रदर्शन से चयनकर्ताओं का ध्यान आकर्षित किया। गहन प्रतिस्पर्धा और उत्कृष्ट खेल भावना के बाद 11 खिलाड़ियों का चयन आगामी मंडल स्तरीय ट्रायल के लिए किया गया। मंडल स्तरीय ट्रायल का आयोजन 11 अक्टूबर को किया जाएगा, जिसमें चयनित खिलाड़ी अपनी प्रतिभा का प्रदर्शन करेंगे। जिन खिलाड़ियों का प्रदर्शन मंडल स्तर पर शानदार रहेगा, उन्हें प्रयागराज में 12 से 15 अक्टूबर तक होने वाली राज्य स्तरीय प्रतियोगिता में जिले का प्रतिनिधित्व करने का अवसर मिलेगा।

# परिवहन विभाग में हंगामा, असलहा लहरा कर दी धमकी

**मुरादाबाद, अमृत विचार :** संभागीय परिवहन विभाग में बुधवार को उस समय अफरा-तफरी मची जब एक युवक ने विभाग में पहुंचकर कर्मचारियों से अभद्रता की और मनमर्जी से काम न करने पर गाली-गलौज करते हुए अवैध असलहा दिखाकर धमकी दी। कर्मचारियों ने युवक को पकड़ मझोला पुलिस को सौंप दिया। विभाग में करीब एक घंटे तक हंगामा होता रहा।

गुरुवार को परिवर्तन शाखा में तैनात कर्मचारी विवेक दुबे ने मझोला थाना पुलिस को दी तहरीर में बताया कि युवक मनमर्जी का कार्य करवाने के उद्देश्य से पहुंचा था। पुलिस पूछताछ में युवक की पहचान की जा रही है और उसके पास बरामद असलहे की जांच की जा रही है।

# रोडवेज कर्मचारी संघ का 12 सूत्रीय मांगों को लेकर प्रदर्शन

कार्यालय संवाददाता,मुरादाबाद


कार्यालय परिसर में धरने पर बैठे उत्तर प्रदेश रोडवेज कर्मचारी संघ के पदाधिकारी और कर्मचारी। ● अमृत विचार

● क्षेत्रीय प्रबंधक कार्यालय पर बुलंद की प्रबंधन के खिलाफ आवाज

**अमृत विचार :** उत्तर प्रदेश रोडवेज कर्मचारी संघ के बैनर तले सैकड़ों कर्मियों ने क्षेत्रीय प्रबंधक कार्यालय पर एक दिवसीय धरना प्रदर्शन किया। उन्होंने अपनी 12 सूत्रीय मांगों को लेकर सरकार और परिवहन निगम प्रबंधन के खिलाफ आवाज बुलंद की। प्रदर्शनकारी कर्मचारियों ने मुख्यमंत्री, परिवहन मंत्री (स्वतंत्र प्रभार) एवं प्रबंध निदेशक को संबोधित ज्ञापन आरएम को सौंपा।

गुरुवार को आरएम कार्यालय पर धरने की अध्यक्षता क्षेत्रीय अध्यक्ष चंद्रभान सिंह ने की। धरने में सभी डिपो से कर्मचारी शामिल हुए। क्षेत्रीय अध्यक्ष ने कहा कि यदि कर्मचारियों की मांगों पर शीघ्र अमल नहीं हुआ तो आंदोलन का तीसरा चरण 16 अक्टूबर को लखनऊ में बड़े प्रदर्शन के रूप में किया जाएगा। उन्होंने कहा कि कर्मचारी अब और उपेक्षा सहन नहीं करेंगे। क्षेत्रीय मंत्री अरुण कुमार सिंह ने निगम में कर्मचारियों के साथ हो रहे अन्याय, नीति विरोधी कार्यों और डग्गामार वाहनों पर रोक न लगने जैसे मुद्दों पर कड़ा रुख अपनाते हुए आंदोलन को मजबूती से बढ़ाने का आह्वान किया। धरने में मबरूर मियां,वीरेंद्र सिंह, राजीव वर्मा, सुबोध कुमार,बदन सिंह,रविन्द्र सिंह,तेजपाल सिंह,कर्णवीर सिंह,संजीव कुमार,उदयवीर सिंह, राजीव यादव,सतीश सिंह, लक्षद्वीप, अतुल कुमार,नरेंद्र रावत, कुमारी मीनाक्षी यादव, ज्योति रानी, अंजू रावल, कुमारी संगीता सहित अनेक कर्मचारी मौजूद रहे। अंत में सभी कर्मचारियों ने लखनऊ में प्रस्तावित अगले चरण के आंदोलन में भाग लेने का संकल्प लिया।

# दशमोत्तर छात्रवृत्ति योजना के लिए समय-सारिणी जारी

कार्यालय संवाददाता, मुरादाबाद

● 27 से 31 के बीच ऑनलाइन आवेदन करें छात्र-छात्राएं

**अमृत विचार :** वित्तीय वर्ष 2024-25 के लिए दशमोत्तर छात्रवृत्ति योजना के अंतर्गत आवेदन प्रक्रिया की समय-सारिणी जारी कर दी गई है। यह जानकारी देते हुए जिला समाज कल्याण अधिकारी पंखुरी जैन ने बताया कि इस योजना के तहत वंचित सभी वर्गों के छात्रों को छात्रवृत्ति का लाभ दिलाने के लिए ऑनलाइन आवेदन, संस्थान द्वारा सत्यापन तथा डाटा लॉकिंग से संबंधित तिथियां निर्धारित की गई हैं।

गुरुवार को जिला समाज कल्याण अधिकारी पंखुरी जैन ने बताया कि शिक्षण संस्थानों द्वारा मास्टर डाटा लॉक करने की तिथि कक्षा 11-12 को छोड़कर 10 अक्टूबर से 14 अक्टूबर तक निर्धारित की गई है। छात्र-छात्राएं 27 अक्टूबर से 31 अक्टूबर के मध्य ऑनलाइन आवेदन कर सकेंगे। इसके बाद शिक्षण संस्थाओं द्वारा आवेदन पत्रों का ऑनलाइन सत्यापन एवं अग्रसारण की अंतिम तिथि 2 नवम्बर तय की गई है। जिला समाज कल्याण अधिकारी ने जनपद के सभी शिक्षण संस्थानों में अध्ययनरत छात्र-छात्राओं से अपील की है कि वे निर्धारित तिथियों के भीतर अपने छात्रवृत्ति आवेदन पत्र ऑनलाइन भरकर आवश्यक दस्तावेज अपलोड कर दें। ताकि समय पर योजना का लाभ प्राप्त हो सके।साथ ही सभी शिक्षण संस्थाओं के छात्रवृत्ति नोडल अधिकारी, प्राचार्य एवं प्रधानाचार्य निर्देशित किया गया है कि वे भी अपने स्तर से छात्रवृत्ति पोर्टल पर कार्यवाही निर्धारित समय सीमा के भीतर पूरी करें।

अमृत विचार एक सम्पूर्ण अख़बार
क्लासीफाइड
विज्ञापन हेतु सम्पर्क करें
मो. 7906815587

सूचना
मेरी सात संताने हैं जिनमे चार बड़ी पुत्री व तीन पुत्र है मेरा बड़ा पुत्र नवी हसन गलत व बुरी संगत में पड़ गया है उसके गलत कृत्य व दुर्व्यवहार के कारण संबंध विच्छेद कर लिए हैं। इसका मेरी चल अचल संपत्ति से कोई लेना-देना नहीं है इसके किसी भी कृत्यो से मेरा व मेरे परिवार का कोई लेना देना नहीं है। मेहंदी हसन पुत्र इतवारी निवासी आजमपुर थाना व तहसील धनौरा जिला अमरोहा।

SWAMI VIVEKANAND LAW COLLEGE
Majhawali, Chandausi Distt. Sambhal (U.P.)
Affiliated from Guru Jambheshwar University Moradabad and Approved by Bar Council of India
REQUIRED
Faculty for English and Sociology Subject
as per UGC & Guru Jambheshwar University rules
Contact No : 8057208006
E-mail : swamivivekanandlawcollege123@gmail.com

वैधानिक सूचना :- समाचार पत्र में प्रकाशित किसी भी विज्ञापन जैसे टावर सम्बन्धी, नौकरी सम्बन्धी, ऋण सम्बन्धी या अन्य किसी भी प्रकार के विज्ञापन में पाठकों को सावधान किया जाता है। विज्ञापनदाता द्वारा किये गये दावे या उल्लेख, समर्थन की पुष्टि समाचार पत्र नहीं करता है।

# धान खरीद के लिए सभी केंद्र रखें क्रियाशील

कार्यालय संवाददाता, मुरादाबाद

● कलेक्ट्रेट सभागार में हुई धान क्रय केंद्र प्रभारियों की कार्यशाला

**अमृत विचार :** जिले में एक अक्टूबर से चल रहे धान खरीद सत्र को लेकर गुरुवार को अपर जिलाधिकारी प्रशासन गुलाब चन्द्र की अध्यक्षता में कलेक्ट्रेट सभागार में धान क्रय केंद्र प्रभारियों की कार्यशाला हुई।

कार्यशाला में अपर जिलाधिकारी प्रशासन ने सभी क्रय केंद्र प्रभारियों को निर्देश दिया कि जिले के सभी धान क्रय केंद्र क्रियाशील रखें। निर्धारित समय तक केंद्र अनिवार्य रूप से खुला रहना चाहिए। किसानों को सभी आवश्यक सुविधाएं प्रदान की जाएं। डिप्टी आरएमओ विनीता मिश्रा ने कहा कि जिले में 48 धान खरीद केंद्र बनाए गए हैं। धान (कामन) रुपये 2369 प्रति क्विवंटल व धान ग्रेड ए रुपये 2389 प्रति क्विंटल समर्थन मूल्य निर्धारित है। क्रय केंद्रों पर 31 जनवरी 2026 तक धान की खरीदारी की जाएगी। क्रय केन्द्र सुबह 9:00 बजे से शाम 5:00 बजे तक संचालित हैं। रविवार एवं राजपत्रित अवकाश को छोड़ शेष कार्य दिवसों व स्थानीय अवकाश व द्वितीय शनिवार में केंद्र खुले रहेंगे। बताया कि मुरादाबाद को 1.03 लाख मिट्रिक टन धान खरीद का लक्ष्य प्राप्त हुआ है। लखनऊ से कर्मियों की उपस्थिति की मानीटरिंग होगी। किसान के उपस्थित न होने पर पंजीकरण प्रपत्र में परिवार के नामित सदस्य का विवरण व आधार नंबर फीड कराना अनिवार्य होगा। बैठक में मंडी सचिव, खाद्य विभाग, भारतीय खाद्य निगम, पीसीएफ, पीसीयू, यूपीएसएस के जिला प्रबंधक व केंद्रों के प्रभारी उपस्थित रहे।

### धान तुलवाते समय किसानों को न हो कोई परेशानी

**कांठ, अमृत विचार :** धान खरीद 2025-26 के अंतर्गत कांठ क्षेत्र में नौ स्थानों पर धान क्रय केंद्र खोले गए हैं। गुरुवार को एसडीएम ने उप मंडी समिति धान क्रय केंद्र पर व्यवस्थाओं का जायजा लेकर केंद्र प्रभारियों को निर्देश दिए कि धान तुलवाते समय किसानों को कोई परेशानी न हो। तहसील क्षेत्र में उप मंडी समिति में खाद्य विभाग के छह, ग्राम फूलपुर मिठनपुर में यूपीएसएस, फतेहपुर बिश्नोई और मौढ़ी हजरतपुर में पीसीएफ के एक एक धान खरीद केंद्र बनाए गए हैं। गुरुवार को एसडीएम संत दास पवार उप मंडी समिति धान क्रय केंद्रों का निरीक्षण करने पहुंचे उन्होंने प्रभारियों को निर्देश दिए कि किसानों के धान क्रय करने में केंद्र व्यवस्थापक की ओर से लापरवाही की शिकायत मिली तो कार्रवाई को तैयार रहें। इस दौरान क्रय केंद्र प्रभारी राघवेंद्र सिंह, अमित कुमार और दीपक कुमार आदि मौजूद रहे।

खेलकूद | 76वें जनपदीय युवा क्रीड़ा समारोह का भव्य समापन, खिलाड़ियों ने दिखाया दमखम

# आलोक, सन्नी, अंजली, आशी, हैप्पी व अंजू ने जीती ट्रॉफी

कार्यालय संवाददाता,मुरादाबाद

**अमृत विचार :** एसएस इंटर कॉलेज में आयोजित 76वें जनपदीय शैक्षिक युवा क्रीड़ा समारोह का भव्य समापन रंगारंग कार्यक्रमों व पुरस्कार वितरण के साथ संपन्न हुआ। तीन दिवसीय इस महोत्सव में जनपद के 15 संकुलों के सैकड़ों प्रतिभागियों ने बढ़-चढ़कर हिस्सा लिया। इस खेल महाकुंभ में विभिन्न आयु वर्गों की प्रतियोगिताएं आयोजित की गईं। सीनियर बालक वर्ग की 3000 मीटर दौड़ में चित्रगुप्त इंटर कॉलेज के आलोक ने प्रथम स्थान प्राप्त किया कर जिला चैंपियन का खिताब हासिलकिया। जबकि आयुष इंटर कॉलेज दलपतपुर के विष्णु द्वितीय स्थान पर रहे। 6 किमी क्रॉस कंट्री में भी आलोक ने बाजी मारी। वहीं हबीबी इंटर कॉलेज के शिवपाल भी दूसरे स्थान पर रहे।

जूनियर बालक वर्ग में विशाल ने 3000 मीटर दौड़ में प्रथम व आशीष ने द्वितीय स्थान पाया। 4000 मीटर रिले में किसान इंटर कॉलेज संकुल अव्वल रहा। सब-जूनियर बालक वर्ग में जहांगीरपुर के किसान इंटर कॉलेज ने पहला और डिलारी के आदर्श विद्यालय ने दूसरा स्थान प्राप्त किया। बालिका वर्ग में भी छात्राओं का उत्साह और प्रदर्शन सराहनीय रहा।सीनियर बालिका वर्ग की 4000 मीटर रिले दौड़ में रामचंद्र शर्मा कन्या इंटर कॉलेज प्रथम और शंकर सहाय कन्या इंटर कॉलेज द्वितीय स्थान पर रहा। जूनियर बालिका वर्ग में राजकीय कन्या इंटर कॉलेज लाइनपार मुरादाबाद ने बाजी मारी।सब-जूनियर बालिका वर्ग में बी.आर.एस. संकुल ने प्रथम और मैथोडिस्ट कन्या इंटर कॉलेज ने द्वितीय स्थान प्राप्त किया।व्यक्तिगत चैंपियनशिप में सीनियर बालक वर्ग में आलोक कुमार व सन्नी सागर, जूनियर में अभियंता ओरा व हर्ष तोमर और सब-जूनियर में विशेष कुमार को संयुक्त विजेता घोषित किया गया। बालिका वर्ग में अंजली, आशी, हैप्पी व अंजू (सीनियर), मानसी चौधरी (जूनियर) तथा आरती (सब-जूनियर) को व्यक्तिगत चैंपियन घोषित किया गया। समापन समारोह में मुख्य अतिथि एडी बेसिक बुद्धप्रिय सिंह तथा जिला विद्यालय निरीक्षक डॉ. देवेंद्र कुमार पांडे ने विजेताओं को पदक पहनाकर सम्मानित किया।विशिष्ट अतिथियों में डॉ. मधुबाला त्यागी, नीति भारद्वाज, राजपाल सिंह, विमलेंद्र शर्मा, योगेंद्र कुमार समेत कई उपस्थित रहे। संचालन क्रीड़ा सचिव वंश बहादुर ने किया। क्रीड़ा शिक्षक वीर सिंह व व्यायाम शिक्षकों ने सफल आयोजन में महत्वपूर्ण भूमिका निभाई। एसएस इंटर कॉलेज के प्रधानाचार्य रवि कुमार ने सराहना की। उत्कृष्ट योगदान के लिए प्रधानाचार्या वनस्थली कन्या इंटर कॉलेज अगवानपुर की सुनीता रानी को विशेष रूप से सम्मानित किया गया।

### संकुल चैंपियनशिप के विजेता

- बालक वर्ग (सीनियर) : राम रतन इंटर कॉलेज, बिलारी
- बालक वर्ग (जूनियर) : आकांक्षा विद्यापीठ
- बालक (सब-जूनियर) : आदर्श विद्यालय डिलारी
- बालिका वर्ग (ओवरऑल) : शंकर सहाय कन्या इंटर कॉलेज, बिलारी

# बिजली कर्मियों पर भ्रष्टाचार का आरोप, हंगामा

## भारतीय किसान यूनियन ने कार्रवाई की मांग को लेकर एसडीओ कार्यालय पर दिया धरना

संवाददाता, बिलारी

**अमृत विचार:** विद्युत विभाग में बढ़ते भ्रष्टाचार और किसानों के शोषण करने समेत अनेक समस्याओं को लेकर भारतीय किसान यूनियन के पदाधिकारियों ने एसडीओ कार्यालय पर अनिश्चितकालीन धरना दिया। दोपहर बाद एसडीएम विनय कुमार सिंह व पुलिस क्षेत्राधिकारी अशोक कुमार सिंह ,एसडीओ अवधेश कुमार के आश्वासन के बाद धरना स्थगित किया।



एसडीएम विनय सिंह, सीओ अशोक कुमार सिंह, एसडीओ अवधेश कुमार से वार्ता करते भारतीय किसान यूनियन के पदाधिकारी।

गुरुवार को भारतीय किसान यूनियन के पूर्व पश्चिम प्रदेश प्रभारी शुभम राठी के नेतृत्व में बड़ी संख्या में किसान एसडीओ कार्यालय पर पहुंचे । जहां उन्होंने विद्युत विभाग के कर्मचारियों द्वारा भ्रष्टाचार करने और किसानों का शोषण करने के आरोप में अनिश्चितकालीन धरना शुरू कर दिया। पूर्व पश्चिम प्रदेश प्रभारी शुभम राठी ने कहा कि कर्मचारी और अधिकारी पूरी तरह से भ्रष्ट हैं। किसानों के साथ अभद्र व्यवहार करते हैं व मुकदमे में फसाने की धमकी देते हैं। कहा कि कनेक्शन के नाम पर किसानों से रिश्वत के नाम पर रुपये मांगते हैं। टांडा अमरपुर गांव में कनेक्शन के नाम पर पैसे लिए गए, कनेक्शन नहीं हुआ तो आवेदक ने रुपये मांगे तो विद्युत कर्मियों ने घर की लाइन काट दी और उसे चोरी के झूठे मुकदमे में फंसाने के नाम पर रुपये मांगे। समय से किसानों का बिल नहीं निकाला जाता है। उन्होंने भ्रष्टों पर कार्रवाई की मांग की। इस दौरान पदाधिकारियों ने जमकर हंगामा किया और नारेबाजी की।

दोपहर बाद एसडीएम विनय कुमार सिंह और पुलिस क्षेत्राधिकार अशोक कुमार सिंह धरना स्थल पहुंचे जहां उन्होंने एसडीओ को बुलाया और समस्याएं सुनी। एसडीएम विनय कुमार सिंह ने टांडा अमरपुर के प्रकरण के खिलाफ जांच कमेटी गठित करने की बात कही। आश्वासन पर धरना स्थगित कर दिया गया। इस दौरान प्रदेश उपाध्यक्ष चौधरी भयराज सिंह, आशु बालियान, रागिब हुसैन ,ग्राम प्रधान जिला उपाध्यक्ष टीनू चौधरी ,अमित काजल , सचिन चौधरी ,खुर्शीद, युवा जिला अध्यक्ष ऋषभ चौधरी, जोहर हुसैन प्रधान, आनंद वीर सिंह, विशाल चौधरी, बबलू हुसैन समेत बड़ी संख्या में पदाधिकारी और किसान मौजूद रहे।

- **एसडीएम व पुलिस क्षेत्राधिकारी के आश्वासन पर किया स्थगित**

### 25 को लगेगा कैंप

एसडीएम ने बताया कि आने वाली 25 अक्टूबर को तहसील में विद्युत समस्याओं के संबंध में एक कैंप आयोजित किया जाएगा जिसमें सभी उपखंडों के अधिशासी अभियंता एसडीओ मौजूद रहेंगे।

# महापरिनिर्वाण दिवस पर कांशीराम को दी श्रद्धांजलि



ठाकुरद्वारा में आंबेडकर पार्क में मौजूद बसपा कार्यकर्ता।

संवाददाता, ठाकुरद्वारा

**अमृत विचार :** बसपा कार्यकर्ताओं ने काशीपुर रोड स्थित आंबेडकर पार्क में बहुजन आंदोलन के महानायक कांशीराम के 19वें महापरिनिर्वाण दिवस पर उनके चित्र पर माल्यार्पण व पुष्प अर्पित कर श्रद्धांजलि दी।

कार्यकर्ताओं ने डॉ. रामपाल सिंह गौतम के नेतृत्व में श्रद्धांजलि सभा का आयोजन किया। वक्ताओं ने कहा कि उन्होंने अपने संघर्षों से वंचित, शोषित, पिछड़े और अल्पसंख्यक समाज को एकजुट कर राजनीतिक शक्ति में परिवर्तित किया। उन्हीं की विचारधारा और आंदोलन के बल पर राष्ट्रीय अध्यक्ष बहन मायावती चार बार मुख्यमंत्री बनीं। वक्ताओं ने कहा कि उनका नारा हम सोई कौम जगाई आज भी बहुजन समाज को नई चेतना और दिशा प्रदान करता है।

कार्यक्रम में डॉ. रामपाल सिंह गौतम, अचल कुमार, राकेश सागर, रोहित सागर, ईश्वर सागर, अजय कुमार, धर्मेंद्र कुमार, गौतम सिंह, गिरवर सिंह, डॉ. विश्वंभर सिंह, ओमप्रकाश, धारा सिंह सहित अनेक बसपा कार्यकर्ता मौजूद रहे।

# सपाइयों ने कांशीराम को किया याद







बिलारी में कांशीराम के चित्र पर पुष्प अर्पित करते विधायक फहीम इरफान व कांठ में संबोधित करते विधायक कमाल अख्तर।

संवाददाता, बिलारी

**अमृत विचार:** गुरुवार को सपा कैंप कार्यालय एमआई हाउस पर सपा कार्यकर्ताओं ने दलित, अल्पसंख्यकों और पिछड़ों के नेता कांशीराम की पुण्यतिथि पर याद कर श्रद्धांजलि दी।

विधायक हाजी मोहम्मद फहीम इरफान ने कहा कि कांशीराम ने अपना सारा जीवन दलितों,अल्पसंख्यकों, पिछड़ों और गरीबों की सेवा में समर्पित किया। कहा कि हम सभी को उनके जीवन आदर्शों से सबक लेकर आगे बढ़ने की जरूरत है। इस मौके पर जिला उपाध्यक्ष हाजी मो. उस्मान एडवोकेट, जिला सचिव कसीम आजाद, अमित जाटव, अरविंद सिंह जाटव, कुलदीप, रमाकांत सैनी, मुजीब पाशा, दयाराम प्रजापति, रेहान पाशा, अनिता प्रजापति, रॉबीन, रवि, मोईनुद्दीन, बलवंत सिंह जाटव, भूरा , आनन्दपाल, रईस अहमद, अमित एडवोकेट, अतरपाल यादव आदि मौजूद रहे।

### कांशीराम के मिशन को आगे बढ़ा रही सपा

**कांठ, अमृत विचार :** समाजवादी पार्टी की ओर से गुरुवार को क्षेत्र के एक बैंक्वेट हॉल में कांशीराम का 19वां परिनिर्वाण दिवस श्रद्धा और सम्मान के साथ मनाया गया। इस अवसर पर सपा विधायक कमाल अख्तर ने कहा कि उनका नारा था जितनी जिसकी संख्या भारी, उतनी उसकी हिस्सेदारी लेकिन वर्तमान सरकार में इसका उल्टा हो रहा है। दलितों, पिछड़ों और अल्पसंख्यकों को उनका अधिकार नहीं मिल पा रहा है। सपा उनके मिशन को आगे बढ़ा हर वर्ग को साथ लेकर चल रही है। इस अवसर पर नगर पंचायत अध्यक्ष इकबाल आलम, जिला पंचायत सदस्य मुकेश यादव, जिला महासचिव फुरकान अली, विधानसभा अध्यक्ष नाजिम सैफी, नफीसा, चरण सिंह सैनी, दुर्गा शर्मा, बिन्ना बिश्नोई, आरिफ मलिक, अरविंद कुमार समेत बड़ी संख्या में सपा पदाधिकारी और कार्यकर्ता उपस्थित रहे।

## न्यूज डायरी

### भाकियू की बैठक में किसानों की समस्याओं के समाधान की मांग



**छजलैट, अमृत विचार :** भारतीय किसान यूनियन की बैठक गुरुवार को किसान भवन पर आयोजित की गई, जिसमें किसानों की विभिन्न समस्याओं पर चर्चा कर उनके समाधान की मांग उठाई गई। बैठक की अध्यक्षता पश्चिमी उत्तर प्रदेश के उपाध्यक्ष चौधरी ऋषिपाल सिंह ने की। उन्होंने कहा कि सरकार 450 प्रति क्विंटल गन्ना मूल्य निर्धारित करे। साथ ही चीनी मिलें शीघ्र चालू कराई जाएं। शेड्यूल अनुसार बिजली उपलब्ध कराई जाए। फसल नुकसान का मुआवजा तुरंत दिलाया जाए। चौधरी ऋषिपाल सिंह , देवेंद्र सिंह, अजय कुमार, रामपाल सिंह, जबर सिंह, उस्मान खान, दानिश, राम अवतार सिंह, ओमराज सिंह, तेजपाल सिंह, देवेंद्र सिंह सहित बड़ी संख्या में पदाधिकारी और कार्यकर्ता उपस्थित रहे।



### कांशीराम के बताए मार्ग पर चलकर होगा समाज का उद्धार

**बिलारी, अमृत विचार :** नगर के आंबेडकर पार्क में गुरुवार को अखिल भारतीय आंबेडकर युवक के पदाधिकारियों ने बहुजन समाज पार्टी के संस्थापक कांशीराम के 19वें महापरिनिर्वाण दिवस पर उनके चित्र पर पुष्पांजलि अर्पित कर श्रद्धांजलि दी । वक्ताओं ने कहा कि कांशीराम ने जीवन भर अविवाहित रहकर शोषित, पीड़ित व दलित वर्ग की सेवा की। 1984 में बहुजन समाज पार्टी की स्थापना की। जिससे आगे चलकर पूर्व मुख्यमंत्री मायावती ने उनके मिशन को बढ़ाया। उन्होंने दलितों को शिक्षित करने का उपदेश दिया। बैठक की अध्यक्षता संघ के अध्यक्ष डॉ. जगतपाल सिंह व संचालन मंत्री के के नवल ने किया। बैठक में वरिष्ठ उपाध्यक्ष डॉ कुंवर सिंह, राम अवतार, संगठन मंत्री जितेंद्र पाल सिंह, प्रचार मंत्री डॉ विजयदीप आदि मौजूद रहे ।



### ग्राम प्रधान, बीडीसी, राशन डीलर व सफाई कर्मचारी सम्मानित

**कुंदरकी, अमृत विचार :** गुरुवार को कुंदरकी विधायक ठाकुर रामवीर सिंह ने ब्लॉक सभागार में ब्लॉक के सभी ग्राम प्रधानों, क्षेत्र पंचायत सदस्यों, राशन डीलर और सफाई कर्मचारियों के साथ एक बैठक कर उन्हें उत्कृष्ट कार्य हेतु प्रशस्ति पत्र देकर सम्मानित किया। दीपावली पर्व के अवसर पर मिष्ठान, उपहार और दीपक वितरित कर शुभकामनाएं प्रेषित की। इस अवसर पर ब्लॉक प्रमुख प्रतिनिधि गुलाम जिलानी,विकासखंड अधिकारी विजेंद्र सिंह, रामकिशोर लोधी, मंडल अध्यक्ष संजय कश्यप, बबलू जाटव, अरविंद ठाकुर, संजय दिवाकर, रमन भूषण, नरेश सैनी, राजवीर सैनी, यादराम पाल, नसीम खान, नूरी मौलाना, अजीम, जाहिद सहित सभी ग्राम प्रधान, क्षेत्र पंचायत सदस्य, राशन डीलर व सफाई कर्मचारी उपस्थित रहे।

### बेटी की शादी के लिए रखे आभूषण नकदी व मैंथा तेल चुरा ले गए चोर

**कुंदरकी, अमृत विचार :** थाना क्षेत्र में लगातार हो रही चोरी की घटनाओं से क्षेत्र वासियों में दहशत है। चोरों ने एक बार फिर घटना को अंजाम दिया। क्षेत्र के ग्राम फरहेदी में बुधवार की रात अज्ञात चोरों ने एक घर की दीवार में सेंध लगा मेंथा तेल, जेवरात और नकदी सहित लाखों रुपये का सामान चुरा लिया। पीड़ित हरिचंद पुत्र बिहारी ने बताया कि परिवार के सभी लोग सो रहे थे। सुबह उठने पर कमरे की दीवार कटी हुई देख पता चला। बताया कि बेटी की शादी के लिए रखा लगभग एक क्विंटल मेंथा तेल, आभूषण और नकदी चोर ले गए। मौके पर भीड़ जमा हो गई। ग्रामीणों ने रातभर चोरों की तलाश की, लेकिन कोई सुराग नहीं मिला। सूचना मिलने पर पुलिस मौके पर पहुंची और मामले की जांच-पड़ताल की। ग्रामीणों का कहना है कि क्षेत्र में पिछले कुछ समय से चोरी की घटनाएं लगातार बढ़ रही हैं। उन्होंने पुलिस गश्त पर सवाल उठाते हुए शीघ्र चोरों की गिरफ्तारी और रात की गश्त बढ़ाने की मांग की है।

### आत्मनिर्भर भारत अभियान के तहत सम्मेलन का आयोजन

**छजलैट, अमृत विचार :** गुरुवार को नेक्स्ट जेनरेशन जीएसटी एवं आत्मनिर्भर भारत अभियान के तहत भीकनपुर विधानसभा में एक सम्मेलन का आयोजन किया गया। कार्यक्रम की अध्यक्षता संयोजक एवं पूर्व विधायक राजेश कुमार उर्फ चुन्नू ने की। कार्यक्रम में हर घर स्वदेशी, घर-घर स्वदेशी के उद्घोष के साथ आत्मनिर्भर भारत के संकल्प को दोहराया गया। मुख्य अतिथि जिला पंचायत अध्यक्ष डॉ. शेफाली सिंह ने कहा कि देश की आर्थिक प्रगति के लिए हमें स्वदेशी वस्तुओं को अपनाना और खरीदना चाहिए। मुख्य वक्ता सीए आशीष शर्मा ने कहा कि भारत की उन्नति तभी संभव है जब हम स्वदेशी उत्पादों को प्राथमिकता देंगे। भाजपा जिला अध्यक्ष आकाश पाल, विक्रांत सिंह, हुकम सिंह, सौरव अग्रवाल, राजकुमार ठाकुर, मुकेश माहेश्वरी, प्रमोद कुमार, कैलाश आदि उपस्थित रहे।



## न्यूज ब्रीफ

### युवती के अपहरण की रिपोर्ट दर्ज

**मिलक, अमृत विचार :** कोतवाली क्षेत्र के गांव निवासी ग्रामीण ने कोतवाली में तहरीर देकर कहा है कि उसकी नाबालिग पुत्री रठौंडा स्थित कॉलेज में कक्षा 9 में पढ़ती है। प्रतिदिन की भांति उसकी पुत्री शनिवार को कॉलेज गई थी। लेकिन वह कालेज नहीं पहुंची। उसने पुत्री की खोजबीन की। छात्रा के पिता का आरोप है तहसील बिलासपुर स्थित थाना खजुरिया के ग्राम महतोष की गौटिया निवासी सूरज और राजकुमार का पड़ोसी के घर आना जाना था। दोनों ने उसकी नाबालिग पुत्री का अपहरण कर लिया है। पुलिस ने दोनों आरोपियों के खिलाफ मुकदमा दर्ज कर लिया है।

### एसपी ने कोतवाली का किया निरीक्षण

**रामपुर, अमृत विचार :** पुलिस अधीक्षक विद्या सागर मिश्र और एएसपी अनुराग सिंह ने थाना कोतवाली का निरीक्षण किया। निरीक्षण के दौरान कार्यालय, मालखाना, भोजनालय, थाना परिसर में आवासों की स्थिति, साफ-सफाई, रख-रखाव, निर्माण मरम्मत कार्य को चेक किया। इसके अलावा थाना कार्यालय पर बने अपराध, त्यौहार, मालखाना, विवेचना रजिस्टर, फ्लाई शीट आदि एवं उनके रख-रखाव को चेक किया। इसके साथ ही साफ-सफाई उनमें अंकित की जाने वाली प्रविष्टि को चेक किया।

### वसूली का आरोप, वनकर्मी को पीटा

**स्वार, अमृत विचार :** स्वार बाजपुर मार्ग स्थित सड़क का मझरा पर क्षेत्र के किसान मंडी में लकड़ी बेचने आते हैं। लकड़ी मंडी में वन विभाग ने वनकर्मी को तैनात किया है। वनकर्मी पर क्षेत्र और उत्तराखंड से लकड़ी बेचने आने वाले किसानों से अवैध वसूली करने का आरोप है। बुधवार को लकड़ी मंडी में लकड़ी बेचने पहुंचे थे। आरोप है कि किसान से वनकर्मी ने रुपयों की मांग की। जिस पर किसान ने मना कर दिया। इसके बाद बात बढ़ गई। जिस पर लकड़ी व्यापारी और किसान एकत्र हो गए। सभी ने वनकर्मी को घेर लिया, इससे वो घबरा गया। इसके बाद लकड़ी व्यापारियों ने वनकर्मी की धुनाई कर डाली। लोगों का आक्रोश देखते हुए वनकर्मी मौका पाकर भाग गया। वन रेंजर मुजाहिद हुसैन ने बताया कि उनके संज्ञान में ऐसा को मामला नहीं आया है।

# अलग-अलग हादसों में तीन युवकों की मौत

## अजीमनगर क्षेत्र में डंपर ने बाइक सवार को रौंदा, रामपुर और बिलासपुर में ट्रेन से हुए हादसे

संवाददाता, सैदनगर

**अमृत विचार :** जिले में अलग-अलग स्थानों पर हुए हादसों में तीन युवकों की मौत हो गई। जबकि दो लोग घायल हो गए।



मृतक दीपचंद।

अजीमनगर थाना क्षेत्र में तेज गति से आ रहे डंपर ने बाइक सवारों को रौंद दिया। इसमें 25 वर्षीय युवक दीपचंद की मौत हो गई। जबकि दो लोग घायल हो गए। दोनों को अस्पताल में भर्ती कराया गया। पुलिस ने शव को पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया। वहीं, दो युवकों की ट्रेन की चपेट में आने से मौत हो गई।

अजीमनगर थाना क्षेत्र के गांव इमरता निवासी दीपचंद अपनी साली शिवानी अंजू और साले प्रिंस को छोड़ने अपनी ससुराल खौद जा रहा था। युवक जैसे ही परचई गांव के पास पहुंचा तो सामने से आ रहे तेज रफ्तार डंपर ने बाइक में टक्कर मार दी। हादसे के बाद युवक दीपचंद की मौके पर ही मौत हो गई। जबकि पीछे बैठे साला और साली घायल हो गए। हादसे को अंजाम देने के बाद चालक अपना वाहन लेकर मौके से भाग गया। मौके पर मौजूद राहगीरों ने घायलों को सड़क से उठाकर साइड में बैठाया। हादसे की सूचना मिलते ही थाना पुलिस घटनास्थल पर पहुंच गई। एंबुलेंस मंगवाने के बाद पुलिस घायलों को लेकर जिला अस्पताल ले गई। युवक के शव को भी पुलिस ने पोस्टमार्टम के लिए अस्पताल भिजवा दिया। हादसे की सूचना घर पहुंची तो कोहराम मच गया। मृतक के परिजन घटनास्थल पर पहुंच गए और डंपर चालक पर कार्रवाई की मांग को लेकर हंगामा करने लगे। मौके पर मौजूद पुलिस ने परिजनों को समझाकर मामला शांत किया।

थाना अध्यक्ष करम सिंह पाल ने बताया शव को पोस्टमार्टम के लिए अस्पताल भेजा गया है। पुलिस आसपास लगे सीसीटीवी फुटेज से आरोपी चालक और वाहन की पहचान कर रही है।



हादसे के बाद पूछताछ करती पुलिस। ● अमृत विचार

### ट्रैक पार कर रहा युवक ट्रेन की चपेट में आया

**रामपुर, अमृत विचार :** बुधवार शाम ट्रेन की चपेट में आने से युवक की मौत हो गई। पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया। गुरुवार को शव का पोस्टमार्टम हो जाने के बाद परिजनों के हवाले कर दिया। शाम को अंतिम संस्कार कर दिया गया। सिविल लाइंस थाना क्षेत्र के ज्वालानगर के न्यू कृष्णा विहार निवासी 36 वर्षीय मनीष मजदूरी करता था। बुधवार शाम को वह किसी काम के लिए सिविल लाइंस क्षेत्र में आया था। ज्वालानगर में रेलवे ट्रैक पार करते समय ट्रेन की चपेट में आने से उसकी मौत हो गई। सूचना मिलने के बाद पुलिस आ गई थी। उसके बाद शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया था। जानकारी मिलने के बाद परिजन मौके पर पहुंच गए थे। गुरुवार को पुलिस ने शव का पोस्टमार्टम कराने के बाद परिजनों के हवाले कर दिया। शाम को उसका अंतिम संस्कार कर दिया गया। मृतक ने अपने पीछे दो बेटियों को छोड़ा। जबकि 14 साल पहले उसकी शादी हुई थी।



मृतक मनीष।

### ट्रेन की चपेट में आकर मानसिक मंदित युवक की मौत

**बिलासपुर, अमृत विचार :** मानसिक मंदित युवक की ट्रेन की चपेट में आकर मौत हो गई। पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया। बिलासपुर थाना क्षेत्र के मोहल्ला शीरी मियां निवासी अच्छन खां का 18 साल का बेटा फिरोज खान मानसिक रूप से कमजोर था। बुधवार शाम को वह मौका पाकर घर से निकल गया। जहां ट्रेन की चपेट में आने से उसकी मौत हो गई। पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर उसको पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया।



मृतक फिरोज।

# आरडीए को दूसरी टाउनशिप के लिए मिले 100 करोड़ रुपये

कार्यालय संवाददाता, रामपुर

**अमृत विचार :** आवास एवं शहरी नियोजन अनुभाग की ओर से मुख्यमंत्री शहरी विस्तारीकरण, नए शहर प्रोत्साहन योजना के तहत रामपुर विकास प्राधिकरण को 100 करोड़ रुपये की धनराशि आवंटित की गई है।

जिलाधिकारी जोगिंदर सिंह ने बताया कि द्वितीय आवासीय योजना के तहत ग्राम भमरौआ एवं पहाड़ी शामिल होंगे। योजना का प्रस्तावित क्षेत्रफल 264.26 एकड़ है। योजना के तहत शीघ्र कार्रवाई प्रारंभ की जाएगी। भूमि अधिग्रहण के लिए लगभग 334 करोड़ की अनुमानित लागत आएगी। शासन इस योजना में भूमि का अधिग्रहण किसानों से आपसी सहमति के आधार पर शीट कैपिटल के रूप में किया जाएगा।

द्वितीय नयी आवासीय कॉलोनी अत्याधुनिक सुविधाओं से सुसज्जित और सुव्यवस्थित होगी, जिसमें सड़क, जलापूर्ति, विद्युत, जल निकासी, हरित क्षेत्र, सामुदायिक भवन आदि जैसी सभी मूलभूत नागरिक सुविधाएं शामिल होंगी। इससे नगर के नियोजित विस्तार को एक नई दिशा प्राप्त होगी और शहरवासियों को उच्च स्तरीय जीवन सुविधाएं उपलब्ध होंगी।

### कमी मिलने पर अस्पताल किया सील

**रामपुर, अमृत विचार :** बिलासपुर में अस्पताल में कमियों के चलते क्षेत्रीय आयुर्वेदिक एवं यूनानी अधिकारी डॉ. वंदना रानी के निर्देश पर सील किया गया। साथ ही चिकित्सक के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज कराने के लिए तहरीर दी है। इस कार्रवाई से संचालकों में हड़कंप मच गया। क्षेत्रीय आयुर्वेदिक एवं यूनानी अधिकारी डॉ. वंदना रानी द्वारा क्षेत्र में अभियान चलाया जा रहा है। गुरुवार को बिलासपुर में स्थित नेशनल पॉली क्लीनिक एवं मेटरनिटी सेंटर पर छापेमारी करके चेक किया, तो वहां पर तीन मरीज भर्ती पाए गए। जिनका सिजेरियन ऑपरेशन डॉ. दानिश द्वारा किया गया। जिसमें मरीजों के बयान दर्ज किए। इसका रजिस्ट्रेशन सीएमओ कार्यालय में है, लेकिन कोई भी एलोपैथिक चिकित्सक मौके पर नहीं पाया गया। मामले में बिलासपुर थाने में आरोपी चिकित्सक के खिलाफ तहरीर दी गई है।



तहसीलदार को ज्ञापन सौंपते किसान। ● अमृत विचार

# उत्पीड़न के विरोध में किसानों ने तहसीलदार को दिया ज्ञापन

कार्यालय संवाददाता, रामपुर

**अमृत विचार :** भारतीय किसान यूनियन (अराजनैतिक) की पंचायत जिलाध्यक्ष भानु प्रताप सिंह गंगवार के नेतृत्व में बिलासपुर नवीन मंडी में हुई। उसके बाद किसानों ने तहसीलदार को ज्ञापन सौंपा।

जिलाध्यक्ष ने कहा कि किसान को अपनी फसल के सही दाम नहीं मिल पा रहे हैं। किसानों का अधिकारियों की मिली भगत से उत्पीड़न किया जा रहा है। किसान का धान मजबूरी में मंडी के आरती एवं धान क्रय केंद्र के पदाधिकारी मिलकर किसान का धान 1300-1400 रुपये को खरीद कर रहे हैं जबकि सरकार का रेट 2369 रुपये है। इस मौके पर सरदार अवतार सिंह, बलराज सिंह, बलदेव सिंह, फरीद खां, बाबर खां, शाहिद खां, अब्दुल रज्जाक खान, सुशील शर्मा, सिमरजीत सिंह, बलजीत सिंह, वीरेंद्र गंगवार, कमलजीत सिंह, ऊभनराम, जुनैद खां, अमित गंगवार, नरेश गंगवार, रामपाल पटेल, समी खां रहे।

### सफाईकर्मी ने सभासद पर कार्रवाई की मांग की

**मसवासी, अमृत विचार :** महिला सफाईकर्मी को अपमानजनक शब्द कहने और अभद्र व्यवहार को लेकर वार्ड सभासद की गिरफ्तारी न होने पर सफाई कर्मचारियों में आक्रोश बना हुआ है।

नगर पंचायत के वार्ड 10 में तैनात महिला सफाई कर्मचारी संजना ने नगर पंचायत प्रशासन से शिकायत की थी। आरोप है कि इसी वार्ड का सभासद मोहम्मद ओवैस मोहल्ले की सफाई के बजाय घर की सफाई करना चाहता है। इनकार करने पर जातिसूचक शब्दों से अपमानित करता है और देख लेने की धमकी देता है। मामले की शिकायत स्थानीय पुलिस चौकी में की, लेकिन कोई कार्रवाई नहीं की। जिसे क्षुब्ध होकर पुलिस अधीक्षक को प्रार्थना पत्र भेजकर कार्रवाई की गुहार लगाई। एसपी के आदेश पर पुलिस ने ओवैस पर रिपोर्ट दर्ज कर ली। लेकिन कार्रवाई नहीं की गई है। सफाई कर्मचारियों ने शीघ्र ही वार्ड सभासद की गिरफ्तारी न होने पर आंदोलन की चेतावनी दी है।

# अधिवक्ताओं ने बिना जांच किए एफआईआर का किया विरोध

कार्यालय संवाददाता, रामपुर

**अमृत विचार :** सिविल लाइंस स्थित जीएसटी कार्यालय में राज्य जीएसटी विभाग द्वारा अधिवक्ताओं के खिलाफ उत्पीड़नात्मक कार्रवाई के विरोध में बैठक की गई। जिसमें प्रतिनिधिमंडल ने उपायुक्त प्रथम संदेश जैन के समक्ष अपनी बात रखी। इसके अलावा अधिवक्ताओं ने बैठक में जांच के बिना एफआईआर दर्ज करने का विरोध जताया।

बैठक में बार काउंसिल ऑफ उत्तर प्रदेश के पूर्व अध्यक्ष शिरीष मेहरोत्रा ने कई मुद्दों को लेकर चर्चा की। जिसमें राज्य जीएसटी द्वारा अधिवक्ताओं पर बिना विस्तृत जांच के एफआईआर दर्ज करने के विरोध में किया। इसके बाद प्रतिनिधिमंडल मुरादाबाद में अतिरिक्त आयुक्त ग्रेड वन अशोक कुमार सिंह (मुरादाबाद) से भी मिला। अधिवक्ता एवं सीए सदस्यों ने मांग उठाई कि विभाग द्वारा दर्ज एफआईआर में अधिवक्ता का नाम हटाया जाए। इस विरोध प्रदर्शन में अधिवक्ताओं के अधिकार एवं सम्मान की रक्षा के लिए मजबूती से आवाज उठाते हुए जीएसटी विभाग की भेदभावपूर्ण एवं उत्पीड़नात्मक कार्यशैली का घोर विरोध किया। बैठक में टैक्स बार एसोसिएशन रामपुर के अध्यक्ष सीए के एम टंडन, अंकित अग्रवाल, सर्वेश सक्सेना, प्रवीन भांडा, कौशलेंद्र सिंह, प्रमोद जैन, आरके अग्रवाल, अतुल कपूर, राजीव अग्रवाल, मशकूर अहमद शमशी, प्रदीप अग्रवाल, राजीव श्रीवास्तव, एसएम रिजवी, नवीन जैन, आशीष कमथानिया रहे।



बैठक के दौरान मौजूद अधिवक्ता। ● अमृत विचार

- **प्रतिनिधिमंडल ने उपायुक्त प्रथम संदेश जैन के समक्ष अपनी बात रखी**

### बिना पंजीकरण अस्पताल संचालन में तीन चिकित्सकों पर रिपोर्ट

**रामपुर, अमृत विचार :** बिना रजिस्ट्रेशन अस्पताल का संचालन करने और मरीजों का ऑपरेशन करने में तीन चिकित्सक फंस गए हैं। आयुर्वेदिक-यूनानी अधिकारी की तहरीर पर पुलिस ने तीनों चिकित्सकों पर पुलिस ने रिपोर्ट दर्ज कर ली है।

बुधवार को आयुर्वेदिक एवं यूनानी अधिकारी डॉ. वंदना रानी टीम के साथ प्रानपुर रोड के फूलों वाली बगिया स्थित भारत हास्पिटल पहुंचीं थीं। जहां डॉ. अजनी पांडे बीएएमएस बिना पंजीकरण के मरीजों की सर्जरी कर रही थीं। उन्होंने प्रेमवती का पथरी का ऑपरेशन किया था। फलक हास्पिटल का पंजीकरण सीएमओ कार्यालय में था, लेकिन कोई एलोपैथिक चिकित्सक मौजूद नहीं था। डॉ. तैयब एवं फरहाना परवीन महिलाओं की डिलीवरी एवं चिकित्सा कार्य करते पाए गए थे। डॉ. फरहाना परवीन पाशा, डॉ. तैयब अली, डॉ. अंजनी पांडेय के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज की है।




### किसानों को फार्मर रजिस्ट्री के बारे में बताया

**भोट, अमृत विचार :** गुरुवार को सदर तहसील क्षेत्र के भोट में किसानों को फार्मर रजिस्ट्री के महत्व की जानकारी दी। जिसमें किसानों से फार्मर रजिस्ट्री का आह्वान किया।

बैठक में मौजूद किसानों को हल्का लेखपाल अमरेश कुमार ने फार्मर रजिस्ट्री के महत्व के बारे में जानकारी दी। उन्होंने बताया कि प्रदेश सरकार की ओर से चलाई जा रही विभिन्न कृषि योजनाओं का लाभ अब केवल उन्हीं किसानों को मिलेगा, जिनकी फार्मर रजिस्ट्री बनी होगी। उन्होंने किसानों को जागरूक करते हुए कहा कि यह रजिस्ट्री बनवाना अनिवार्य है। ताकि किसान सरकारी सहायता प्राप्त कर सकें। किसानों को फसल बीमा योजना और कृषि ऋण जैसी महत्वपूर्ण योजनाओं का लाभ मिलेगा। किसानों से अपील की कि वे गांव में पंचायत सहायक या जनसेवा केंद्र पर फार्मर रजिस्ट्री करवाएं और कृषि योजनाओं का लाभ उठाएं।

# मसवासी में धान खरीद क्रय केंद्र शुरू करने की मांग

संवाददाता, मसवासी

- **क्रय केंद्र न होने पर कम दाम में धान बेच रहे हैं किसान**

**अमृत विचार :** मसवासी क्षेत्र में धान खरीद के लिए कोई भी क्रय केंद्र चालू न किए जाने से किसानों की परेशानियां बढ़ गई हैं। मजबूरन किसानों को ओने-पौने दामों पर बिचौलियों को धान बेचने पर मजबूर होना पड़ रहा है। किसानों ने प्रशासन पर धान खरीद में उपेक्षा बरतने का आरोप लगाया है।

मसवासी क्षेत्र में धान खरीद के लिए कोई भी क्रय केंद्र स्थापित नहीं किया है। किसानों को मजबूरन काशीपुर और बाजपुर की अनाज मंडियों को अपना धान ले जाने पर मजबूर होना पड़ रहा है। इससे किसानों को कम दामों के साथ-साथ परेशानी का भी सामना करना पड़ रहा है। मसवासी में कई स्थानों पर मंडी की तर्ज पर धान की खरीद ओने पौने दामों पर खरीद की जा रही है, जिससे किसानों को भारी नुकसान उठाना पड़ रहा है। बता दें कि इस बार मानपुर किसान सेवा सहकारी समिति और मानपुर में धान क्रय केंद्र स्थापित नहीं किए गए हैं। नबी अहमद, फुरकान अली, एहसान हुसैन, राकेश कुमार, सर्वेश कुमार, भूकन लाल, चोखेराम, रूप किशोर, खान सिंह आदि ने धान खरीद केंद्र को लेकर प्रशासन पर उपेक्षा बरतने का आरोप लगाया है। ब्लॉक अध्यक्ष लखविंदर सिंह गिल किसानों का उत्पीड़न नहीं करने की मांग की और प्रशासन के खिलाफ आंदोलन की चेतावनी देते हुए कहा कि प्रशासन धान खरीद में लापरवाही बरत रहा है और किसानों को नुकसान पहुंचा रहा है। इसे किसी भी दशा में बर्दाश्त नहीं किया जाएगा।



मंडी समिति में मंडी सचिव से मिलते व्यापारी। ● अमृत विचार

# व्यापारियों ने मंडी सचिव को समस्याएं बताईं

कार्यालय संवाददाता, रामपुर

**अमृत विचार :** उद्योग व्यापार प्रतिनिधि से जुड़े व्यापारी गुरुवार को युवा राष्ट्रीय अध्यक्ष नीतीश अग्रवाल के साथ मंडी समिति पहुंचे। उसके बाद मंडी समिति पहुंचकर सबसे पहले मंडी समिति सचिव मनोज सूरी से मुलाकात की। व्यापार मंडल के युवा राष्ट्रीय अध्यक्ष नीतीश अग्रवाल ने विभिन्न बिंदुओं पर वार्ता की। मंडी समिति सचिव ने बताया कि 20 हैंडपंप हैं। लेकिन मौके पर जब जाकर देखा गया तो केवल सात हैंडपंप चालू थे। उन हैंडपंप से कीड़े निकल रहे। जिस पर मंडी अध्यक्ष नीतीश अग्रवाल द्वारा नाराजगी व्यक्त की। इस अवसर पर युवा राष्ट्रीय अध्यक्ष नीतीश अग्रवाल, प्रदेश मंत्री पप्पू खान, नूर अहमद, आजम खान, आमिर खान, शाहिद आदि लोग मौजूद रहे।

### कांशीराम के चित्र पर पुष्प अर्पित किए

**रामपुर, अमृत विचार :** बसपा संस्थापक कांशीराम के 19वें महापरिनिर्वाण दिवस पर सुरेंद्र सिंह सागर ने उनके चित्र पर पुष्प अर्पित कर नमन किया। उन्होंने कहा कि कांशीराम का जन्म 15 मार्च 1934 को पंजाब प्रांत में हुआ था। उन्होंने पूरा जीवन दलित, पिछड़ों और अल्पसंख्यकों के उत्थान और तरक्की में लगा दिया था। मौलाना फुरकान रजा, जितेंद्र बाबू, अंकुर सागर, हिमांशु सागर, आरिफ मलिक, भूरा प्रधान, जुनैद पाशा, महफूज अली, नितिन, सोनू गौतम आदि मौजूद रहे।



पुष्प अर्पित करते सुरेंद्र सिंह सागर व अन्य।

## न्यूज डायरी

### एलकेजी के छात्र की पिटाई, परिजनों का हंगामा

**बिलासपुर, अमृत विचार :** निजी स्कूल की शिक्षिका द्वारा एलकेजी के छात्र की मारपीट से गुस्साए परिजनों ने स्कूल प्रबंधन के खिलाफ हंगामा किया। मामला नगर के मोहल्ला पंजाबी कॉलोनी स्थित स्कूल का है। मोहल्ला भट्टी टोला के रहने वाले मुशर्रफ खां का चार वर्षीय पुत्र अजहर स्कूल में कक्षा एलकेजी का छात्र है। आरोप है कि शुक्रवार को छात्र द्वारा कार्य पूरा नहीं करने पर स्कूल की शिक्षिका ने छात्र की पिटाई कर दी। छात्र ने घर पहुंचकर यह बात परिवार को बताई। इससे गुस्साए परिजन शनिवार को स्कूल पहुंचे। गंभीर आरोप लगाते हुए खूब हंगामा किया। स्कूल प्रबंधक ने बताया कि स्कूल पर लगाए सभी आरोप निराधार हैं। शिक्षिका द्वारा अभिभावकों से क्षमा भी मांगी गई।

### देवी की मूर्ति को किया खंडित

**बिलासपुर, अमृत विचार :** मामला ईसानगर चौकी क्षेत्र के गांव जाफराबाद का है। गुरुवार तड़के कोतवाली पुलिस को कुछ व्यक्तियों द्वारा सूचना दी कि गांव स्थित माता मंदिर में देवी की मूर्ति को खंडित कर दिया है। सूचना पाकर प्रभारी निरीक्षक बलवान सिंह पुलिस बल के साथ गांव पहुंचे और पुजारी महेश शर्मा से वार्ता कर जानकारी जुटाई। पुजारी ने बताया कि गांव के मुख्य मार्ग पर माता का मंदिर में बुधवार रात किसी अज्ञात व्यक्ति ने मूर्ति को खंडित कर दिया है। मंदिर के मुख्य गेट पर ताला नहीं लगाया जाता है। धार्मिक स्थल चौबीसों घंटे ग्रामीणों के लिए खुला रहता है। उन्होंने पुलिस से शिकायत कर कार्रवाई की मांग की। प्रभारी निरीक्षक ने बताया कि इस प्रकरण की जांच की जा रही है।



### एक दिन की थानाध्यक्ष बनी साक्षी

**सैदनगर, अमृत विचार :** डॉ. अब्दुल कलाम इंटर कॉलेज करनपुर की छात्रा साक्षी को एक दिन के लिए अजीमनगर की थाना अध्यक्ष बनाया। गुरुवार को मिशन शक्ति फेज 5 के अंतर्गत इमरता निवासी राजकुमार सैनी की पुत्री कक्षा 10 की छात्रा साक्षी सैनी को एक दिन के लिए अजीमनगर थाना अध्यक्ष बनाया। थानाध्यक्ष कर्म सिंह पाल ने पुलिस से संबंधित जानकारी देते हुए नई थाना अध्यक्ष साक्षी को कार्यभार ग्रहण कराया। इस दौरान थानाध्यक्ष ने थाने में मौजूद समस्त रजिस्टरों का अवलोकन किया।

### पढ़ाई के साथ सेवा कार्य भी जरूरी : ब्रजगोपाल

**रामपुर, अमृत विचार :** सरस्वती विद्या मंदिर इंटर कॉलेज के आध्यात्मिक सत्र का संभाग सेवा संयोजक ब्रजगोपाल, मुनीश चंद्र शर्मा और प्रधानाचार्य विनोद कुमार ने दीप जलाकर उद्घाटन किया। संभाग सेवा संयोजक ब्रजगोपाल ने कहा कि हमें पढ़ाई के साथ-साथ सेवा कार्य भी करना चाहिए। कॉलेज में गुरुवार को आयोजित कार्यक्रम में मुख्य वक्ता ने कहा कि सेवा कार्य करने से हमें मानसिक शांति मिलती है और समाज के प्रति हमारा उत्तरदायित्व पूरा होता है। विशिष्ट अतिथि जैन इंटर कॉलेज के प्रवक्ता मुनीश चंद्र शर्मा ने कहा कि माता-पिता और गुरु इस धरती के भगवान हैं। प्रधानाचार्य विनोद कुमार ने अतिथियों को स्मृति चिह्न देकर सम्मानित किया।

### वाल्मीकि की शोभायात्रा निकाली

**स्वार, अमृत विचार :** गुरुवार को भारतीय वाल्मीकि धर्म समाज के तत्वावधान में नगर पंचायत नरपतनगर में भगवान वाल्मीकि के प्रकट उत्सव पर शोभायात्रा निकाली गई। शोभायात्रा का नेतृत्व भावाधस के राष्ट्रीय संयुक्त मंत्री दीप सिंह राही ने किया। शोभायात्रा का उद्घाटन नगर पंचायत चैयरमेन खालिद अली व भावाधस के राष्ट्रीय संचालक दीप लव ने संयुक्त रूप से फीता काटकर किया। कहा कि भगवान वाल्मीकि के उपदेशों को वाल्मीकि समाज अपने जीवन में उतारें। अपने बच्चों को शिक्षित कर समाज में व्याप्त बुराइयों का त्याग करें तभी समाज का विकास सम्भव है। शोभायात्रा में भावाधस के जिला अध्यक्ष अनिल राज वाल्मीकि, प्रदेश सचिव प्रेम नरेश वाल्मीकि, सर्वेश चौधरी, प्रदीप राजहंस, कपिल वाल्मीकि, रिषभ ठाकुर, अर्जुन गुप्ता, मुकुट लाल, जगवीर सिंह, राकेश चौधरी, सोनू, वीरू चौहान, संजीव, सचिन भूरा, राजू, विनोद रहे।

### दिव्यागों ने किया प्रदर्शन

**रामपुर, अमृत विचार :** आल इंडिया विकलांग सेवा संगठन ने कलेक्ट्रेट पर प्रदर्शन कर चार सूत्रीय ज्ञापन जिलाधिकारी जोगिंदर सिंह को सौंपा। ज्ञापन में बताया कि रामपुर में लखनऊ की कंपनी का कार्यालय पुराने श्रम न्यायालय के बराबर गली में है। इस कार्यालय द्वारा बिना विज्ञापन दिए और सेवायोजन से बेरोजगारों से नाम लिए बिना लोगों की भर्ती की जा रही है। संगठन से जुड़े लोग कलेक्ट्रेट पहुंचे और प्रदर्शन के बाद जिलाधिकारी को ज्ञापन सौंपा। ज्ञापन में कहा कि निकाले गए बिजली कर्मियों को दोबारा भर्ती किया जा रहा है। संगठन ने कंपनी का लाइसेंस निरस्त करने तथा दिव्यांगों को 5 प्रतिशत आरक्षण के आधार पर नौकरी दिलाने की मांग की है। दिव्यांगों के आयुष्मान कार्ड बनवाने, 200 यूनिट बिजली मुफ्त देने तथा अन्त्योदय राशन कार्ड बनवाने की भी मांग है। ज्ञापन पर नूर अहमद, सिफात अली खान, फैजान अली, विकास बाबू, राम बहादुर, आरिफ, विनोद कुमार, कैलाश, जावेद खां, फिरासत अली, रामकिशन, इकबाल, कौशल कुमार, वीरेंद्र कुमार और मुन्ना लाल के हस्ताक्षर हैं।

## न्यूज ब्रीफ

### महिलाओं को अधिकारों के बारे में बताया

**रामपुर, अमृत विचार :** सिविल लाइंस स्थित कोचिंग सेंटर में महिला थाने की ओर से मिशन शक्ति प्रभारी उप निरीक्षक दीपा चौहान ने नारी सुरक्षा, नारी सम्मान, नारी स्वावलंबन की जानकारी दी। उन्होंने महिलाओं एवं बालिकाओं को उनके अधिकारों, सामाजिक योजनाओं के बारे में बताया। उन्होंने बालिकाओं को हेल्पलाइन नंबर भी बताए। इस अवसर पर श्वेता कुमारी, राखी, सुनीता, अनिल, जितेंद्र सिंह, अमृता, दीप्ति, निकिता, विनोद कुमार, मलिक, चिरंजीव गुड्डू, राना तलत, इल्मास, सादिया, फौजिया, अंजू कौशिक, शालिनी अग्रवाल रहे।

### पदाधिकारियों का किया स्वागत

**रामपुर, अमृत विचार :** जन शक्ति दल के प्रदेश अध्यक्ष शिव शंकर लोधी ने ग्राम भौनकपुर निवासी ओमपाल को ग्राम पंचायत अध्यक्ष और गुरुदयाल को ग्राम सचिव नियुक्त किया है। उसके बाद दोनों पदाधिकारियों का फूल मालाएं पहनाकर उनका स्वागत किया गया। इस मौके पर शिव शंकर लोधी, ठाकुर, सुंधाशु सिंह, सर्वेश सागर, अनिल कोरी, कबीर मौजूद रहे।

### बच्चों की आंखों का किया चेकअप

**रामपुर, अमृत विचार :** कृष्णा विहार स्थित किट्स गार्डन जूनियर हाईस्कूल में सर्व सहयोग एक आस फाउंडेशन के तत्वावधान में सीएल गुप्ता आई इंस्टिट्यूट मुरादाबाद द्वारा नि :शुल्क नेत्र जांच शिविर का आयोजन किया गया। शिविर में 189 बच्चों की आंखों की जांच की गई। जांच के दौरान 1 बच्चे में मोतियाबिंद के लक्षण पाए। 10 बच्चों को चश्मे के नंबर आए। शिविर में डॉ. अभिषेक चौधरी, सहायक दीपिका, पूनम, एवं फातिमा खान रहीं। कार्यक्रम में फाउंडेशन के प्रदेश विकास अधिकारी गुंजन सक्सेना, सुहेल अहमद, मुकुल सक्सेना रहे।

### अस्पताल में मरीजों का किया चेकअप

**रामपुर, अमृत विचार :** बुधवार को रायपुर स्थित हार्ट बीट स्थित अस्पताल में बरेली के राममूर्ति अस्पताल की ओर से हृदय रोग शिविर का आयोजन हुआ। जिसमें बरेली से आए हृदय रोग विशेषज्ञ डॉ. दीपेश अग्रवाल ने मरीजों की जांच की। कैंप में परामर्श, ईसीजी ब्लड प्रेशर, शुगर आदि सुविधाएं निशुल्क दीं। डॉ. फवाद शमसी, अहसान नदीम, नितिन रस्तोगी रहे।

# आज पति की सुख-समृद्धि को सुहागिनें रखेंगी व्रत

कार्यालय संवाददाता, रामपुर

**अमृत विचार :** करवा चौथ की पूर्व संध्या पर सुहागिनों ने बाजारों में खरीदारी की। सिल्क की साड़ी और लहंगों के साथ महिलाओं ने ज्वेलरी की खरीदारी की। सुबह से ही बाजारों में महिलाओं की भीड़ रही। महिलाओं ने चांद और पति का दीदार करने के लिए करवा और छलनी भी खरीदी।

करवाचौथ आज धूमधाम से मनाया जाएगा। महिलाएं पिछले कई रोज से खरीदारी कर रही थीं। गुरुवार को बाजारों में रौनक दिखाई दी। साड़ियों की दुकानों पर भी महिलाओं की सुबह से ही भीड़ लगना शुरू हो गई थी।

कपूर साड़ी महल के स्वामी संचित कपूर ने बताया कि महिलाएं सिल्क की साड़ियां सबसे ज्यादा पसंद कर रही है। वहीं नई नवेली दुल्हन लहंगे पसंद कर रही हैं। सिविल लाइंस, मिस्टनगंज, राजद्वारा में भी सभी दुकानों पर भीड़ रही।



दुकान में साड़ी पंसद करतीं महिलाएं। ● अमृत विचार

# करवाचौथ पर हुए गेम, मीरा प्रथम




कार्यक्रम के दौरान मौजूद महिलाएं। ● अमृत विचार

कार्यालय संवाददाता, रामपुर

● **विजेता महिलाओं को पुरस्कार देकर सम्मानित किया गया**

**अमृत विचार :** महिला वैश्य सभा की ओर से करवाचौथ का कार्यक्रम किया। जिसमें करवाचौथ पर गेम खिलाए गए। पहले स्थान पर करवाचौथ गेम में मीरा गुप्ता प्रथम रहीं। अरुणा मांगलिक द्वितीय और सुमन गुप्ता तीसरे स्थान पर रही। विजेताओं को पुरस्कार देकर सम्मानित किया गया। महिलाओं ने डांडिया भी किया। कार्यक्रम का आरंभ ईश वंदना के साथ हुआ। उसके बाद हाऊजी सहित कई कार्यक्रम हुए। जिसमें महिलाओं ने हिस्सा लिया। महिलाओं को करवाचौथ के गिफ्ट बांटे गए। इस मौके पर रमा, एकता, नेहा, कोमल, बीना, रिमझिम, चंद्रप्रभा, सुषमा, कामिनी, बीना माहेश्वरी मौजूद रहे। समय बद्धता का पुरस्कार दीपा गुप्ता को दिया गया।

# मेहंदी प्रतियोगिता में फातिमा प्रथम और फिजा द्वितीय

**रामपुर, अमृत विचार :** राजकीय रजा स्नातकोत्तर महाविद्यालय में गुरुवार को मिशन शक्ति के तहत हुई मेहंदी प्रतियोगिता हुई। इसमें फातिमा प्रथम, फिजा द्वितीय और समरीन तृतीय स्थान पर रहीं। कार्यक्रम का आरंभ महाविद्यालय की प्राचार्य प्रो. जागृति मदान ढींगरा ने किया। प्राचार्य ने कहा कि मिशन शक्ति अभियान छात्र-छात्राओं में आत्मविश्वास और सजगता जगाने का महत्त्वपूर्ण माध्यम है। कार्यक्रम की नोडल अधिकारी प्रो. मीनाक्षी गुप्ता ने छात्राओं को मिशन शक्ति 5.0 के तहत आयोजित किए जा रहे कार्यक्रमों की विस्तृत रूपरेखा साझा करते हुए छात्राओं को उसमें उत्साहपूर्ण प्रतिभाग किया। प्रतियोगिता में अंग्रेजी विभाग की विभागाध्यक्ष डॉ. रेनू, डॉ. रेशमा परवीन, डॉ. राजकुमार, डॉ. साक्षी त्यागी, डॉ. उपदेश छिमबाल, इंदु भारती आदि मौजूद रहे।



रजा महाविद्यालय में मेहंदी प्रतियोगिता में शामिल छात्राएं। ● अमृत विचार

# तेज गति से विकास कर रहा उत्तर प्रदेश

## नगर विकास, ऊर्जा मंत्री ने 40 परियोजनाओं का किया लोकार्पण

कार्यालय संवाददाता, रामपुर

**अमृत विचार :** नगर विकास एवं ऊर्जा मंत्री एके शर्मा ने गुरुवार को कलेक्ट्रेट में विभिन्न विकास कार्यों का लोकार्पण व शिलान्यास किया। एके शर्मा ने कहा कि डबल इंजन की सरकार द्वारा उत्तर प्रदेश में विकास की गति तीव्र हुई है। नगर विकास की योजनाओं के अंतर्गत 14.88 करोड़ की लागत वाली 40 परियोजनाओं का लोकार्पण एवं शिलान्यास किया।

उन्होंने कहा कि सरकार का लक्ष्य है कि हर नागरिक को बेहतर सुविधाएं मिले। विकास कार्य जनता की उम्मीदों को साकार करने का माध्यम हैं। सरकार का हर प्रयास जनता के जीवन को सरल, स्वच्छ और सुरक्षित बनाने के लिए समर्पित है। इन विकास कार्यों का उद्देश्य आमजन के जीवन में वास्तविक सुधार लाना है। उन्होंने अधिकारियों से कहा कि सभी परियोजनाओं में गुणवत्ता पारदर्शिता लाने के निर्देश दिए। ऊर्जा विभाग के अंतर्गत लगभग चार करोड़ रुपये की लागत से 33 केवी विद्युत उपकेंद्र रम्पुरा, 8.25 किमी. लंबी 33 केवी लाइन तथा 7.2 किमी. 11 केवी लाइन का निर्माण कार्य कराया गया है। इन परियोजनाओं से क्षेत्र के हजारों उपभोक्ताओं को स्थिर, निर्बाध एवं गुणवत्तापूर्ण बिजली आपूर्ति सुनिश्चित होगी। अब उत्तर प्रदेश बिजली कटौती नहीं, बल्कि निर्बाध आपूर्ति के लिए जाना जा रहा है। इनमें लगभग 4 करोड़ की लागत से 8 कार्यों का शिलान्यास तथा 10.55 करोड़ से 32 कार्यों का लोकार्पण किया। इन योजनाओं में नाली, इंटरलॉकिंग, स्ट्रीट लाइट, पार्क, पेयजल आपूर्ति एवं स्वच्छता से जुड़ी परियोजनाएं शामिल हैं।

आईआईए के चेयरमैन श्रीष गुप्ता ने नगर विकास एवं ऊर्जा मंत्री एके शर्मा को ज्ञापन दिया। उन्होंने बरेली रोड पर 33 केवी की 50 वर्ष पुरानी जर्जर विद्युत लाइन को अपग्रेड कर रोड साइड पर स्थापित करने की मांग की। इस 33 केवी औद्योगिक पोषक से बरेली रोड पर छह औद्योगिक इकाइयों जुड़ी हुई है, जिनका विद्युत भार 8850 केवीए है और जिनसे प्रतिमाह लगभग 3.5 से 4 करोड़ रुपए का बिल का भुगतान विभाग प्राप्त होता है।



यूपी ट्रेड शो स्वदेशी मेले का उद्घाटन करते मुख्य अतिथि। ● अमृत विचार

### यूपी ट्रेड शो स्वदेशी मेले का किया उद्घाटन

नगर विकास एवं ऊर्जा मंत्री एके शर्मा ने यूपी ट्रेड शो स्वदेशी मेला 2025 का भी उद्घाटन किया। उन्होंने राष्ट्रीय ग्रामीण आजीविका मिशन, महिला स्वयं सहायता समूहों, कुटीर एवं हस्तशिल्प उद्योगों तथा स्थानीय उत्पादों के स्टालों का अवलोकन किया। वहां प्रदर्शित नवाचारों व उत्पादों की सराहना की। उन्होंने कहा कि स्वदेशी उत्पादों का उपयोग करना देशभक्ति की सच्ची अभिव्यक्ति है। जब हम स्वदेशी वस्तुओं को अपनाते हैं, तो हम न केवल अपनी संस्कृति को सहेजते हैं।

### नगर विधायक के कार्यों की सराहना की

**रामपुर, अमृत विचार :** नगर विकास मंत्री ने शहर विधायक आकाश सक्सेना द्वारा तीन साल में कराए विकास कार्यों को सराहा। उन्होंने कहा कि हमने विधायक को बोल दिया है कि वह रामपुर के विकास के लिए सिर्फ काम बताएं, ब्लैंक चेक उनके नाम होगा। नगर विकास विभाग की हर योजना में रामपुर को प्राथमिकता दी जाएगी। उन्होंने चाकू उद्योग, मैंथा कारोबार, जरी जरदोजी के बारे में जानकारी की।

### स्ट्रीट वेंडरों को सशक्त बनाने के लिए काम कर रही सरकार

नगर विकास विभाग द्वारा बाजारों के सौंदर्यीकरण, बुनियादी सुविधाओं के सुदृढ़ीकरण और स्ट्रीट वेंडरों को सहयोग देने की दिशा में कार्य किया जा रहा है। ताकि स्थानीय व्यापार को प्रोत्साहन मिले। उन्होंने जनता से आह्वान किया जब हम विदेशी वस्तुओं की जगह अपने देश की बनी वस्तुएं खरीदते हैं, तो हम अपने किसान, मजदूर, बुनकर, शिल्पकार और व्यापारी का जीवन संवारते हैं। इस अवसर पर सदर विधायक आकाश सक्सेना, जिलाधिकारी जोगिंदर सिंह, मुख्य विकास अधिकारी नंदकिशोर कलाल, पुलिस अधीक्षक विद्यासागर मिश्र, जिलाध्यक्ष हरीश गंगवार, पूर्व सांसद घनश्याम लोधी, संबंधित विभागीय अधिकारी, नगर पालिका अध्यक्ष, अनेक गणमान्य सहित स्थानीय नागरिक प्रमुख रूप से उपस्थित रहे।

# कबड्डी प्रतियोगिता में बमनपुरी की टीम चैंपियन

कार्यालय संवाददाता, रामपुर

**अमृत विचार :** पंडित दीनदयाल उपाध्याय के जन्म शताब्दी वर्ष के उपलक्ष्य में जूनियर वर्ग की कबड्डी प्रतियोगिता का आयोजन स्पोर्टस कॉम्पलेक्स सींगनखेड़ा में हुआ। कबड्डी प्रतियोगिता का पहला मैच बमनपुरी स्टेडियम और पूर्व उच्च माध्यमिक विद्यालय लालपुर कलां की टीमों के मध्य खेला गया। फाइनल मुकाबले में बमनपुरी स्टेडियम की टीम सनैया जट की टीम को 18-14 से हराकर चैंपियन बनी।

प्रतियोगिता का उद्घाटन मुख्यातिथि ब्लॉक प्रमुख सैदनगर मोहित सैनी, विशिष्ट अतिथि जिला उद्यान अधिकारी अजय कुमार, ग्राम प्रधान भूप सिंह, भूपेन्द्र सिंह ने खिलाड़ियों से परिचय प्राप्त कर किया गया। ब्लॉक प्रमुख सैदनगर द्वारा कबड्डी के 20 खिलाड़ियों को गोद लेकर खेल किट उपलब्ध कराने के लिए आश्वासन दिया। जिला क्रीड़ा अधिकारी संतोष कुमार अतिथियों को पुष्प गुच्छ देकर स्वागत किया।



कबड्डी के मैच में भिड़तीं टीमें।

जिसमें बमनपुरी स्टेडियम की टीम ने पूर्व उच्च माध्यमिक विद्यालय लालपुर कलां की टीम को 10-8 से शिकस्त दी। दूसरा मैच सनैया जट और पनवड़िया स्टेडियम की टीमों के बीच खेला गया। इसमें सनैया जट 11-6 के अंतर विजेता रही। फाइनल मुकाबले में बमनपुरी स्टेडियम की टीम ने सनैया जट की टीम को 18-14 से शिकस्त दी। निर्णायक में डॉ. अनूप कुमार सिंह, अमरपाल सिंह यादव, रामबहादुर, अरुण कुमार, फरहत अली खां, मोहम्मद फहीम और राहुल रहे। प्रतियोगिता का समापन जिला युवा कल्याण अधिकारी विशाल कुमार ने किया।

# यंग मैन क्लब टांडा ने नगीना को 4-1 से हराया

संवाददाता, टांडा

**अमृत विचार :** मंसब अली स्पोर्ट्स स्टेडियम में एचआर रॉयल कमेटी द्वारा आयोजित डॉ. भीमराव आंबेडकर फुटबॉल टूर्नामेंट के मैच में यंग मैन क्लब टांडा ने नगीना की टीम को 4-1 के अंतर से पराजित कर अगले राउंड में प्रवेश किया।

टूर्नामेंट के पहले हाफ के 15वें मिनट में नगीना के जुबैर ने गोल कर टीम को बढ़त दिलाई। दूसरे हाफ में यंगमैन क्लब ने खेल का रुख बदल दिया। 40वें मिनट में आकिब ने पहला गोल कर बराबरी दिलाई। 46 वें मिनट में उसामा ने दूसरा गोल दागा। इसके बाद 50वें मिनट में आकिब ने दूसरा और टीम का तीसरा गोल किया। 58वें मिनट में अमान ने निर्णायक चौथा गोल कर टीम की विजय सुनिश्चित की। उत्कृष्ट प्रदर्शन के लिए दो गोल करने वाले आकिब को श्रेष्ठ खिलाड़ी का सम्मान फिरासत अली द्वारा दिया। मैच के रेफरी राहत अली, लाइनमैन सगीर गुड्डू और अजहरुद्दीन अज्जू रहे, स्कोरर मुईन खान तथा कमेंटेटर सईद सागर व महफूज मुन्ना रहे। इस दौरान टूर्नामेंट कमेटी के अध्यक्ष कारी रिजवान, अमीर अहमद, उवैस प्रिंस, शहाबुद्दीन, दाऊद, जैद कुरैशी रहे।



विजयी टीम को पुरस्कार देते मुख्य अतिथि।

# मंडलायुक्त ने सड़क बनवाने के दिए निर्देश

**रामपुर, अमृत विचार :** सैदनगर विकास खंड के सैनपुर से नगलिया आकिल को जाने वाले जर्जर मार्ग को बनाने की मांग पर मंडलायुक्त ने संज्ञान लिया है। जिला पंचायत सदस्य मुस्तफा हुसैन के अनुरोध पर मंडल आयुक्त ने लोक निर्माण विभाग को निर्देश जारी किए हैं। क्षेत्र वासियों की मांग को उठाते हुए मंडलायुक्त को ज्ञापन पत्र भेजकर क्षेत्रवासियों की समस्याओं को अवगत कराते हुए बताया कि सैदनगर क्षेत्र के ग्राम सैनपुर से नगलिया आकिल की दूरी 1 किमी है। इस मार्ग पर 10 वर्ष पूर्व खड़ंजा लगा था, जोकि वर्तमान समय में जर्जर व गड्ढों में तब्दील हो चुका है। सैनपुर से दर्जनों गांवों के लोगों का आवागमन लगा रहता है। जिला पंचायत सदस्य की मांग पर अब मंडलायुक्त ने मुख्य विकास अधिकारी से सैनपुर की सड़क को बनवाने के निर्देश दिए हैं।

# 800 मीटर दौड़ में अमित प्रथम और जितेंद्र द्वितीय

कार्यालय संवाददाता, रामपुर

● **महात्मा गांधी स्टेडियम में चल रहा तीन दिवसीय शैक्षिक युवा क्रीड़ा समारोह**

**अमृत विचार :** तीन दिवसीय जनपदीय शैक्षिक युवा क्रीड़ा समारोह स्वार रोड स्थित महात्मा गांधी स्टेडियम में हो रहा है। गुरुवार को सीनियर वर्ग 800 मीटर बालक वर्ग में अमित कुमार प्रथम, जितेंद्र द्वितीय और इंदल तृतीय स्थान पर रहे।

अंडर 19 बालिका वर्ग में शगुन प्रथम, आयुषी द्वितीय और नजमीश तृतीय स्थान पर रहीं। माध्यमिक विद्यालयों एवं बेसिक शिक्षा विभाग की सब जूनियर, जूनियर एवं सीनियर बालक, बालिका वर्ग की एथलेटिक्स प्रतियोगिताएं हुईं। लंबी कूद सब जूनियर 14 वर्ष आयु वर्ग में रोशनी प्रथम, मनप्रीत कामिनी द्वितीय रहीं। लंबी कूद जूनियर 17 वर्ष आयु वर्ग गुनगुन प्रथम, काजल द्वितीय, सलोनी तृतीय रही। लंबी कूद सीनियर 19 वर्ष आयु वर्ग अंजलि प्रथम, नजमीस द्वितीय, विद्या तृतीय रही। बालिका वर्ग 600 मीटर दौड़ छवि प्रथम, गुंजन द्वितीय, सलोनी तृतीय रही। 800 मीटर जूनियर वर्ग बालिका वर्ग में संजना प्रथम, बालिका सीनियर वर्ग 19 वर्ष में अंजलि सिंह प्रथम, अक्षिता द्वितीय और निशा तृतीय रही। ट्रिपल जंप बालिका वर्ग जूनियर 17 वर्ष में सृष्टि प्रथम, आरती द्वितीय और प्रियांशी तृतीय रही। सीनियर 19 वर्ष बालिका वर्ग में काजल प्रथम, सरस्वती द्वितीय। हैमर थ्रो बालिका वर्ग जूनियर 17 वर्ष में पलक प्रथम, राखी द्वितीय, सोफिया तृतीय रहीं।

## न्यूज डायरी



### छात्राओं ने स्कूल में लगाई मेहंदी

**रामपुर, अमृत विचार :** ब्लॉक सैदनगर के प्राथमिक विद्यालय लालपुर कलां में छात्राओं और स्टाफ द्वारा करवाचौथ का पर्व मनाया गया। इस दौरान छात्राओं के बीच मेहंदी प्रतियोगिता हुई। प्रधानाध्यापक शबनम आरा द्वारा करवा चौथ के बारे में विस्तार से छात्राओं को बताया गया।

### तंबाकू मुक्त प्रचार वाहन को डीएम ने दिखाई झंडी

**रामपुर, अमृत विचार :** राष्ट्रीय तंबाकू नियंत्रण कार्यक्रम के तहत तंबाकू मुक्त युवा अभियान 3 का उद्घाटन जिलाधिकारी जोगिन्दर सिंह ने प्रचार वाहन को झंडी दिखाकर किया। जिलाधिकारी व मुख्य चिकित्सा अधिकारी डॉ. दीपा सिंह तथा नोडल अधिकारी डॉ. संतोष कुमार ने हस्ताक्षर अभियान में प्रतिभाग किया। जागरूकता एवं जनमानस को तंबाकू संबंधी बीमारियों एवं इससे होने वाली हानियां तथा इसके बचाव के उपाय उपायों की जागरूकता के लिए प्रचार वाहन को जिलाधिकारी द्वारा झंडी दिखाकर कलेक्ट्रेट परिसर से रवाना किया। तंबाकू नियंत्रण प्रकोष्ठ के जिला सलाहकार डॉ. शहजाद हसन खां ने बताया कि तंबाकू मुक्त युवा अभियान 3 दो माह तक मनाया जाएगा। इसमें विशेष रूप से जागरूकता कार्यक्रम एवं तंबाकू मुक्त ग्राम तथा शिक्षण संस्थानों को तंबाकू मुक्त करना तथा कोटपा अधिनियम 2003 का अनुपालन कराना रहेगा।

### मिशन शक्ति के तहत बैंक ने छात्राओं को किया जागरूक

**स्वार, अमृत विचार :** गांव रुस्तम नगर छपर्रा स्थित डॉ. श्यामा प्रसाद मुखर्जी सरस्वती विद्या मंदिर उच्चतर माध्यमिक विद्यालय में कार्यक्रम हुआ। यहां प्रधानाचार्य पंडित विनोद कुमार मिश्रा के नेतृत्व में आचार्य दीदी अंजलि मोरिया के साथ जिला सहकारी बैंक रुस्तम नगर पहुंचकर छात्रवृत्ति प्राप्त करने के लिए बचत खाता खोलकर बैंक से संबंधित लेनदेन की जानकारी हासिल की। अनम, गूंजनी, महिमा, दीक्षा, इकरा, काजल, आकांक्षा, रीति, सिमरन एवं रोशनी ने मुख्य रूप से भाग लिया। शाखा प्रबंधक द्वारा नारी सशक्तिकरण एवं महिला सम्मान तथा स्वावलंबन के लिए बैंक के द्वारा खाता खोलने पर पासबुक चेक बुक एटीएम एवं गूगल पे आदि सुविधाओं के विषय में बताया गया।



### दूसरे के धर्म का सम्मान करें : अवतार

**रामपुर, अमृत विचार :** वीर खालसा सेवा समिति की ओर से महर्षि वाल्मीकि प्रकट दिवस पर शोभायात्रा का स्वागत किया गया। इस मौके पर समिति के सदस्य गुरुद्वारा श्री गुरु सिंह सभा के पास शोभायात्रा का स्वागत किया। समिति के अध्यक्ष अवतार सिंह ने कहा हम सब का फर्ज बनता है कि सभी दूसरे के धर्म का सम्मान करें। सभी त्योहार मिल-जुलकर मनाएं। इस मौके पर समिति के अध्यक्ष अवतार सिंह, गुलशन अरोड़ा, सनी कपूर, मनमीत सिंह, कुलविंदर सिंह, नवनीत सिंह मौजूद रहे।



### छात्रा ने जीता गोल्ड मेडल

**रामपुर, अमृत विचार :** माध्यमिक शिक्षा विभाग द्वारा महात्मा गांधी स्टेडियम में जनपदीय अंडर 14 चक्का फेंक, गोला फेंक प्रतियोगिता में बेसिक शिक्षा विभाग के कंपोजिट विद्यालय अलीपुर ठेका- बिलासपुर की छात्रा मुशरिफा ने प्रथम स्थान प्राप्त करके गोल्ड मेडल जीता। बालिका मुशरिफा जनपद संभल में आयोजित मंडलीय प्रतियोगिता में प्रतिभाग करेगी। खंड शिक्षा अधिकारी बिलासपुर राजेंद्र सिंह बोरा, जिला बेसिक शिक्षा अधिकारी कल्पना देवी ने मुशरिफा को बधाई दी।

### कफ सिरप को लेकर चला अभियान

**रामपुर, अमृत विचार :** जिलाधिकारी के निर्देशन में औषधि निरीक्षक मुकेश कुमार ने जनपद में संचालित मेडिकल स्टोर क्लीनिक हॉस्पिटल पर छापामार कार्रवाई की। प्रतिबंधित कफ व कोल्ड सिरप की जांच की। अभी तक 17 नमूने सिरप का संग्रहित कर जांच के लिए राजकीय प्रयोगशाला लखनऊ भेजे गए। जांच रिपोर्ट के बाद नियम अनुसार कार्रवाई की जाएगी। औषधि निरीक्षक ने बताया कि कफ सिरप एक बार खुलने पर कुछ दिनों के भीतर ही खराब होने की आशंका बढ़ जाती है। खांसी की समस्या होने पर घर पर रख पुराने कफ सिरप का इस्तेमाल न करें, किसी भी दवा का इस्तेमाल करते समय एक्सपायरी अवश्य देखें।

**आयोजन** | लोगों ने बरात का जगह-जगह फूल वर्षा कर स्वागत किया

# धूमधाम से निकाली श्रीराम बरात, लगे जयकारे

संवाददाता, ढकिया

**अमृत विचार :** कस्बे में आदर्श रामलीला मंडल के तत्वावधान में हो रही रामलीला के मंचन के दौरान गुरुवार को परंपरागत तरीके से भगवान श्री राम, लक्ष्मण, भरत और शत्रुघ्न की बरात निकाली गई। मार्ग में बरात का जगह-जगह फूल वर्षा कर स्वागत किया गया। महिलाओं और पुरुष ने भगवान श्री राम की आरती उतारी।

ग्राम देवता स्थान पर चल रही रामलीला स्थल पर मुख्य अतिथि आलोक सिंह व रामलीला कमेटी अध्यक्ष डॉ. मनोज कुमार सिंह, केपी सिंह, सतीश कुमार सिंह, कोमिल सिंह आदि ने ग्राम देवता की विधि विधान से पूजा अर्चना की। जिसके बाद मुख्य अतिथि आलोक सिंह ने फीता काटकर व श्रीराम समेत चारों भाइयों का अभिषेक करके बरात को रवाना किया। बैंड और ढोल ताशे घोड़ा बग्गी के साथ बरात निकली, दृश्य देखने के लिए भीड़ उमड़ पड़ी। राम बरात मेन मार्केट, मस्जिद मार्ग, पुलिस चौकी मार्ग, अस्पताल मार्ग होते हुए रामलीला स्थल पर पहुंची। राम बरात में सबसे आगे गुरु वशिष्ठ के साथ राजा दशरथ, भरत शत्रुघ्न रथ पर सवार थे। इसके पीछे वाले रथ पर गरुड़ पर भगवान विष्णु बैठे हुए थे। वहीं तीसरे रथ पर गुरु विश्वामित्र के साथ राम, लक्ष्मण विराजमान रहे। एक रथ पर भगवान श्रीराम, लक्ष्मण, माता सीता और हनुमान सवार थे। पूरे कस्बे में निकली राम बरात से माहौल भक्तिमय हो गया। इस दौरान लोगों ने जयकारे लगाकर पुष्पवर्षा की।

श्रीराम बरात में कमेटी के अध्यक्ष डॉ. मनोज सिंह, केपी सिंह, सतीश कुमार सिंह, कोमिल सिंह, विक्की, सोबरन सिंह, पिंटू, रमेश कुमार सिंह, नंदकिशोर गुप्ता, ओमपाल चौहान, अंकित, रवि, पूर्व प्रधान राजपाल सिंह, आशीष कुमार सिंह, राजवीर सिंह आदि मौजूद रहे।



राम बरात का उद्घाटन करते मुख्य अतिथि आलोक सिंह।



राम बरात में शामिल झांकी।

# खिलाड़ियों को नैनीताल सांसद ने किया सम्मानित

**बिलासपुर, अमृत विचार :** सात अक्टूबर को रुद्रपुर के मनोज सरकार स्पोर्ट्स स्टेडियम में जिला उधम सिंह नगर में कराटे प्रतियोगिता का आयोजन किया था। जिसमें विभिन्न स्कूलों से 180 से अधिक खिलाड़ियों ने प्रतिभाग किया था। जिले से कराटे प्रशिक्षक नीरज सिंह ने बताया की मुख्य अतिथि नैनीताल सांसद अजय भट्ट व रुद्रपुर महापौर विकास शर्मा और अंतर्राष्ट्रीय खिलाड़ी लक्ष्मण सिंह ने प्रतियोगिता का फीता काटकर उद्घाटन किया। वहीं बिलासपुर से पहुंचे खिलाड़ियों में बालिका वर्ग में काव्या सिंह ने प्रदर्शन किया। बालक वर्ग में शिवांश सक्सेना मयंक कुमार, राजन, व यश कुमार ने पदक प्राप्त कर जिले का नाम रोशन किया। अकादमी पहुंचने पर खिलाड़ियों का स्वागत करने के लिए खेल प्रेमी रोहित सक्सेना, संचित अग्रवाल, प्रियंका अग्रवाल, अरविंद कुमार ने स्वागत किया।

## न्यूज ब्रीफ

### विवाद के बाद मार पीटकर घायल किया

**संभल/मनोटा,अमृत विचार :** थाना ऐंचौड़ा कम्बोह क्षेत्र के गांव ऐचवाडा डींगर निवासी सुभाष ने पुलिस को दी तहरीर में बताया कि 4 अक्टूबर को वह अपनी पत्नी प्रियंका और मां चन्द्रवती के साथ भैंसा बुग्गी लेकर खेत पर जा रहा था। इस दौरान भैंसा बिदक गया और बुग्गी गांव के ही कुलदीप के खेत में घुस गई। आरोप है कि इस पर कुलदीप, उसकी मां, बहन और पत्नी ने गालियां देनी शुरू कर दीं और विरोध करने पर लाठी-डंडों से हमला कर दिया। मारपीट के दौरान उसे खुली और गुम चोटें आईं। पुलिस ने मुकदमा दर्ज कर जांच शुरू कर दी है।

### छात्राओं ने जागरूकता रैली निकाल दिया संदेश

**रजपुरा,अमृत विचार :** कस्बा रजपुरा में मिशन शक्ति अभियान के तहत सिपाही लाल स्मारक किसान इंटर कालेज की छात्राओं ने मिशन शक्ति अभियान के तहत महिला सुरक्षा और सशक्तिकरण के लिए गुरुवार दोपहर करीब 12 बजे जागरूकता रैली निकाली। प्रबंधक अवधेश कुमार उर्फ पिंटू यादव ने हरी झंडी दिखाकर रवाना किया। छात्राओं ने महिला सशक्तिकरण का संदेश देते हुए हेल्पलाइन नंबर भी बताये।

# थाईलैंड से दिल्ली पहुंचते ही एयरपोर्ट पर सट्टेबाजी रैकेट के दो सदस्य दबोचे

## अकाउंट का काम संभालने वाला दिल्ली का मुकेश कक्कड़ व अंकित एयरपोर्ट पर गिरफ्तार

कार्यालय संवाददाता,संभल

**अमृत विचार:** संभल पुलिस ने ऑनलाइन गेमिंग और सट्टेबाजी से फर्जीवाड़ा करने वाले गिरोह के दो और सदस्यों को गिरफ्तार किया है। इन दोनों के खिलाफ पुलिस ने लुकआउट नोटिस जारी किया था। थाईलैंड से दिल्ली पहुंचते ही एयरपोर्ट पर दोनों को गिरफ्तार कर लिया गया। पुलिस अब तक इस गिरोह के 11 सदस्यों को गिरफ्तार कर चुकी है। एक करोड़ से ज्यादा की रकम इनके बैंक खातों में सीज कराई गई है।

पुलिस अधीक्षक कृष्ण कुमार विश्नोई ने बताया कि सीओ आलोक भाटी के निर्देशन में संभल पुलिस ने ऑनलाइन गेमिंग के बड़े गिरोह का खुलासा कर कार्रवाई की । यह गिरोह देश भर में नेटवर्क बनाकर बड़े पैमाने पर ऑनलाइन सट्टेबाजी का धंधा चला रहा था। जंबो 365 वेबसाइट के जरिए 500 से ज्यादा फ्रेंचाइजी देश भर में खोली गई थीं। एक फ्रेंचाइजी से 1 साल में 7 से 8 करोड़ रुपए तक कमाकर गिरोह हवाला के जरिए विदेश भेज देता था। करता था। पुलिस ने दो माह पहले गिरोह के 5 लोगों को गिरफ्तार किया था। इसके बाद 4 और सदस्यों को गिरफ्तार किया गया। जांच के दौरान ही पता चला कि दिल्ली के मुखर्जी नगर का रहने वाला मुकेश कक्कड़ अकाउंट देखता था जबकि मुकेश के बेटे का साला मॉडल टाउन दिल्ली का रहने वाला अंकित कुमार भी गिरोह का खास सदस्य था। पुलिस कार्रवाई के डर से यह दोनों विदेश भाग गये थे। पुलिस ने इनके खिलाफ लुक आउट नोटिस जारी किया था। मुकेश कक्कड़ व अंकित को लगा कि पुलिस अब शांत हो गई है तो दोनों फिर से काम को गति देने के लिए थाईलैंड से दिल्ली आ गये। दोनों जैसे ही फ्लाइट से उतरे तो जांच पड़ताल में दोनों को हवाई अड्डे पर रोककर संभल पुलिस को सूचना दी गई। इसके बाद पुलिस ने दोनों को गिरफ्तार कर लिया। एसपी ने बताया कि अब तक लगभग 700 फर्जी अकाउंट फ्रीज किए गए हैं ।



जानकारी देते एसपी कृष्ण कुमार विश्नोई, पीछे खड़े आरोपी। ● अमृत विचार

### आम लोगों के खातों में जमा करते थे पैसा

सीओ आलोक भाटी ने बताया कि रैकेट के संचालक फर्जी तरीके से आमजन के नाम पर खाते खुलवाकर उनमें सट्टेबाजी का पैसा जमा करते थे। आरोपी पुलिस की नजर बचने के लिए आधार कार्डों पर पता बदलवाकर नए फर्जी आधार कार्ड बनवाते और उन फर्जी आधारों के आधार पर सिम लेकर अवैध खातों को लिंक करते थे।

## भाजपा सभासद के घर चोरी-आगजनी में नशेड़ी गिरफ्तार

**संभल, अमृत विचार:** भाजपा सभासद के घर चोरी और आगजनी की वारदात का पुलिस ने नशेड़ी को गिरफ्तार खुलासा करने का दावा दिया है। उसके कब्जे सेपीतल के बर्तन और शैक्षिक दस्तावेज बरामद किए गए हैं।

7 अक्टूबर को कोटपूर्वी क्षेत्र के बीजेपी सभासद गगन वार्ष्णेय के घर में चोरी और आगजनी हुई थी। सीओ आलोक भाटी ने बताया कि पुलिस ने रागिब उर्फ टावर पुत्र वाशित निवासी तुर्तीपुरा हाल निवासी मियां कॉलोनी, थाना मझोला,मुरादाबाद को गिरफ्तार किया है। रागिब ने नशे में घर में घुसकर बर्तन और अन्य वस्तुएं चुरा ली थीं। इसके बाद घर में आग लग गई। पुलिस जांच में सामने आया कि आग शॉर्ट सर्किट के कारण लगी थी। पुलिस ने रागिब के पास से दो पीतल के लोटे, एक चम्मच, एक कटोरी, एक गिलास, एक प्लास्टिक थैला , एक प्रवेश पत्र और एक मार्कशीट बरामद की है। उसके खिलाफ पहले से आठ आपराधिक मुकदमे दर्ज हैं।

## खेलकूद में दूसरे दिन छात्र छात्राओं ने दिखाई प्रतिभा


विजेता प्रतिभागियों को सम्मानित करतीं पालिका अध्यक्ष लता वार्ष्णेय। ● अमृत विचार

**संभल/चंदौसी, अमृत विचार:** एसएम इंटर कॉलेज चंदौसी में शैक्षिक युवा क्रीड़ा समारोह के दूसरे दिन लम्बी कूद, 1500 मीटर दौड़, 3000 मीटर दौड़, भाला फेक, चक्का फेक, 400 मीटर दौड, 110 मीटर पगबाधा, 400 मीटर पगबाधा, ऊंची कूद आदि खेलों का आयोजन किया गया।

व्यवस्था में संयोजक बालक दयाशंकर और संयोजिका बालिका अंजू गुप्ता के साथ ही प्रधानाचार्य राजेश गुप्ता ने भूमिका निभाई। नगर पालिका अध्यक्षा लता वार्ष्णेय ने प्रोत्साहित किया। जिला क्रीड़ा सचिव सचिन शर्मा और जिला क्रीड़ा सहसचिव संजीव कुमार के साथ अन्य शारीरिक शिक्षक भी कार्यक्रम में सक्रिय रहे। अनुशासन समिति में योगेश बाबू, मंच संचालन में एके सिंह, लेखा समिति के प्रभारी बालक मनोज कुमार, बालिका वर्ग में गणेश सिंह, प्राथमिक चिकित्सा के प्रभारी नेमचंद व मीडिया समिति में आकाश शर्मा आदि रहे।

## स्वदेशी मेला किया आरंभ आत्मनिर्भर भारत का संदेश


स्वदेशी मेले का उद्घाटन करते प्रदेश उपाध्यक्ष सतपाल सैनी। ● अमृत विचार

**संभल/चंदौसी,अमृत विचार:** स्वदेशी मेले का भाजपा प्रदेश उपाध्यक्ष एमएलसी सतपाल सैनी ने उद्घाटन किया। कहा कि स्वदेशी वस्तुओं का उपयोग करेंगे, तभी आत्मनिर्भर भारत का सपना साकार होगा।

मेले में हैंडीक्राफ्ट, खादी, मूर्ति, शहद, सरसों का तेल, सेंधा नमक, मखाने, आर्टिफिशियल ज्वेलरी, धूपबत्ती, अचार आदि के स्टॉल लगाए गए हैं। भाजपा जिलाध्यक्ष हरेन्द्र सिंह ने स्वदेशी उत्पादों की खरीदारी करने की अपील की। संचालन जिला महामंत्री अर्जुन वाल्मीकि ने किया। नगर अध्यक्ष अंकुर अग्रवाल ने आभार व्यक्त किया। कमल कुमार, मनोज कठेरिया, सुधीर मल्होत्रा, अंकित जैन, डॉ. टीएस पाल, तरुण कुमार नीरज, अभिनव शर्मा, आकाश आहूजा, आशा गोस्वामी, राजेश पाल शीला सागर आदि उपस्थित रहे।

## ज्वालापुरी में मंदिरों से पीतल के घंटे व एक घर में की चोरी

**संभल/ कुढफतेहगढ, अमृत विचार:** थाना कुढफतेहगढ क्षेत्र के गांव सराय ज्वालापुरी में बुधवार की रात चोरों ने दो मन्दिरों को निशाना बनाया और पीतल के घंटे चोरी कर ले गए। पुलिस चोरों की तलाश कर रही है। एक ग्रामीण के घर पर भी चोरी की।

सराय ज्वालापुरी गांव में गेल इंडिया के निकट सुधीर शर्मा के व्यक्तिगत मंदिर का ताला तोड़कर चोरों ने दस किलो वजन का पीतल का घंटा चुरा लिया। इसके बाद गांव के पश्चिम में चामुंडा देवी के मंदिर में बंधे आधा दर्जन घंटे भी चोर खोल कर ले गए। चोर यहीं नहीं रुके। गांव में सुमित पुत्र मुखराम की दुकान के बराबर में बने कमरे से सिलेंडर,वर्तन,अनाज आदि पर हाथ साफ कर दिया। गांव में एक ही रात में तीन जगह चोरियां कर चोरों ने पुलिस को चुनौती दी है।

# बालिकाओं, महिलाओं को सुरक्षा व स्वावलंबी बनाना उद्देश्य

संवाददाता,बहजोई

**अमृत विचार:** संभल कल्कि महोत्सव व विकास उत्सव के चौथे दिन प्रथम सत्र में दिव्यांगजन एवं वरिष्ठ जन सम्मेलन में एमएलसी सतपाल सैनी ने दिव्यांग जनों को सहायक उपकरण वितरित किए। कहा कि प्रधानमंत्री के नेतृत्व में भारत आगे बढ़ रहा है। द्वितीय सत्र में केंद्रीय मंत्री बीएल वर्मा ने महिलाओं की सुरक्षा सम्मान और आत्मनिर्भरता पर चर्चा की। राज्य महिला आयोग की अध्यक्ष बबीता चौहान ने महिला सशक्तिकरण पर संवाद किया।

बड़ा मैदान पर चल रहे संभल कल्कि महोत्सव व विकास उत्सव के चौथे दिन आयोजित दिव्यांगजन एवं वरिष्ठ जन सम्मेलन सोशल सेक्टर कार्यक्रम का शुभारंभ मुख्य अतिथि एमएलसी सतपाल सैनी, डीएम राजेंद्र पैंसिया, सीडीओ गोरखनाथ भट्ट सहित अन्य अतिथियों ने मां सरस्वती के सम्मुख दीप प्रज्वलित कर किया। भारतीय चरित्र निर्माण संस्था नई दिल्ली से आए स्वामी कृष्णानंद झा ने कहा कि संभल धर्म की भूमि है। यहां भगवान कल्कि का अवतार होना है। डीएम ने कहा कि दिव्यांगजन क्षेत्र में संभल में बहुत ही महत्वपूर्ण कार्य किए गए हैं। सीएमओ डॉ तरुण पाठक, परियोजना निदेशक ज्ञान सिंह, डीडीओ रामाशीष, भाजपा जिला महामंत्री कमल कुमार कमल, जिला उपाध्यक्ष विपिन कुमार गुप्ता, नगर अध्यक्ष ललित मोहन शर्मा, जिला दिव्यांगजन सशक्तीकरण अधिकारी माधवी पांडे, जिला अल्पसंख्यक कल्याण अधिकारी दिलीप कुमार सहित आदि मौजूद रहे।

द्वितीय सत्र में मिशन शक्ति को लेकर कार्यक्रम आयोजित किया गया। केंद्रीय राज्य मंत्री बीएल वर्मा ने कहा कि महिलाओं एवं बालिकाओं को सुरक्षा सम्मान और स्वाभिमानी बनाना ही मिशन शक्ति कार्यक्रम का उद्देश्य है। उन्होंने सामाजिक न्याय विषय पर विस्तार से बताया। उन्होंने कहा कि महिलाएं देश में बढ़ चढ़कर अपनी हिस्सेदारी निभा रही है एवं महत्वपूर्ण कार्य कर रही हैं। अपर पुलिस अधीक्षक अनुकृति शर्मा ने कहा कि महिलाओं को नवरात्रि के पर्व के विषय में जानकारी होनी चाहिए । बच्चों ने सांस्कृतिक कार्यक्रम प्रस्तुत किए उन्हें प्रस्तुति पत्र देकर सम्मानित किया गया।


बहजोई में कल्कि महोत्सव मंच पर प्रस्तुति देते बच्चे। ● अमृत विचार


केंद्रीय मंत्री बीएल वर्मा व डा . बबीता चौहान को पुस्तक भेंट करते डीएम व एसपी।

### ● संभल कल्कि महोत्सव में दिव्यांग जनों को मिले सहायक उपकरण

### कवियों ने श्रोताओं को किया मुग्ध

शाम के सत्र में अखिल भारतीय कवि सम्मेलन का आयोजन किया गया। जिसमें बाहर से आए कवि अभय सिंह निर्भीक, दीपक गुप्ता, डॉ अंजु सिंह, डॉ शुभम त्यागी, डॉ सौरभ कांत शर्मा, श्यामा, विनीत चौहान ने अपनी कविता के माध्यम से श्रोताओं का दिल जीत लिया। देर रात्रि तक चल कवि सम्मेलन में कवियों ने एक से बढ़कर एक प्रस्तुति देकर श्रोताओं को तालियां बजाने पर मजबूर किया।

# गोष्ठी में महिला आयोग अध्यक्ष शामिल

कार्यालय संवाददाता, संभल/मनोटा

**अमृत विचार:** उत्तर प्रदेश राज्य महिला आयोग की अध्यक्ष डॉ. बबीता सिंह चौहान ने मंगलवार को विकासखंड मनोटा में आयोजित पंचायत पोषण गोष्ठी में भाग लिया।

मनौटा में गाष्ठी में डॉ. बबीता सिंह चौहान ने आंगनबाड़ी कार्यकत्रियों का धन्यवाद करते हुए सरकार की योजनाओं और महिलाओं की सुरक्षा के लिए किए जा रहे प्रयासों की जानकारी दी। उन्होंने कहा कि प्रदेश सरकार महिलाओं की सुरक्षा और सम्मान के लिए पूरी तरह प्रतिबद्ध है। हर स्तर पर सख्त इंतजाम किए गए हैं ताकि किसी भी महिला के साथ अन्याय न हो सके। जनसुनवाई सत्र में दो महिलाओं ने ससुराल पक्ष द्वारा प्रताड़ित किए जाने की शिकायत की। महिला आयोग की अध्यक्ष ने पुलिस इंस्पेक्टर रेनू सिंह से सहायता करने के निर्देश दिए। कार्यक्रम में विशिष्ट अतिथि राज्य महिला आयोग की सदस्य अवनी सिंहउपस्थित रहीं। संचालन बाल विकास परियोजना अधिकारी रचना यादव ने किया।


ऐंचोड़ा कंबोह कल्कि धाम में पूजा अर्चना करतीं डा . बबीता चौहान। ● अमृत विचार

### कल्कि धाम में किया पूजन

डॉ . बबीता चौहान व सदस्य अवनी सिंह श्री कल्कि धाम ऐंचौड़ा कंबोह पहुंचीं। उन्होंने श्री कल्कि पीठाधीश्वर आचार्य प्रमोद कृष्णम के सानिध्य में पूजन-अर्चन किया। डॉ . बबीता चौहान ने कहा कि अयोध्या में श्री राम मंदिर निर्माण के बाद संभल में श्री कल्कि धाम का निर्माण त्रेता युग से कलयुग की यात्रा के समान है। हमारा सौभाग्य है कि हम इस ऐतिहासिक कार्य के साक्षी हैं।

# ज्ञानपुर के जंगल में 18 पोलों से तार चोरी, आपूर्ति बाधित

कार्यालय संवाददाता, संभल/ मनोटा

**अमृत विचार:** थाना ऐंचौड़ा कंबोह क्षेत्र के गांव ज्ञानपुर में चोरों ने बड़ी वारदात को अंजाम देते हुए 33 केवीए बिजली लाइन के 18 पोलों से तार चोरी कर लिया। इससे कई गांवों में बिजली आपूर्ति बाधित हो गई। जेई ने तहरीर दी है।

अमरोहा जनपद के 33/11 केवी उपकेंद्र सैदनगली से संचालित विद्युत आपूर्ति लाइन थाना क्षेत्र के गांव ज्ञानपुर के जंगल में होकर गुजरती है। अवर अभियंता नवीन कुमार ने थाना ऐंचौड़ा कंबोह में दी तहरीर में बताया कि मंगलवार की रात अज्ञात चोरों ने सूखी नहर के पास से गुजर रही विद्युत लाइन के 18 पोलों का लगभग 3.028 किलोमीटर लंबा एल्युमिनियम तार काटकर चोरी कर लिया। अवर अभियंता ने घटना की जानकारी मिलते ही मौके पर पहुंचकर स्थिति का जायजा लिया और थाने में रिपोर्ट दर्ज कराकर कानूनी कार्रवाई की मांग की। पुलिस ने तहरीर के आधार पर अज्ञात चोरों के खिलाफ मुकदमा दर्ज कर जांच शुरू कर दी है। पुलिस का कहना है कि शीघ्र ही चोरी की घटना का खुलासा किया जाएगा।

### ● अवर अभियंता ने थाना ऐंचौड़ा कंबोह में दी तहरीर

## न्यूज डायरी

### कॉन्फ्रेंस मीट में पदाधिकारियों को किया गया सम्मानित

**संभल/चंदौसी,अमृत विचार :** यूनिट 14 के अवॉर्ड कॉन्फ्रेंस मीट का आरंभ मुख्य अतिथि फेडरेशन-5 अध्यक्ष डॉ . उमेश अग्रवाल, सुधा चौधरी, लव कुमार आर्य, पदमा भार्गव, सुभाष एवं यूनिट डायरेक्टर क्षमा अग्रवाल द्वारा किया गया। संगठन के विभिन्न पदाधिकारियों को उनके उत्कृष्ट योगदान, समर्पण और नेतृत्व के लिए स्मृति चिन्ह देकर सम्मानित किया गया। कार्यक्रम में प्रेसिडेंट, डीओए, डीओएफ समेत कई पदाधिकारियों को यूनिट डायरेक्टर द्वारा विशेष सम्मान प्रदान किया गया। कार्यक्रम में प्रियांशी, काव्या, शुभा, शुभ्रा, रागिनी, कविता बच्चन, रिशु अग्रवाल, गीताली अग्रवाल, अंजली चौधरी, स्वाति, योजना, अलका मंगलम, रेखा शर्मा, लव कुमार आर्य, प्रीति और शिवानी सक्सेना आदि सदस्य उपस्थित रहीं।


यूनिट 14 के कार्यक्रम में सम्मानित किये गये पदाधिकारी।


नारे लगाते रथ यात्रा में शामिल कार्यकर्ता।


कांशीराम परिनिर्वाण दिवस मनाते सपा नेता।

### भारत स्वाभिमान क्रांति रथ यात्रा का किया भव्य स्वागत

**संभल, अमृत विचार :** भारत राष्ट्रीय सेवक संघ के तत्वावधान में निकाली जा रही भारत की मिट्टी,भारत स्वाभिमान क्रांति रथ यात्रा गुरुवार को छठे दिन संभल पहुंची। इस दौरान भारत माता की जय और वंदे मातरम के नारों से वातावरण गूंज उठा। यात्रा का नेतृत्व संघ के राष्ट्रीय अध्यक्ष प्रो . विनोद नागर कर रहे हैं। उन्होंने कहा, यह यात्रा राष्ट्र निर्माण का संकल्प है। इसके माध्यम से जन-जन तक राष्ट्रभक्ति, आत्मगौरव और सामाजिक समरसता का संदेश पहुंचाया जा रहा है। वक्ताओं ने नागरिक उत्तरदायित्व, स्वच्छता, सामाजिक एकता और सांस्कृतिक धरोहर के संरक्षण पर बल दिया। रथ यात्रा देहपा, सिंहपुरसानी, कुरकावली, रिठाली, रुकनुद्दीन सराय, चौधरी सराय चौराहा व चंदौसी चौराहा होते हुए मुरादाबाद रवाना हुई। जिलाध्यक्ष कामेन्द्र चौधरी,अशोक कुमार अधाना, कुलदीप शर्मा, मिंकू चौधरी, सुभाष चाहल, रविंद्र प्रताप, विनीत नागर, रविता देवी, निशा देवी आदि कार्यकर्ता शामिल रहे।

### पिछड़ों,दलितों और अल्पसंख्यकों के मसीहा थे कांशीराम

**संभल/चंदौसी, अमृत विचार :** समाजवादी पार्टी पदाधिकारियों-कार्यकर्ताओं ने मान्यवर कांशीराम का परिनिर्वाण दिवस श्रद्धा और सम्मान के साथ मनाया। उपस्थित नेताओं ने उन्हें सामाजिक न्याय और समानता की लड़ाई का अग्रदूत बताया। जिला अध्यक्ष असगर अली अंसारी ने कहा कि कांशीराम पिछड़ों, दलितों और अल्पसंख्यकों के मसीहा थे। पूर्व प्रत्याशी विमलेश कुमारी ने कहा कि हमें कांशीराम के बताए हुए रास्ते पर चलकर समाज में समानता और भाईचारे का संदेश फैलाना चाहिए। जिला महासचिव कृष्ण मुरारी शंखधार, पूरन लाल मौय, उमेश यादव, भावना सक्सेना, अमर सिंह यादव, कामरेड रेवा राम, मुन्ना लाल मौर्य, शोभित कुमार काका, मास्टर आकिल साहब, गुलशन राय, ओम प्रकाश प्रजापति, एडवोकेट सुभाष वाल्मीकि, रत्नेश भारती, वीरपाल यादव, आसिफ इकबाल आदि ने संबोधित किया।

### आजाद अधिकार सेना ने राष्ट्रपति शासन लगाने की उठाई मांग

**संभल,अमृत विचार :** प्रदेश में हाल के दिनों में घटित घटनाओं को लेकर आजाद अधिकार सेना ने गुरुवार को प्रदर्शन करते हुए राज्य में राष्ट्रपति शासन की मांग की। आरोप लगाया कि प्रदेश में कानून-व्यवस्था की स्थिति लगातार बिगड़ती जा रही है। कार्यकर्ता दोपहर को उपजिलाधिकारी कार्यालय पहुंचे और एसडीएम की अनुपस्थिति में तहसीलदार धीरेंद्र प्रताप सिंह को ज्ञापन सौंपा। प्रदर्शन के दौरान वक्ताओं ने प्रदेश में हाल में घटी कई घटनाओं का उल्लेख करते हुए कहा कि बरेली में 26 सितंबर को मुस्लिम समुदाय के प्रदर्शन के बाद की गई पुलिस कार्रवाई, मस्जिदों पर छापेमारी और बुलडोजर कार्रवाई ने आम जनता में भय और असमंजस का माहौल पैदा कर दिया है। प्रदेश महासचिव खिजर गौस, फैजान खान, डॉ . शाहनवाज, किशनपाल, अरमान खान, रेहान खान, तैमूर, रऊफ किदवई, फुरकान समेत बड़ी संख्या में कार्यकर्ता मौजूद रहे।


तहसीलदार को ज्ञापन देते आजाद अधिकार सेना कार्यकर्ता।

# खेत के चारों ओर लगे तारों में करंट से किसान की मौत

**संभल/ रजपुरा,अमृत विचार:** रजपुरा थाना क्षेत्र के गांव सेमरी में खेत में काम करते समय चोरों ओर लगे तार की बाड़ में करंट की चपेट में आने से किसान मौत हो गई।


मृतक हेमराज।

रजपुरा थाना क्षेत्र के गांव सेमरी निवासी हेमराज उर्फ टिंकू (30) पुत्र प्रेमशंकर खेतीबाड़ी कर परिवार का पेट पालता था। हेमराज ने आवारा पशुओं को रोकने के लिए खेत के चारों तरफ तारों की फेंसिंग लगवाई थी। गुरुवार सुबह हेमराज अपने खेत में काम कर रहा था। इसी बीच खेत के चारों तरफ लगे तारों में करंट आ गया। करंट की चपेट में आने से हेमराज की मौत हो गई। पुलिस ने शव पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है।

### कार की टक्कर से बाइक सवार मेडिकल संचालक की मौत

**संभल/ रजपुरा, अमृत विचार :** तेज रफ्तार कार की टक्कर से बाइक सवार युवक की मौत हो गई। रजपुरा के गांव ब्यौरा निवासी दुर्गेश कुमार (26) पुत्र राजवीर सिंह रजपुरा में मेडिकल स्टोर चलाता था। गुरुवार दोपहर बाइक से गांव जा रहा था। पीछे से आ रही तेज रफ्तार कार ने बाइक में टक्कर मार दी। दुर्गेश की मौके पर ही मौत हो गई। चालक कार को लेकर मौके से फरार हो गया। सूचना पर पहुंची पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है। करवा चौथ से एक दिन पहले सुहाग उजड़ने से दुर्गेश की पत्नी बुरी तरह बिलख रही है।


मृतक दुर्गेश।

# महिलाओं ने सौंदर्य प्रसाधन, कपड़ों आभूषणों की जमकर खरीदारी की

कार्यालय संवाददाता,संभल/चंदौसी

**अमृत विचार:** संभल जनपद के संभल व चंदौसी में करवा चौथ पर्व को लेकर महिलाओं में विशेष रूप से उत्साह बना रहा।महिलाएं कपड़े व अन्य सामान के साथ-साथ जेवरात खरीददारी में भी जुटी रहीं।

करवा चौथ पर बिछिया और मंगलसूत्र महिलाओं के लिए पहली पसंद बने हैं, जिन्हें सुहाग की निशानी माना जाता है। महिलाओं के लिए यह पर्व बेहद खास होता है, जिसका वह बेसब्री से इंतजार करती है। पर्व को लेकर कई दिनों पहले ही तैयारी शुरू कर दी गई है। पर्व के दिन महिलाएं सिर से लेकर पांव तक महिला 16 श्रृंगार करती है, जिसमें बिंदी, सिंदूर, काजल, कान के बूंदे, मेंहदी, मंगलसूत्र, नत्थ, अंगूठी, कमरबंद, चूड़ियां, बाजूबंद, गजरा, मांग टीका, पायल, बिछिया और सूट की खरीदारी करतीं हैं। हालांकि महिलाएं विशेष योजना के तहत खरीदारी में जुटी है तो वहीं सराफा बाजार के कारोबारियों के चेहरे पर पर्व की खुशी कम दिखाई दे रही है। सर्राफा व्यापारी नितिन अग्रवाल ने बताया की इस बार भी उम्मीद के अनुसार कारोबार होने के आसार नहीं है। इसके पीछे आर्थिक स्थिति के साथ-साथ सोने-चांदी के भाव का बढ़ना भी है। ऐसे में महिलाएं आर्टिफिशियल आभूषणों की ओर भी ज्यादा आकर्षित हो रहीं हैं।


सर्राफ की दुकान से आभूषण खरीदतीं महिलाएं। ● अमृत विचार

### ● करवा चौथ की खरीदारी को बाजार रहे गुलजार

## खाद्य सुरक्षा विभाग ने एक लाख की सोनपापड़ी पकड़ी

**गजरौला, अमृत विचार:** खाद्य सुरक्षा विभाग की टीम ने गुरुवार की शाम सोपापड़ी फैक्ट्री में छापेमारी की। टीम ने 3500 डिब्बे सोन पापड़ी के जब्त किए हैं। इससे इस तरह के कारोबारियों में खलबली है।

शहर के मोहल्ला जलाल नगर में सोनपापड़ी फैक्ट्री पर खाद्य सुरक्षा विभाग के सहायक आयुक्त विनय कुमार अग्रवाल के नेतृत्व में छापेमारी की गई। फैक्ट्री बिना लाइसेंस पंजीकरण के संचालित मिली। मानकों का उल्लंघन कर सोनपापड़ी बनाई जा रही थी। फैक्ट्री में काजू और पिस्ता की जगह रंगीन मूंगफली का इस्तेमाल किया जा रहा था। पैकेट पर खाद्य तेल से निर्मित होने का दावा किया गया था। लेकिन रिफाइंड तेल मिलावटी प्रयोग किया जा रहा था। टीम ने मौके से 400 ग्राम के करीब 3500 डिब्बे जब्त किए जिनकी कीमत करीब एक लाख पांच हजार रुपये बताई जा रही है। सोन पापड़ी, रिफाइंड तेल, मैदा समेत चार नमूने जांच के लिए भेजे हैं।

# ट्रांसफार्मर बदलवाने की मांग, किया प्रदर्शन

## गांव हथिया खेड़ा में लगे ट्रांसफार्मर से वोल्टेज की होती है दिक्कत

संवाददाता, हसनपुर

**अमृत विचार :** ग्रामीणों ने ट्रांसफार्मर बदलवाने की मांग को लेकर विद्युत विभाग के खिलाफ नारेबाजी करते हुए प्रदर्शन किया। ग्रामीणों का कहना है कि ट्रांसफार्मर अधिक वोल्टेज निकाल रहा है और एक साथ ही वोल्टेज कम हो जाते हैं। जिससे उपभोक्ताओं के उपकरण फुक गए हैं।

गुरुवार को कोतवाली क्षेत्र के गांव हथिया खेड़ा के ग्रामीणों ने विद्युत विभाग के खिलाफ प्रदर्शन करते हुए कहा कि गांव में 25 केवीए का ट्रांसफार्मर आठ दिन पूर्व लगाया गया था। ट्रांसफार्मर में वोल्टेज कभी अधिक व कभी कभी कम हो रहे हैं। गुरुवार की देर रात अधिक वोल्टेज आने के कारण लगभग बीस कनेक्शन धारकों के उपकरण फुंक गए। ग्रामीणों ने प्रदर्शन करते हुए विद्युत विभाग से ट्रांसफार्मर बदलवाने की मांग की है। प्रदर्शन करने वालों में नेतराम सिंह, ब्रह्म सिंह, हरिओम, मदनपाल, सुरेंद्र सिंह, सोनू, प्रीतम सिंह, संजय सिंह, खूबी सिंह, कुवर पाल सिंह, राकेश कुमार, महिपाल सिंह, नेपाल सिंह, राजवीर सिंह, धर्मपाल सिंह, जगदीश सिंह ठेकेदार, सूरज सिंह, ओंकार, मनवीर, महेंद्र, राजवीर, शिवा, राजेंद्र आदि मौजूद रहे।



ट्रांसफार्मर को लेकर प्रदर्शन करते ग्रामीण। ● अमृत विचार

- वोल्टेज में उतार-चढ़ाव से उपकरण फुंक जाते हैं



ग्राम शेखपुर झकडी में मार्ग पर गंदगी एवं जल भराव। ● अमृत विचार

## 15 गांवों को जोड़ने वाला लिंक मार्ग बदहाल

**हसनपुर, अमृत विचार :** 15 गांव को जोड़ने वाले लिंक मार्ग पर जलभराव एवं गंदगी के कारण निकलना दुश्वार हो गया है। ग्रामीणों के द्वारा कई बार शिकायत करने के बाद भी अधिकारियों ने कोई ध्यान नहीं दिया। ग्रामीणों में भारी रोष व्याप्त है। तहसील क्षेत्र के ग्राम शेखपुर झकडी के मुख्य मार्ग पर जल भराव एवं गंदगी के कारण ग्रामीणों को काफी दिक्कत हो रही है। यह मार्ग 10 से 15 गांव को जोड़ता है। लेकिन कोई भी जन प्रतिनिधि इस मार्ग की दुर्दशा पर ध्यान नहीं दे रहा है। ग्रामीणों ने कई बार अधिकारियों को ज्ञापन सौंपकर इस समस्या का समाधान करने की मांग की थी लेकिन हर बार ग्रामीणों को निराशा हाथ लगती है। भाकियू भानू के तहसील उपाध्यक्ष लव कुश कुमार ने बताया कि पूर्व में यूनियन के माध्यम से उप जिलाधिकारी को ज्ञापन भी सौंपा गया था लेकिन समस्या का समाधान नहीं हुआ। उन्होंने बताया कि विद्यालय जाते समय बच्चे फिसल कर गिर जाते हैं। उनकी कॉपी किताब एवं कपड़े खराब हो जाते हैं। जल्दी ग्रामीणों के साथ मिलकर उच्च अधिकारियों से शिकायत दर्ज कराई जाएगी।

## भाजपाइयों ने केंद्रीय राज्यमंत्री बीएल वर्मा का किया स्वागत

संवाददाता, सैदनगली

**अमृत विचार :** नगर पंचायत सैदनगली घंटाघर चौराहे पर सामाजिक न्याय एवं अधिकारिता मंत्रालय उपभोक्ता मामले, खाद्य एवं सार्वजनिक वितरण मंत्रालय के राज्यमंत्री बीएल वर्मा का भाजपा जिला महामंत्री अभिनव कौशिक के नेतृत्व कार्यकर्ताओं ने स्वागत किया।

बीएल वर्मा दिल्ली से संभल के बहजोई में एक निजी कार्यक्रम में जा रहे थे। राज्य मंत्री ने नगर पंचायत में एक मूर्ति देखकर नगर पंचायत अध्यक्षा की प्रशंसा भी की। शेखर गुप्ता, प्रेम शर्मा, सभासद निकेश कुमार राघव, सभासद अमित भाटी, सभासद अमित गुर्जर, सभासद भगवत खड़कवंशी, सभासद नईम अहमद, सभासद मेहरबान, फरीद कुरैशी, सभासद राशिद अली, अजीत चौधरी, पुनीत चौधरी, सुधीर शर्मा, अमरजीत गुर्जर, रिंकू गुर्जर, निगम बजरंगी आदि शामिल रहे।



केंद्रीय राज्यमंत्री बीएल वर्मा का स्वागत करते अभिनव कौशिक। ● अमृत विचार

## एक दिन की डीएम यशिका ने सुनीं समस्याएं

कार्यालय संवाददाता, अमरोहा

**अमृत विचार :** मिशन शक्ति के तहत राजकीय बालिका इंटर कॉलेज की 11वीं कक्षा की छात्रा यशिका प्रकाश को एक दिन का सांकेतिक डीएम बनाया गया। जिलाधिकारी निधि गुप्ता वत्स ने छात्रा को बुके देकर सम्मानित किया। छात्रा को डीएम की कार्यप्रणाली के बारे अवगत कराया।

इस दौरान यशिका ने लोगों की समस्याओं को सुना और अधिकारियों को निस्तारण के निर्देश दिए। यशिका ने कहा कि एक दिन का डीएम बनना सौभाग्य की बात है। वह अब इस पद को पाने के लिए कड़ी तरीके से मेहनत करेंगी। डीएम निधि गुप्ता ने कहा कि मिशन शक्ति 5.0 का उद्देश्य छात्राओं को सशक्त बनाना और उनका आत्मविश्वास बढ़ाना है। अभी हमारी युवा पीढ़ी है, जो स्कूली शिक्षा में अध्ययनरत है उन्हें इसके माध्यम से प्रेरणा मिल सके तथा उच्च पदों पर जाने के लिए उनका मनोबल बढ़ सके। उन्होंने कहा कि बेटियों को बिना भेदभाव के शिक्षित कर आगे बढ़ाने की जरूरत है।



एक दिन की डीएम यशिका प्रकाश, साथ में बैठीं जिलाधिकारी निधि गुप्ता वत्स।

### छात्रा शिफा बनी एक दिन की प्रधानाचार्य



**सैदनगली, अमृत विचार :** मिशन शक्ति के अंतर्गत सोहनलाल देवती इंटर कॉलेज में कक्षा 12 की छात्रा शिफा को एक दिन की प्रधानाचार्य बनाया गया। छात्रा ने स्कूल के कामकाज को देखा। छात्र-छात्राओं से कहा कि विद्यालय में साफ सफाई का विशेष ध्यान रखें। समय से विद्यालय आएं और अपने कार्य को पूरा करे। प्रबंधक जगसरण सिंह सैनी ने बताया कि मिशन शक्ति का मुख्य कार्य महिलाओं और बालिकाओं की सुरक्षा, सम्मान और स्वावलंबन को सुनिश्चित करना है।

## जनसेवा केंद्र से लूटे 80 हजार रुपये

**सैदनगली, अमृत विचार :** जनसेवा केंद्र पर दो बदमाश संचालक की बेटी को धमकाकर गल्ले में रखे 80, हजार रुपये लूटकर फरार हो गए। पुलिस को तहरीर दी गई है।

गांव बालानागल निवासी शिवनरेश बेगपुर मुंडा चौराहे पर जनसेवा केंद्र चलाते हैं। बुधवार की शाम करीब 6 बजे शिवनरेश अपनी बेटी इशिका सिंह को दुकान पर छोड़कर दवाई लेने चले गए थे। इसी दौरान दो बदमाश दुकान में घुस आए। उन्होंने इशिका सिंह को डराया-धमकाया और गल्ले से 80 हजार रुपये निकाल फरार हो गए। शिवनरेश ने थानू में अज्ञात बदमाशों के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज कराने के लिए प्रार्थना पत्र दिया है। थाना अध्यक्ष विकास सहरावत ने बताया कि जांच कराई जा रही है। जन सेवा केंद्र के आसपास कैमरे नहीं हैं। मामला संदिग्ध लग रहा है।

# जीएसटी को लेकर सरकार का जताया आभार

- भाजपाइयों ने व्यापारियों के साथ किया धन्यवाद सम्मेलन
- कार्यक्रम में जनता को स्वदेशी अपनाने की दिलाई शपथ

संवाददाता, मंडी धनौरा

**अमृत विचार :** संकल्प अभियान के अंतर्गत जीएसटी रिफार्म, आत्मनिर्भर भारत-घटी जीएसटी मिला उपहार धन्यवाद मोदी सरकार विधानसभा सम्मेलन कार्यक्रम का आयोजन हुआ। कार्यक्रम का आरंभ मुख्य अतिथि विधायक राजीव तरारा, भाजपा व्यापार प्रकोष्ठ के प्रदेश संयोजक विनीत अग्रवाल शारदा व जिला संयोजक रविराज सरन ने पंडित दीन दयाल उपाध्याय व भारत माता के चित्र के सम्मुख दीप प्रज्वलित कर किया। सम्मेलन में व्यापारियों ने जीएसटी की दरों में कमी के लिए मोदी सरकार का आभार जताया।

विधायक राजीव तरारा ने कहा कि सरकार की नीतियां व्यापार और उद्योग के विकास का मार्ग प्रशस्त कर रही हैं। उन्होंने व्यापारियों से कर सुधारों की जानकारी लेने और अपने व्यवसाय को और अधिक सशक्त बनाने की अपील की। जीएसटी प्रणाली में लगातार सुधारों से व्यापारिक पारदर्शिता बढ़ी है और व्यवसायियों का सरकार में विश्वास मजबूत हुआ है। कहा कि हमें घर-घर तक स्वदेशी वस्तुओं को पहुंचाना होगा। यही आत्मनिर्भर भारत की दिशा में एक सराहनीय कदम होगा।

भाजपा व्यापार प्रकोष्ठ के प्रदेश संयोजक विनीत अग्रवाल शारदा ने कहा कि गरीब कल्याण ही मोदी सरकार का उद्देश्य है। मोदी सरकार ने व्यापारी एवं आम जनता की कठिनाइयों को समझा और ऐतिहासिक निर्णय लेते हुए जीएसटी की कर दरों में कमी की। व्यापारी देश की रीढ़ होता है जो राष्ट्र की प्रगति में बहुत बड़ा योगदान देता है। उन्होंने विधानसभा सम्मेलन में व्यापारियों से हर घर स्वदेशी, घर घर स्वदेशी का संदेश अपनाने का आह्वान किया। भाजपा जिलाध्यक्ष उदयगिरि गोस्वामी, ईश्वर चंद गुर्जर, हिमांशु त्यागी, मंडल अध्यक्ष गौरव अग्रवाल, कपिल भड़ाना, रोहित आर्य, सुनील गुप्ता, कमल अग्रवाल, राजीव अग्रवाल, अजय गोयल, अशोक घरोटिया, प्रशांक त्यागी, नरेंद्र जाटव, सुरेंद्र सैनी, चिंतामणि अग्रवाल, सुभाष बंसल, श्याम सुंदर वर्मा, बृजेश अग्रवाल, सूरज अग्रवाल, निहार त्यागी, प्रिंस चावला सहित आदि कार्यकर्ता व व्यापारी मौजूद रहे।



स्वदेशी अपनाने की शपथ लेते भाजपा कार्यकर्ता व व्यापारी। ● अमृत विचार

## ट्रैक्टर ट्राली की टक्कर से बाइक सवार युवती की मौत

**मंडी धनौरा, अमृत विचार:** धान लदी ट्रैक्टर ट्राली की टक्कर से मोटरसाइकिल सवार युवती की दर्दनाक मौत हो गई। पुलिस ने मृतका के भाई की तहरीर पर ट्रैक्टर ट्राली चालक के विरुद्ध मुकदमा दर्ज किया है।

बुलंदशहर के थाना बीवी नगर निवासी सोनू पुत्र अनिल शर्मा गुरुवार की दोपहर अपनीममेरी बहन शिवानी के साथ थाना क्षेत्र के गांव नाननौर माफी जा रहा था। बिहपुरी से पहले मोड पर सामने से आए एक ट्रैक्टर ट्राली चालक ने तेजी और लापरवाही से चलते हुए मोटरसाइकिल में टक्कर मार दी। मोटरसाइकिल पर सवार शिवानी नीचे गिर गई और सिर पर ट्रैक्टर ट्राली का पहिया चढ़ने से उसकी मौत हो गई। प्रभारी निरीक्षक बालेंद्र कुमार ने शव पोस्टमार्टम को भेज दिया। सोनू की तहरीर पर पुलिस में अज्ञात ट्रैक्टर ट्राली चालक के विरुद्ध मुकदमा दर्ज किया है।

**कार की टक्कर से स्कूटी सवार दंपती घायल,** गजरौला, अमृत विचार: क्षेत्र के गांव सलारपुर निवासी अजय सिंह अपनी पत्नी पुष्पा देवी के साथ स्कूटी से बुधवार की रात किसी काम से गजरौला आ रहा था। इसी दौरान नेशनल हाईवे पर हल्दीराम होटल के पास पीछे से कार ने उनकी स्कूटी में जोरदार टक्कर मार दी। जिसमें स्कूटी सवार दंपती घायल हो गए। हादसे के बाद मौके पर राहगीरों की भीड़ जमा हो गई। जमा हुए राहगीरों ने घायल दंपति को निजी अस्पताल में भर्ती कराया। प्रभारी निरीक्षक मनोज कुमार ने बताया कि इस मामले में अजय के पिता की तहरीर पर रिपोर्ट दर्ज कर जांच शुरू कर दी गई है।

## कांशीराम को परिनिर्वाण दिवस पर सपाइयों ने अर्पित की श्रद्धांजलि



कार्यकर्ताओं को संबोधित करते पूर्व मंत्री कमाल अख्तर।

**हसनपुर, अमृत विचार :** पूर्व मंत्री कमाल अख्तर ने कांशीराम के परिनिर्वाण दिवस पर श्रद्धा सुमन अर्पित किए। कहा कि कांशीराम ने अपने जीवन को समाज के वंचित, शोषित, पिछड़े और कमजोर वर्गों के उत्थान को समर्पित कर दिया था।

गुरुवार को सपा कैंप कार्यालय पर कार्यक्रम में विधायक कमाल अख्तर ने कहा कि कांशीराम का संघर्ष समाज में समानता, भाईचारे और न्याय की स्थापना के लिए था। उन्होंने हमेशा समाज को एकजुट रहने और अपने अधिकारों के लिए संगठित होकर संघर्ष करने का संदेश दिया। कांशीराम का योगदान भारतीय राजनीति में अविस्मरणीय है। कार्यकर्ता कांशीराम के बताए मार्ग पर चल समाज के हर वर्ग को जोड़ने और बेहतरी के लिए कार्य करें।

नवल कुमार जाटव, अखिलेश जाटव, साजिद खान, पूर्व विधायक पीतम सिंह, रूपचंद जाटव, डॉक्टर बबलू गौतम, आरिफ़ अख़्तर, संदीप गुर्जर, फ़ैसल अल्वी, वसीम मलिक, बदर कुरैशी, युसूफ कुरैशी, पवन अग्रवाल, विक्की अब्बास, राहुल सागर, रुम सिंह सागर, अनिल जाटव, पप्पू जाटव, महेश प्रधान, हरबंस प्रधान, चंद्रभान जाटव, रूप किशोर जाटव, रवि जाटव, राजीव जाटव, पप्पू जाटव आदि मौजूद रहे।


# राष्ट्रीय मानसिक स्वास्थ्य कार्यक्रम

**राष्ट्रीय मानसिक स्वास्थ्य कार्यक्रम के अन्तर्गत 10 अक्टूबर 2025 दिन शुक्रवार को विश्व मानसिक स्वास्थ्य दिवस के अन्तर्गत एक वृहद कैम्प का आयोजन प्रातः 9 बजे से जिला चिकित्सालय सिविल लाइन्स, मुरादाबाद में आयोजित किया जा रहा है। जिसमें मानसिक रोगियों का परीक्षण व उपचार निःशुल्क किया जायेगा।**

**थीम-आपदा व आपातकाल में मानसिक स्वास्थ्य सेवाओं के उपयोग करने की क्षमता**
**Theme - Access to Services - Mental Health in Catastrophes & Emergencies**

**मानसिक रोगियों में निम्नलिखित लक्षण दिखायी देते हैं :-**

- यदि कोई व्यक्ति व्यर्थ की बातचीत करता है और उसका व्यवहार अजीब सा हो। यदि कोई व्यक्ति किसी भी कार्य में उदासीनता दिखाता है और किसी कार्य में मन नहीं लगता है।
- यदि कोई व्यक्ति यह कहता है कि उसे कोई दिखाई देता है उसके कानों में आवाजें आती है जबकि सामान्य व्यक्ति को यह चीजें न तो दिखाई देता है और न ही सुनाई देता है।
- यदि कोई व्यक्ति यह संदेह करता है कि लोग मेरे खिलाफ है, लोग हमें पकड़ने/ मारने आ रहे हैं।
- यदि कोई व्यक्ति जरूरत से ज्यादा खुश दिखाई दे और बड़ी-बड़ी बाते करें, अपने को बड़ा आदमी समझे, व्यवहार में तेजी हो।
- यदि कोई व्यक्ति बिना किसी कारण के उदास हो तथा रोता हो।
- यदि कोई व्यक्ति आत्महत्या का प्रयास करता हो या आत्महत्या के बारे में बात करता हो।
- यदि कोई व्यक्ति यह कहे कि उसे देवी/देवता आते हैं, उसके ऊपर किसी ने काला जादू कर दिया है, गन्दी आत्माओं ने पकड़ लिया है आदि।
- यदि कोई व्यक्ति को बेहोशी के दौरे आते है।
- यदि किसी व्यक्ति की बैद्धिक क्षमता (मानसिक क्षमता) कम हो, जन्म से।

**क्या करना चाहिये :**

राष्ट्रीय मानसिक स्वास्थ्य कार्यक्रम के अन्तर्गत संचालित जिला मानसिक स्वास्थ्य कार्यक्रम, जिला चिकित्सालय, मुरादाबाद के कमरा नं. 22, में निःशुल्क, परीक्षण परामर्श व उपचार हेतु माह के प्रत्येक सोमवार, बुधवार व शुक्रवार को अथवा टोल फ्री नं. 18008914416 पर भी संपर्क कर सकते हैं।

नोडल अधिकारी, जि.मान.स्वा. कार्य. मुरादाबाद — मुख्य चिकित्साधिकारी, मुरादाबाद — जिलाधिकारी, मुरादाबाद


## अंतराग्नि के पहले दिन फैशन ने बिखेरा जलवा

कार्यालय संवाददाता, कानपुर

**अमृत विचार:** आईआईटी कानपुर के वार्षिक सांस्कृतिक युवा महोत्सव अंतराग्नि की शुरुआत गुरुवार को हो गई। समारोह में 400 से अधिक संस्थान व कॉलेज शामिल हुए हैं। पहले दिन साहित्य कार्यक्रम 'अक्षर' में युवाओं के बीच साहित्य के छुए अनछुए पहलुओं को परोसा। युवाओं की विभिन्न प्रतियोगिताएं भी हुईं।

कार्यक्रम की शुरुआत होने से पहले इवेंट की प्रैक्टिस हुई। युवा समूह में बंटकर नृत्य व गीतों का अभ्यास कर रहे थे। दिल्ली और बेंगलुरू से आई टीमें वाद्ययंत्रों पर अभ्यास करती रहीं। उधर अंतराग्नि के पहले दिन 'अक्षर' इवेंट ने युवाओं को आकर्षित किया। संगीत के साथ ही साहित्यकार 'मुंशी प्रेमचंद के माध्यम से बनारस' को भी समझा। इसके अलावा युवाओं के बीच हुए इवेंट में ऋतंभरा का पहला राउंड हुआ। देर रात तक चले कार्यक्रमों में वाहवाही और तालियां गूंजती रहीं।

अंतराग्नि के पहले दिन प्रसिद्ध फ़ैशन कार्निवल, ऋतंभरा प्रीलिम्स आकर्षण का केंद्र रहा। इस इवेंट के पहले दौर में 9 टीमें आमने-सामने हुई। इनमें एसएस जैन सुबोध कॉलेज, बीबीडी विश्वविद्यालय, मणिपाल विश्वविद्यालय, महारानी कॉलेज, एलआईसी कॉलेज, शारदा विश्वविद्यालय, सीवीएस शामिल रहा। इसी तरह अन्य कॉलेजों में केशव महाविद्यालय और मेजबान आईआईटी कानपुर जैसे संस्थान शामिल रहे। इस आयोजन में प्रतिभागियों ने अभिनव फ़ैशन और डिज़ाइन प्रदर्शित किया।



दास्तान- ए- कैफी आजमी सुनाते हिमांशु वाजपेयी और प्रज्ञा शर्मा। ● अमृत विचार

- युवाओं के हुनर और हौसले को उड़ान देने वाला महोत्सव शुरू
- अंतराग्नि में 400 से अधिक संस्थानों के युवा शामिल

### गीत, संगीत से रागा ने बांधा समां

समारोह में रॉक नाइट में 'रागा मैजिक बैंड' ने दर्शकों का मन मोह लिया। 'हम तेरे प्यार में', 'छोड़ दो आंचल', 'ओ हसीना ज़ुल्फ़ोंवाले', 'मेरी यू', और 'ओम शांति ओम' जैसे गीत गाकर बैंड ने पूरे परिसर में उत्सव का माहौल बनाया। रॉक नाइट का समापन अनुराग हलदर के रोमांचक प्रदर्शन से हुआ। इसी तरह टैलेंट फिएस्टा के साथ रात और रंगीन हो उठी, जिसमें फ्लूट बॉक्सर्स ने बांसुरी और बीटबॉक्सिंग का अनोखा संगम पेश किया, जबकि गायक रजत ने श्रोताओं के दिलों को छू लिया।


# कार्यालय मुख्य चिकित्साधिकारी, रामपुर

पत्रांक : सी.एम.ओ./एन.यू.एच.एम./नग.आशा/2025-26 दिनांक : 01.10.2025

**शहरी आशा चयन हेतु सूचना**

मिशन निदेशक राष्ट्रीय स्वास्थ्य मिशन उ.प्र. के पत्र सं.-एस.पी.एम.यू./एन.यू.एच.एम./बजट/2024-25/81/1555-2 दिनांक 18.06.2024 के क्रम में राष्ट्रीय शहरी स्वास्थ्य मिशन के अन्तर्गत नाम स्लम/स्लम एरिया में आशाओं के स्वीकृत/रिक्त पद हेतु नगरीय क्षेत्र रामपुर नगर ने शेष निम्नलिखित वार्ड/मौहल्लों में शहरी आशाओं का चयन किया जाना है। पात्र इच्छुक महिलायें आवेदन पत्र पूर्ण कर स्थानीय वार्ड सदस्य से सत्यापित कराकर पंजीकृत डाक/स्वयं आवेदन कर सकती है, आवेदन पत्र पूर्ण विवरण एवं प्रमाण पत्रों सहित दिनांक 15.10.2025 को सायं 5:00 बजे तक कार्यालय मुख्य चिकित्सा अधिकारी रामपुर को प्रेषित किए जाये।

| क्र.सं. | शहर का नाम | आशा पदों की सं. | वार्ड संख्या/मौहल्ला |
|---|---|---|---|
| 1. | न.प.प. रामपुर | 12 | 7-फ्रेंडस कालोनी, पुराना आवास विकास, 10-रजा इंटर कालेज फिजिकल ग्राउंड, 13-थाना कुण्डा, 20-तिलक कालोनी, 21-चाह सोतियान, 24-दरख्तशिन्नी, 25-घेर मरदान खां, कुचा कशाव खां, 33-इन्द्रा कालोनी, 39-जुम्मा कालोनी काजीपुरा, 40-मस्जिद काले खां। |

**शहरी आशा के चयन की नियम व शर्ते :-** 1. महिला की न्यूनतम शैक्षिक योग्यता हाईस्कूल होनी चाहिए। 2. महिला की आयु 20 से 45 वर्ष के मध्य हो। विवाहिता/विधवा/ तलाकशुदा/पति से अलग महिला को प्राथमिकता दी जायेगी। इसके प्रमाण के लिए नोटरी द्वारा प्रदत्त 10 रूपये के स्टाम्प पर शपथ पत्र संलग्न करना अनिवार्य है। 4. स्वास्थ्य विभाग के अन्तर्गत संचालित कार्यक्रम में कार्य किया हो, तो उसका अनुभव प्रमाण पत्र की छाया प्रति संलग्ना करना अनिवार्य है। 5. जे.एन.एन.यू. आर.एन.यूनिसेफ एवं भारत सरकार द्वारा संचालित अन्य संस्थाओं के समुदाय स्तर पर कार्य करने वाले कर्मियों को अनुभव के आधार पर वरीयता प्रदान की जायेगी। अनुभव प्रमाण पत्र की छाया प्रति संलग्न करना अनिवार्य है। 6. नगरीय आशा का काई मासिक मानदेय निर्धारित नहीं है, राज्य द्वारा प्रस्तावित दिशा निर्देशों द्वारा उनके प्रारम्भिक प्रशिक्षण के उपरान्त किये गये कार्यो एवं सत्यापन के आधार पर ही उनके प्रोत्साहन राशि दी जायेगी। 7. निर्धारित तिथि, समय के बाद प्राप्त होने वाले, अपूर्ण एवं बिना हस्ताक्षर के प्राप्त होने वाले आवेदन पत्रों पर विचार नहीं किया जायेगा। 8. आशाओं की संख्या घट-बढ़ सकती है। 9. समाचार पत्रों के माध्यम से साक्षात्कार की तिथि घोषित की जायेगी।

**शहरी आशा चयन हेतु आवेदन पत्र में अंकित की जाने वाली सूचनायें**

1. वार्ड संख्या व मौहल्ला 2. अभ्यर्थी का पासपोर्ट साईज फोटो 3. आवेदन कर्ता महिला का नाम 4. पिता/पति का नाम 5. जन्म तिथि 6. जाति 7. स्थाई पता 8. पत्र व्यवहार का पता 9. मोबाईल नम्बर 10. शैक्षिक योग्यता का विवरण 11. अनुभव का विवरण 12. दिनांक व स्थान 13. अभ्यर्थी के हस्ताक्षर 14. कुल संलग्नकों की संख्या।

मुख्य चिकित्सा अधिकारी
रामपुर।



दुनिया आपके उदाहरण से बदलेगी, आपकी राय से नहीं।
-पाउलो कोएल्हो, ब्राजीलियन लेखक

# धामी की रेल क्रांति

धामी की केंद्रीय रेल मंत्री अश्विनी वैष्णव से भेंट और प्रदेश में रेल सुविधाओं, संजाल तथा अवसंरचना विस्तार पर उनकी सैद्धांतिक-व्यावहारिक सहमति हासिल करना उत्तराखंड के सर्वांगीण विकास दिशा में बहुत उल्लेखनीय कदम होने वाला है, जिसके परिणाम दूरगामी होंगे। सूबे में रेल संजाल और सुविधाएं लगातार बढ़ रही हैं, तो इसमें केंद्र सरकार के साथ मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी के प्रयासों का भी बहुत बड़ा योगदान है। फिलहाल देहरादून और हरिद्वार स्टेशनों को आदर्श रेलवे स्टेशन के रूप में विकसित करने में धामी का प्रयास रंग लाया, तो इन स्टेशनों पर आधुनिक प्रतीक्षालय, मल्टी-मॉडल ट्रांजिट सिस्टम, हरित ऊर्जा उपयोग और डिजिटल सूचना-प्रणालियां यात्रियों के अनुभव को विश्वस्तरीय बनाएंगी, जिससे पूरे उत्तराखंड में पर्यटन छवि और निवेश विश्वास को बल मिलेगा।

भविष्य में हल्द्वानी, काशीपुर और पौड़ी जैसे स्टेशनों को भी क्षेत्रीय महत्व के अनुसार पुनर्विकसित किया जा सकता है, ताकि राज्य का रेल ढांचा संतुलित रूप से बढ़े। उत्तराखंड में रेल नेटवर्क का तीव्र विकास केवल परिवहन, पर्यटन का विस्तार नहीं, बल्कि सामरिक, रणनीतिक और आर्थिक दृष्टि से भी महत्वपूर्ण है। पर्वतीय सीमाओं से सटे इस राज्य में रेलवे का प्रसार भारत की उत्तर सीमा की सुरक्षा, पर्यटन, उद्योग, स्थानीय उपज और यहां के रहवासियों के जीवन स्तर- सभी पर गहरा असर डालेगा। उत्तराखंड की लगभग 350 किलोमीटर लंबी अंतर्राष्ट्रीय सीमा तिब्बत और नेपाल से लगी है। ऐसे में रेलवे नेटवर्क का विस्तार सीमा सुरक्षा बलों, आपदा राहत कार्यों और आपातकालीन रसद आपूर्ति के लिए रणनीतिक दृष्टि से अत्यंत उपयोगी सिद्ध होगा। खासकर टनकपुर–बागेश्वर नई रेल लाइन और ऋषिकेश–कर्णप्रयाग रेल परियोजना इस लिहाज से केंद्रीय भूमिका निभाएंगी। कर्णप्रयाग तक रेल पहुंचने से चमोली, रुद्रप्रयाग और पौड़ी जैसे दुर्गम जिलों में रक्षा सामग्री, दवाइयां और आवश्यक वस्तुएं तीव्र गति से पहुंच सकेंगी। आर्थिक दृष्टि से देखें तो यह नेटवर्क पर्यटन और व्यापार- दोनों को नई ऊर्जा देगा। इससे होटल, परिवहन, हस्तशिल्प और खाद्य उद्योग को भी व्यापक प्रोत्साहन मिलेगा। प्रदेश के बहुत से फल, फूल, सब्जियां, वनोपज तथा कृषि उत्पाद नजदीकी बाजार तक पहुंच सकेंगे। ऋषिकेश–कर्णप्रयाग परियोजना पूरे गढ़वाल क्षेत्र को रेल मानचित्र पर जोड़ देगी। केदारनाथ, बद्रीनाथ और हेमकुंड साहिब जैसे तीर्थ स्थलों तक पहुंच आसान होने से धार्मिक और साहसिक पर्यटन में बेहतर वृद्धि की संभावना जगेगी।

ऋषिकेश–कर्णप्रयाग लाइन की सुरंगें और पुल निर्माण कार्य पारिस्थितिकी पर बुरा असर डाल सकते हैं, इसलिए निर्माण के दौरान कंपन और मलबा प्रबंधन, जल निकासी और भूस्खलन-नियंत्रण की वैज्ञानिक व्यवस्थाएं कड़ाई से लागू करनी होंगी। नुकसान को न्यूनतम रखने के लिए उत्तराखंड सरकार और पर्यावरण मंत्रालय को संयुक्त रूप से परियोजनाओं की रीयल-टाइम पर्यावरण निगरानी प्रणाली बनाना अत्यावश्यक है। रेल विस्तार उत्तराखंड की नियति बदलने वाला कदम साबित हो सकता है, बशर्ते विकास व पर्यावरण में संतुलन साधा जाए।

## प्रसंगवश

# गालिबे खस्ता के बगैर कौन से काम बंद हैं





शराफत अली खान
लेखक

लंबी मुकदमेबाजी के कारण मिर्जा गालिब की आर्थिक स्थिति खराब हो गई थी और उनके ऊपर कर्ज का बोझ भी बढ़ गया था। एक महान कवि के रूप में मान्यता प्राप्त कर लेना एक बात है और आराम की जिंदगी बसर कर पाना बिल्कुल दूसरी बात है। गालिब के आर्थिक साधन लगभग सदा ही उनकी आवश्यकताओं से कम रहे। जब तक उनकी मां जीवित रहीं, वे उन्हें आर्थिक सहायता देती रहीं। सन् 1840 में मां के निधन के बाद अब तक मिल रही यह सहायता भी बंद हो गई। अब यह आवश्यक हो गया था कि कुछ अतिरिक्त आर्थिक साधनों की तलाश करें, ताकि उनकी चिंताएं कुछ काम हो सकें। सन् 1840 में ही एक ऐसा अवसर आया कि उनकी आर्थिक परेशानी कुछ हद तक दूर हो सकती थी, लेकिन गालिब उससे लाभ उठा पाने में नाकाम रहे।

दिल्ली कॉलेज के विजिटर जेम्स थॉमसन कॉलेज के निरीक्षण के लिए आए। उन्होंने कहा कि कॉलेज में फारसी की शिक्षा की कोई संतोषप्रद व्यवस्था नहीं है। उन्होंने सिफारिश की कि इस कमी को दूर किया जाना चाहिए। किसी ने उनको मिर्जा गालिब का नाम सुझाया। थॉमसन ने गालिब को मिलने के लिए बुलाया। थॉमसन अंग्रेज सरकार के सचिव थे और गालिब को जानते थे। गालिब को सरकारी दरबारों में 'कुर्सीनशीन' का ओहदा मिला हुआ था और इस नाते वह थॉमसन से पहले भी मिल चुके थे।

थॉमसन के अनुरोध पर गालिब पालकी में उनके घर पहुंचे। वहां पर वह फाटक पर ही रुक गए और इंतजार करने लगे कि कोई बाहर आकर उनका स्वागत करे, तो वह भीतर जाएं। जिन लोगों को गवर्नर जनरल के दरबार में सम्मान का स्थान प्राप्त था, उनके लिए उस समय यही आम रिवाज था और अनुमानतः गालिब थॉमसन से जब-जब मिलने जाते रहे होंगे, तब उनका इसी प्रकार सम्मान करते रहे होंगे, लेकिन इस अवसर पर गालिब इंतजार करते रहे और उनके स्वागत के लिए कोई बाहर नहीं निकला।

थोड़ी देर बाद थॉमसन स्वयं बाहर आए और उन्होंने गालिब से पूछा कि आप पालकी से उतरकर भीतर क्यों नहीं आ गए। जब गालिब ने अपनी समस्या बताई तो थॉमसन ने कहा कि आपका औपचारिक स्वागत तो तभी किया जा सकता है, जब आप सरकारी अतिथि के रूप में आएं, इस समय आप दिल्ली कॉलेज में नौकरी प्राप्त करने के उद्देश्य से मुझसे मिलने आए हैं, इसलिए आपको परंपरागत स्वागत प्राप्त करने का हक नहीं है। इस पर गालिब की प्रतिक्रिया बड़ी तीखी रही।

उन्होंने कहा कि मैं दिल्ली कॉलेज की नौकरी के सिलसिले में आपसे इसी उम्मीद से मिलने आया हूं कि इससे मेरा रुतबा बढ़ेगा और अपने देशवासियों और ब्रिटिश अधिकारी वर्ग की नजरों में मेरी इज्जत बढ़ जाएगी न कि इसलिए कि मेरी इज्जत और भी गिर जाए। अगर इस नौकरी के स्वीकार करने का मतलब यह है कि मैं उस इज्जत से हाथ धो बैठूं, जो मुझे इस समय प्राप्त है, तो फिर मैं इसे अस्वीकार करना ही पसंद करूंगा। यह कहकर वह अपनी पालकी में आ बैठे और घर वापस लौट आए।

# 1687 अमीरों की कुल नेटवर्थ = आधा 'हिंदुस्तान'





राजेश जैन
वरिष्ठ पत्रकार

भारत की असली ताकत उसके 140 करोड़ आम लोग हैं। किसान, मजदूर, छोटे दुकानदार और युवा, जिनके सपनों पर आज धूल जमी है। अगर ये सशक्त होंगे, तभी भारत सचमुच शक्तिशाली बनेगा। असमानता केवल आर्थिक समस्या नहीं है, यह लोकतंत्र, समाज और देश की स्थिरता के लिए खतरा है। भविष्य का भारत केवल 1,687 अरबपतियों का नहीं, बल्कि करोड़ों मेहनतकश लोगों की उम्मीदों और संघर्षों से बना भारत होना चाहिए। विकास तभी सच्चा होगा, जब उसका लाभ सब तक पहुंचे।

भारत आज दुनिया की सबसे तेजी से बढ़ती अर्थव्यवस्थाओं में गिना जाता है। स्टॉक मार्केट रिकॉर्ड बना रहा है, कॉरपोरेट कंपनियां अरबों-खरबों का कारोबार कर रही हैं और भारत अरबपतियों की संख्या में दुनिया के शीर्ष देशों में शामिल हो गया है, लेकिन इस चमक-दमक के पीछे एक गहरी सच्चाई छिपी है। देश में अमीर-गरीब की खाई पहले से कहीं अधिक चौड़ी हो चुकी है।

एक अक्टूबर 2025 को 'एम-3 एम इंडिया और हुरुन रिच लिस्ट' जारी की गई, जिसमें 1,687 ऐसे भारतीय शामिल हैं, जिनकी संपत्ति 1,000 करोड़ रुपये से अधिक है। इनकी कुल नेटवर्थ लगभग 167 लाख करोड़ रुपए है, जो भारत की जीडीपी का लगभग आधा है। यह आंकड़ा केवल अमीरों की गिनती भर नहीं है, बल्कि पूरे आर्थिक और सामाजिक ढांचे पर सवाल खड़ा करता है।

आज एक ही देश में दो बिल्कुल अलग दुनिया मौजूद हैं। एक ओर हैं वे उद्योगपति जिनके पास अरबों-खरबों की संपत्ति, विदेशी हवेलियां और निजी जेट हैं। दूसरी ओर करोड़ों लोग हैं, जो रोज 200–300 रुपये की दिहाड़ी पर काम करते हैं, जिनके पास स्थायी नौकरी या पक्की छत तक नहीं है। करोड़ों किसान कर्ज के बोझ तले दबे हैं, मजदूर शहरों की फैक्ट्रियों और निर्माण स्थलों पर पसीना बहाते हैं, लेकिन उन्हें अच्छा वेतन या मानदेय नहीं मिलता और युवा बेरोजगारी से जूझ रहे हैं। महिलाओं को शिक्षा और रोजगार के लिए अतिरिक्त संघर्ष करना पड़ता है। यह केवल आय का अंतर नहीं, बल्कि अवसरों और जीवन की गुणवत्ता का अंतर है।

असमानता का असर पीढ़ी दर पीढ़ी चलता है। गरीब माता-पिता अपने बच्चों को गुणवत्तापूर्ण शिक्षा नहीं दिला पाते, नतीजा यह होता है कि अगली पीढ़ी भी गरीबी में जीती है। युवाओं में निराशा और हताशा पैदा होती है और यही माहौल अपराध, नशाखोरी और हिंसा को जन्म देता है। शहरों में झुग्गी-झोपड़ियों और अपराध दर का बढ़ना इसकी सीधी झलक है।

लोकतंत्र पर भी असमानता का असर गहरा है। राजनीति में पैसे की ताकत सबसे अहम बन चुकी है। चुनावी चंदा बड़े कॉरपोरेट्स से आता है और नीतियां अक्सर उनके हितों के हिसाब से बनती हैं। आम नागरिक का वोट बराबर है, लेकिन उसकी आवाज और असर लगातार कम होता जा रहा है। धीरे-धीरे लोकतंत्र 'जनता का, जनता के लिए' से बदलकर 'धनवानों का, धनवानों के लिए' होने लगता है। अगर यह असंतुलन बढ़ता गया तो लोकतंत्र पर भरोसा कमजोर हो सकता है।

कुछ लोग मानते हैं कि अमीरों की संपत्ति से निवेश बढ़ेगा और रोजगार पैदा होंगे, लेकिन सच्चाई यह है कि जब आम आदमी की जेब खाली होगी तो वह बाजार से सामान कैसे खरीदेगा? खपत घटने पर उद्योग भी ठप पड़ते हैं। निवेश उन्हीं क्षेत्रों में होता है, जहां अमीरों को मुनाफा दिखता है, न कि उन क्षेत्रों में जहां गरीब और मध्यमवर्ग की जरूरतें पूरी हों। यही कारण है कि विश्व बैंक और आईएमएफ तक मान चुके हैं कि असमानता आर्थिक विकास की गति को धीमा कर देती है।

वर्ल्ड इनइक्वैलिटी लैब की 2024 रिपोर्ट के अनुसार भारत के शीर्ष 1% लोगों के पास देश की 40.1 फीसद संपत्ति है और उनकी आय हिस्सेदारी 22.6 प्रतिशत है। जबकि निचले 50 फीसदी वर्ग के पास केवल 6.4 प्रतिशत संपत्ति है। यानी असमानता ऐतिहासिक उच्च स्तर पर पहुंच चुकी है। यह स्थिति केवल आंकड़ों तक सीमित नहीं, बल्कि सड़कों, गांवों और कस्बों में साफ देखी जा सकती है, जहां आलीशान मॉल और हाई-राइज टावरों के बगल में टूटी-फूटी झुग्गियां खड़ी हैं।

दुनिया के कई देशों ने साबित किया है कि असमानता को कम करना संभव है। नॉर्डिक देश स्वीडन, नॉर्वे और डेनमार्क ने उच्च कर व्यवस्था और कल्याणकारी नीतियों से सभी नागरिकों को समान अवसर दिए। वहां शिक्षा और स्वास्थ्य सेवाएं लगभग मुफ्त हैं और रोजगार के मौके बराबरी से उपलब्ध हैं।

चीन ने भी शिक्षा और बुनियादी ढांचे पर बड़े निवेश किए और करोड़ों लोगों को गरीबी से बाहर निकाला। इसके उलट अमेरिका में असमानता लगातार बढ़ रही है और सामाजिक तनाव का कारण बन रही है। भारत में भी केरल की शिक्षा और स्वास्थ्य नीतियां पूरे देश के लिए मॉडल हैं। महिला स्वयं सहायता समूहों ने ग्रामीण अर्थव्यवस्था को नई ताकत दी है। साथ ही केंद्र सरकार की आयुष्मान भारत जैसी योजनाएं स्वास्थ्य सेवाओं को गरीबों तक पहुंचाने का प्रयास हैं।

इस खाई को पाटने के लिए सबसे जरूरी है आम आदमी का सशक्तिकरण। हर बच्चे को गुणवत्तापूर्ण शिक्षा मिले, इसके लिए सरकारी स्कूल और कॉलेज मजबूत किए जाएं। सस्ती और सुलभ स्वास्थ्य सेवाएं उपलब्ध कराई जाएं, ताकि गरीब इलाज के लिए कर्ज न लें। छोटे उद्योग, स्टार्टअप और स्वरोजगार को बढ़ावा दिया जाए। महिलाओं को शिक्षा और काम के बराबर अवसर दिए जाएं। इंटरनेट और डिजिटल सेवाओं को गांव-गांव तक पहुंचाना जरूरी है। अमीरों से उचित टैक्स लेकर उसका उपयोग गरीबों की शिक्षा और स्वास्थ्य पर किया जाए।

> भविष्य का भारत केवल 1,687 अरबपतियों का नहीं, बल्कि करोड़ों मेहनतकश लोगों की उम्मीदों और संघर्षों से बना भारत होना चाहिए। विकास तभी सच्चा होगा, जब उसका लाभ सब तक पहुंचे।

## आमने-सामने



आमने

हाल ही में कांग्रेस के एक बड़े नेता ने खुलासा किया कि 2008 के मुंबई हमले के बाद हमारी सेनाएं, पाकिस्तान पर हमले को तैयार थीं, लेकिन किसी दूसरे देश के दबाव में कांग्रेस सरकार ने सेनाओं को पाकिस्तान पर हमला करने से रोक दिया। कांग्रेस को बताना होगा कि वह कौन था?
**-नरेंद्र मोदी**, प्रधानमंत्री

सामने

पीएम मोदी द्वारा मेरे लिए कही गईं बातें बिल्कुल गलत हैं और पूरी तरीके से काल्पनिक हैं। इस बयान के तीन भाग हैं, उनमें से प्रत्येक गलत हैं। यह पढ़कर निराशा होती है कि प्रधानमंत्री ने इन शब्दों की कल्पना की ओर उन्हें मेरे नाम से जोड़ दिया। **-पी चिदंबरम**, पूर्व गृहमंत्री



# अपंग व्यवस्था की देन हैं नकली दवाइयां



रोहित माहेश्वरी
स्वतंत्र पत्रकार

अगर आप डॉक्टर की बताई मात्रा और सही समय पर दवाइयां ले रहे हैं और आपकी तबीयत में सुधार नहीं हो रहा है, तो फिर आप जो दवा ले रहे हैं वो नकली हो सकती है। एक रिपोर्ट में दावा किया गया है कि भारत में हर चौथी दवा नकली हो सकती है। बुखार, शुगर, ब्लड प्रेशर, पेन किलर से लेकर कैंसर तक की घटिया या नकली दवाएं मार्केट में हैं। कई नामी देसी-विदेशी कंपनियों के नाम की ये दवाइयां सरेआम बिक रही हैं।

आगरा में नकली दवाओं के बड़े सिंडिकेट का पिछले माह पर्दाफाश हुआ है। जांच में सामने आया कि पुडुचेरी-चेन्नई में नकली दवाएं बनाकर आगरा में भंडारण कर चार राज्यों में खपाया जा रहा था। औषधि विभाग की टीम ने ऐसी आठ फर्मों की करीब 71 करोड़ की दवाएं सीज की हैं और तीन दवा कारोबारियों को गिरफ्तार किया है। सिंडिकेट में 40 दवा विक्रेताओं के शामिल होने के सुराग मिले हैं। दवाओं का काला कारोबार करने के लिए 15 डमी फर्म भी चिन्हित की हैं। इनके नाम पर ये कई राज्यों में कारोबार कर रहे थे। दवाओं को मंगवाने और भेजने में ये रेलवे सेवा का उपयोग कर रहे थे। पिछले साल नवंबर में आगरा के शास्त्रीपुरम इलाके में पशुओं की नकली दवाएं बनाने की फैक्ट्री पकड़ी गई थी।

नकली दवाओं के कारोबार का नेटवर्क पूरे देश में फैला है। इंसानों ही नहीं जानवरों की दवाईयां भी नकली बनाई जा रही हैं। इस काले धंधे के तार ऊपर से नीचे तक जुड़े हुए हैं। 1969 से संचालित देश के सबसे बड़े थोक दवा व्यापारिक केंद्रों में शुमार भागीरथी पैलेस पर पिछले तीन वर्षों में दिल्ली औषधि नियंत्रण विभाग और दिल्ली पुलिस ने छापेमारी कर 14 करोड़ से अधिक की नकली दवाएं पकड़ी हैं। खास बात यह है कि इनमें से ज्यादातर नकली दवाएं कैंसर, हृदय, किडनी, डायबिटीज और नसों के रोगों से संबंधित थीं, जिन्हें नामी दवा कंपनियों के ब्रांड नाम से पैक कर बेचा जा रहा था। नकली दवाओं की पैकेजिंग, बारकोड-क्यूआर कोड मूल दवाओं जैसे होने से इनके खरीदार झांसे में आ जाते हैं।

डब्ल्यूएचओ का दावा है कि दुनिया में नकली दवाओं का कारोबार 200 बिलियन डॉलर यानी करीब 16,60,000 करोड़ रुपये का है। नकली दवाएं 67 फीसदी जीवन के लिए खतरा होती हैं। बची हुई दवाएं खतरनाक भले ही ना हों, लेकिन उनमें बीमारी ठीक करने वाला साल्ट नहीं होता, जिससे मरीज की तबीयत ठीक नहीं होती। आखिरकार मर्ज बिगड़ता चला जाता है, जिससे वह मौत के मुंह तक चला जाता है। नकली या घटिया दवाओं के एक्सपोर्ट और इंपोर्ट का भारत दुनिया का चौथा सबसे बड़ा बाजार है। एसोचैम की एक स्टडी के मुताबिक, भारत में 25 फीसदी दवाएं नकली या घटिया हैं। भारतीय मार्केट में इनका कारोबार 352 करोड़ रुपये का है।

2024 में तेलंगाना में करोड़ों की नकली या घटिया दवाइयां पकड़ी गईं। तेलंगाना ड्रग्स कंट्रोल एडमिनिस्ट्रेशन की जांच में खुलासा हुआ कि नामी कंपनियों के नाम से बनी इन दवाइयों में चाक पाउडर या स्टार्च था। इसी तरह कैप्सूल एमोक्सिलिन का है तो उसमें सस्ती पैरासिटामॉल भरी हुई थी। 500 ग्राम एमोक्सिलिन साल्ट की मात्रा सिर्फ 50 ग्राम ही थी। कैंसर तक की नकली दवाएं पकड़ी गईं। ये सभी दवाएं उत्तराखंड के काशीपुर और यूपी के गाजियाबाद से तेलंगाना पहुंची थी। इन दवाओं की पैकिंग बिल्कुल असली लग रही थीं।

उत्तराखंड में पिछले साल कई दवा कंपनियों के सैंपल जांच में खरे नहीं उतरे तो उनका लाइसेंस कैंसल किया गया। यह सभी दवाइयां उत्तराखंड में बन रही थीं। इसी तरह आगरा के मोहम्मदपुर में 2024 में नकली दवा बनाने वाली फैक्ट्री पकड़ी गई। पुलिस ने 80 करोड़ रुपये की नकली दवाएं पकड़ी थीं, इसमें कैंसर, डायबिटीज, एलर्जी, स्लीपिंग पिल्स और एंटीबायोटिक्स दवाएं शामिल थीं। इसी तरह देश के कई राज्यों में छापेमारी कर नकली दवाओं की खेप पकड़ी गई। इससे पहले कोविड-19 के समय भी देश भर में नकली रेमडेसिवीर के इंजेक्शन सप्लाई करने के मामले तक सामने आए थे।

दिल्ली पुलिस की क्राइम ब्रांच ने भी कई ऑपरेशन में पिछले सालों में दिल्ली-एनसीआर में चल रहे कई सिंडिकेट का भंडाफोड़ किया। गाजियाबाद के लोनी स्थित ट्रोनिका सिटी में नकली दवाओं का गोदाम पकड़ा, जिसका मास्टरमाइंड एक डॉक्टर निकला। ये सोनीपत के गन्नौर स्थित फैक्ट्री में भारत, अमेरिका, इंग्लैंड, बांग्लादेश और श्रीलंका की सात बड़ी कंपनियों के 20 से ज्यादा ब्रांड की नकली दवा तैयार कर रहे थे। इंडिया मार्ट और भागीरथ प्लेस तक में इनकी सप्लाई थी। भारत के अलावा चीन, बांग्लादेश और नेपाल में एक्सपोर्ट करते थे।

नामी ब्रांडेड कंपनियों के नाम से नकली या घटिया दवाइयां बनती हैं, क्योंकि इसके जरिए जालसाज मोटा मुनाफा कमाते हैं। दूसरी तरफ, जेनेरिक दवाइयों के नकली होने के मामले अभी तक सामने नहीं आए हैं, क्योंकि इन्हें नकली बनाने पर ज्यादा मुनाफा नहीं होने वाला है। जेनेरिक दवाएं काफी सस्ती होती हैं। खास बात यह है कि यह ब्रांडेड दवाओं की तरह ही फायदा करती हैं। सरकार जेनेरिक दवाइयों को बढ़ावा दे रही है। इन्हें आप मेडिकल स्टोर और जन औषधि केंद्र से भी खरीद सकते हैं।

> एक रिपोर्ट में दावा किया गया है कि भारत में हर चौथी दवा नकली हो सकती है। बुखार, शुगर, ब्लड प्रेशर, पेन किलर से लेकर कैंसर तक की घटिया या नकली दवाएं मार्केट में हैं।

## सोशल फोरम

# हम उस जमाने के बच्चे हैं!



डॉ. पवन विजय
ब्लॉगर

पांचवी तक घर से तख्ती लेकर स्कूल गए थे... स्लेट को जीभ से चाटकर अक्षर मिटाने की हमारी स्थायी आदत थी। इस पापबोध के साथ कि विद्यामाता नाराज न हो जाएं। कक्षा के तनाव में पेंसिल का पिछला हिस्सा चबाकर ही हमने तनाव मिटाया था। स्कूल में टाट-पट्टी की अनुपलब्धता में घर से बोरी का टुकड़ा बैठने के लिए बगल में दबा कर भी साथ ले जाते थे। कक्षा छः में पहली दफा हमने अंग्रेजी का अल्फाबेट पढ़ा और पहली बार एबीसीडी देखी, स्मॉल लेटर में बढ़िया 'एफ' बनाना हमें बारहवीं तक भी न आया था। करसीव राइटिंग भी कॉलेज में जाकर ही सीख पाए।

उस जमाने के हम बच्चों की अपनी एक अलहदा दुनिया थी। कपड़े के थैले में किताब और कापियां जमाने का विन्यास हमारा अधिकतम रचनात्मक कौशल था। तख्ती पोतने की तन्मयता हमारी एक किस्म की साधना ही थी। हर साल जब नई कक्षा के बस्ते बंधते (नई कापी-किताबें मिलतीं) तब उन पर जिल्द चढ़ाना हमारे जीवन का स्थायी उत्सव था। सफेद शर्ट और खाकी पैंट में जब हम माध्यमिक कक्षा पहुंचे, तो पहली दफा खुद के कुछ बड़े होने का अहसास तो हुआ, लेकिन पैंट पहन कर हम शर्मा रहे थे, मन कर रहा था कि वापस निकर पहन लें। साइकिल से रोज सुबह कतार बनाकर चलना और साइकिल की रेस लगाना हमारे जीवन की अधिकतम प्रतिस्पर्धा थी।

हर तीसरे दिन पंप को बड़ी युक्ति से दोनों टांगो के मध्य फंसाकर साइकिल में हवा भरते, मगर फिर भी खुद की पैंट को हम काली होने से बचा न पाते। स्कूल में पिटते, कान पकड़ कर मुर्गा बनते ,मगर हमारा ईगो हमें कभी परेशान न करता। हम उस जमाने के बच्चे शायद तब तक जानते नहीं थे कि ईगो होता क्या है!

क्लास में पिटाई का रंज अगले घंटे तक काफूर हो जाता और हम अपने पूरे खिलंदड़ेपन से हंसते पाए जाते। रोज सुबह प्रार्थना के समय पीटी के दौरान एक हाथ फासला लेना होता, मगर फिर भी धक्का-मुक्की में अड़ते-भिड़ते सावधान विश्राम करते रहते।

हम उस जमाने के बच्चे सपने देखने का सलीका नहीं सीख पाए थे। मां-बाप को भी ये कभी नहीं बता पाते थे कि हम उन्हें कितना प्यार करते हैं, क्योंकि 'आई लव यू मॉम-डेडी' नहीं आता था। हम उस जमाने से निकले बच्चे गिरते संभलते लड़ते-भिड़ते दुनिया का हिस्सा बने हैं। कुछ मंजिल पा गए हैं तो कुछ यूं ही खो गईं हैं। पढ़ाई फिर नौकरी के सिलसिले में लाख शहर में रहें, लेकिन जमीनी हकीकत जीवनपर्यंत पीछा करती रहती हैं। **-फेसबुक वाल से**

## सामयिकी

# धराली की महिलाओं का बढ़ता दर्द



सीमा अग्रवाल
लेखिका

"हमारे गांव धराली में आई बाढ़ को एक महीने से ज्यादा गुजर चुका है, लेकिन हम अब भी तंबुओं में यूं बंजारों की तरह जिंदगी गुजार रहे हैं। यहां न सुरक्षा है और न गोपनीयता। हमारी जिंदगी में अब बस इंतजार रह गया है।" ये शब्द हैं मंजू बिष्ट के, जिनका घर धराली में आई पांच अगस्त की त्रासदी में बह गया। मंजू आगे कहती हैं, "हमारा सब कुछ खत्म हो गया। यहां तक कि जिस कपड़े में खड़े हैं, वह भी किसी से मांगकर लाए हैं। काश इस बाढ़ में मैं भी बह जाती।"

उत्तराखंड के धराली में आई आपदा ने तमाम ग्रामीणों से उनका आशियाना छीन लिया। मंजू जैसी कई महिलाएं हैं, जिनके सामने इस वक्त, रोटी, रोजगार के अलावा पहनने के कपड़ों की भी दिक्कत है। धराली की महिलाएं मांगे हुए कपड़ों पर गुजारा रही हैं। उनका सवाल है कि परजीवियों जैसा जीवन हमें कब तक बिताना है, इसकी हमको जानकारी भी नहीं है। हमें ये नहीं पता कि कब तक हम अपनी पुरानी जिंदगी में लौटेंगे। ये संभव होगा भी, इसकी भी उम्मीद कम है।

मंजू के साथ धराली गांव की 249 महिलाओं की यही पीड़ा है। ये वो महिलाएं हैं, जो आपदा से प्रभावित होकर घर से बेघर हुई हैं। यहां गर्भवती महिलाओं के लिए स्थिति और भी खतरनाक हो गई है। पहाड़ी क्षेत्रों में आपदा सिर्फ प्राकृतिक घटना नहीं होती, बल्कि एक सामाजिक-आर्थिक संकट बनकर आती है, जो यहां की महिलाओं से घर, आजीविका, स्वास्थ्य और मानसिक शांति सब छीन लेती है। उनके सामने अपने अस्तित्व को बनाए रखने की चुनौती पैदा करती हैं। समाजशास्त्रियों के अनुसार वैसे तो कोई भी आपदा अपने साथ कई समस्याएं लाती है, लेकिन बात महिलाओं की और बच्चों की हो तो वे इससे सबसे ज्यादा प्रभावित होते हैं।

पांच अगस्त को खीर गंगा में ऐसा सैलाब आया, जिसने पलक झपकते ही धराली बाजार और आधे गांव को मलबे के ढेर में बदल दिया। आज भी धराली में हालात जस के तस हैं, चारों तरफ सिर्फ मलबा ही मलबा दिखाई दे रहा है। प्रशासन, एनडीआरएफ, एसडीआरएफ की टीमें गांव में स्थितियां सामान्य करने का प्रयास कर रही हैं। धराली और उससे जुड़े इलाकों हर्षिल, बगोर मुखवा, गंगोत्री धाम की महिलाएं कई चुनौतियों का सामना कर रही हैं।

पहाड़ी इलाकों में रोजगार की कमी, कृषि की घटती उत्पादकता, जलवायु परिवर्तन और शिक्षा की कमी के कारण परिवार के पुरुष मैदानी इलाकों की ओर रुख करते हैं। ग्राम विकास विभाग के अंतर्गत बने पलायन आयोग ने अपनी रिपोर्ट में बताया है कि वर्ष 2018 से 2022 के मध्य उत्तराखंड के 24 गांव वीरान हो गए और राज्य में वीरान गांव की कुल संख्या आज 1726 है। घरों के पुरुष जब पलायन कर जाते हैं, तो परिवार की आजीविका से लेकर खेती, बच्चों-बुजुर्गों सभी की जिम्मेदारी महिला पर आ जाती है। ऐसे में धराली जैसी आपदा महिलाओं का संकट और बढ़ा देती है।

धराली पर्यटन और बागबानी आधारित अर्थव्यवस्था वाला इलाका है। उत्तरकाशी जिले का यह छोटा सा गांव गंगोत्री हाइवे पर स्थित है, जहां हर साल लाखों पर्यटक आते हैं। धराली की महिलाएं होम स्टे और सेब की खेती करके अपना परिवार चलाती थीं। इस बाढ़ ने उनकी आजीविका छीन ली है। धराली के सेब के खेत मलबे से भर गए हैं। होम स्टे बह गए हैं, जिसने धराली की आत्मनिर्भर महिलाओं को बेरोजगार, बेघर दोनों बना दिया है। बाढ़ के बाद सड़कें टूट गई हैं। ऐसे में गर्भवती महिलाओं और बीमार लोगों तक स्वास्थ्य सेवाएं पहुंचाना मुश्किल हो गया है।

स्वामी-रुहेलखंड इंटरप्राइजेज के लिए मुद्रक एवं प्रकाशक हरि ओम गुप्ता द्वारा अमृत विचार प्रकाशन, नवादा जोगियान, चक रोड, रोहिलखंड मेडिकल कॉलेज के सामने, बरेली (उत्तर प्रदेश) से मुद्रित एवं एलआईजी 23, प्रथम तल, आशियाना फेस-1, कांठ रोड मुरादाबाद (उत्तर प्रदेश) से प्रकाशित। **संपादक- राजेश श्रीनेत, कार्यकारी संपादक- सुनील कुमार सिंह*** 0591-3551286(कार्यालय), ईमेल-editorschoice@amritvichar.com, आर.एन.आई नं0-UPHIN/2020/79034 *इस अंक में प्रकाशित समाचार के चयन एवं संपादन हेतु पी.आर.बी. एक्ट की धारा 7 के अंतर्गत उत्तरदायी।(नोट-सभी विवादों का न्याय क्षेत्र मुरादाबाद होगा)।



# जिंदगी बदल देने वाले वांगचुक के आविष्कार

भारतीय इंजीनियर, नवप्रवर्तक और शिक्षा सुधारक सोनम वांगचुक ने अपने वैज्ञानिक और तकनीकी योगदानों के माध्यम से न सिर्फ लद्दाख, बल्कि दुनिया को कई बड़े आविष्कार दिए हैं। कहते यहां तक हैं कि थ्री ईडियट फिल्म में आमिर खान वाला किरदार फुंगसुक, वांगचुक से ही प्रेरित था। आइए आपको बताते हैं कि उन्होंने अपने आविष्कारों और खोजों से कैसे जिंदगी को आसान बनाया है।



डॉ. इरफान ह्यूमन
विज्ञान लेखक

## लाई-फाई आधारित माउंटेन-टॉप लेजर 5जी इंटरनेट

सोनम वांगचुक ने लाईफाई (लाइट फिडेलिटी) तकनीक का उपयोग करके लद्दाख में दुनिया का पहला माउंटेन-टॉप लाईफाई लेजर 5 जी इंटरनेट सिस्टम स्थापित किया। यह तकनीक प्रकाश (विशेष रूप से लेजर बीम) का उपयोग करके डेटा ट्रांसमिट करती है, जो पारंपरिक रेडियो आधारित टेलीकॉम टावरों का एक ऊर्जा-कुशल और पर्यावरण अनुकूल विकल्प है। इस सिस्टम ने पहाड़ी क्षेत्रों में इंटरनेट की पहुंच को संभव बनाया, जहां सामान्य टेलीकॉम सिग्नल बाधित हो जाते हैं।

इस सिस्टम में एक लेजर ट्रांसमीटर को पहाड़ की चोटी पर स्थापित किया जाता है, जो रेडियो सिग्नल को लेजर बीम में परिवर्तित करता है। यह लेजर बीम, जिसमें इंटरनेट सिग्नल छिपा होता है, 3 .5 किलोमीटर दूर एक श्रपव टावर से ऑप्टिकल सिग्नल प्राप्त करता है और इसे 10 किलोमीटर तक ट्रांसमिट कर सकता है, जिसमें 10 जीबीपीएस (गीगाबिट्स प्रति सेकेंड) की बैंडविड्थ होती है। रिसीवर इस सिग्नल को स्थानीय टेलीकॉम टावर या स्कूल जैसे स्थानों तक पहुंचाता है। कठोर हिमालयी परिस्थितियों में उपकरणों को सुरक्षित रखने के लिए वांगचुक ने पावर बैंक के लिए एक विशेष केसिंग डिजाइन की, जो आंतरिक तापमान को लगभग 15 डिग्री सेल्सियस पर बनाए रखती है। खास बात यह है कि यह सिस्टम पारंपरिक टेलीकॉम टावरों की तुलना में बहुत कम ऊर्जा (केवल कुछ सौ वाट) का उपयोग करता है। वांगचुक ने दावा किया कि यह तकनीक सैटेलाइट्स, गूगल के बैलून या एमाजोन के सैटेलाइट्स जैसे समाधानों की तुलना में कम प्रदूषण और कम अंतरिक्ष कचरा पैदा करती है। पहाड़ों को अब बाधा के बजाय प्राकृतिक टावर के रूप में उपयोग किया जाता है, जिससे लद्दाख जैसे क्षेत्रों में इंटरनेट पहुंच संभव हुई। बताते चलें कि कोविड-19 महामारी के दौरान, जब ऑनलाइन शिक्षा की आवश्यकता बढ़ी, इस तकनीक ने स्कूलों और ग्रामीण क्षेत्रों में इंटरनेट उपलब्ध कराया। उनकी लाई-फाई आधारित माउंटेन-टॉप लेजर 5 जी इंटरनेट तकनीक ने दुर्गम क्षेत्रों में डिजिटल कनेक्टिविटी प्रदान की, जो भारत के डिजिटल इंडिया मिशन को समर्थन देता है।



## कृत्रिम हिमनद-आइस स्तूप

वांगचुक ने लद्दाख में गर्मियों के दौरान पानी की कमी और किसानों की समस्याओं को देखा। पारंपरिक ग्लेशियर ऊंचाई पर होने के कारण जल्दी पिघल जाते हैं और पानी का उपयोग सीमित होता है। इस समस्या को हल करने के लिए उन्होंने एक ऐसी तकनीक विकसित की, जो पानी को निचले क्षेत्रों में लंबे समय तक उपलब्ध करा सके।

वांगचुक ने जल संरक्षण के लिए एक अनूठी तकनीक, आइस स्तूप, विकसित की। यह कृत्रिम हिमनद (ग्लेशियर) हैं, जो सर्दियों में पानी को बर्फ के शंकु के रूप में जमा करते हैं। गर्मियों में यह बर्फ धीरे-धीरे पिघलकर खेती और सिंचाई के लिए पानी उपलब्ध कराती है। एक आइस स्तूप 10 हेक्टेयर जमीन की सिंचाई करने में सक्षम है, जिसने लद्दाख जैसे शुष्क क्षेत्रों में जल संकट को कम करने में मदद की। इस नवाचार को वैश्विक स्तर पर सराहना मिली और इसे जलवायु परिवर्तन से निपटने का प्रभावी समाधान माना जाता है। इस तकनीक का उद्देश्य जल संकट को कम करना, टिकाऊ खेती को बढ़ावा देना, जलवायु परिवर्तन के प्रभावों को कम करना और स्थानीय समुदायों को आत्मनिर्भर बनाना है।

## सौर ऊर्जा आधारित तकनीक

वांगचुक ने पैसिव सोलर बिल्डिंग तकनीक विकसित की, जो लद्दाख जैसे ठंडे क्षेत्रों में ऊर्जा-कुशल इमारतें बनाने में मदद करती है। ये इमारतें सौर ऊर्जा का उपयोग करके गर्म रहती हैं और जीवाश्म ईंधन की आवश्यकता को समाप्त करती हैं। उनके द्वारा डिजाइन किया गया सीइसीएमओएल (स्टूडेंट्स एजूकेशनल एंड कल्चरल मूवमेंट ऑफ लद्दाख) परिसर पूरी तरह से सौर ऊर्जा पर चलता है, जो खाना पकाने, प्रकाश और तापन के लिए जीवाश्म ईंधन पर निर्भर नहीं है।

## सेना के लिए सौर टेंट

वांगचुक ने भारतीय सेना के लिए सौर ऊर्जा से संचालित पीएसटी (पैसिव सोलर टेंट) विकसित किए, जो लद्दाख जैसे ठंडे और सीमावर्ती क्षेत्रों में सैनिकों के लिए गर्मी और ऊर्जा प्रदान करते हैं। ये टेंट ऊर्जा-कुशल और पर्यावरण अनुकूल हैं, जिससे सेना को कठिन परिस्थितियों में सहायता मिली। यह नवाचार न केवल सैनिकों के जीवन को आसान बनाता है, बल्कि पर्यावरण अनुकूल और लागत प्रभावी तरीके से राष्ट्रीय सुरक्षा को मजबूत करता है।

## पर्यावरण संरक्षण और टिकाऊ खेती

वांगचुक ने लद्दाख में सैकड़ों हेक्टेयर बंजर जमीन को उपजाऊ बनाने में योगदान दिया। आइस स्तूप के माध्यम से पानी की उपलब्धता बढ़ाने के अलावा, उन्होंने टिकाऊ खेती के तरीके विकसित किए, जिससे हजारों पेड़ और बगीचे लगाए गए। यह लद्दाख के नाजुक पारिस्थितिकी तंत्र को संरक्षित करने में महत्वपूर्ण रहा। वांगचुक ने लद्दाख की सैकड़ों हेक्टेयर बंजर जमीन को उपजाऊ बनाने में योगदान दिया। लद्दाख का शुष्क और ठंडा मरुस्थलीय क्षेत्र खेती के लिए चुनौतीपूर्ण है, लेकिन उनके प्रयासों से बंजर भूमि को हरित क्षेत्रों में बदला गया। वांगचुक ने हजारों पेड़ लगवाए, विशेष रूप से वे प्रजातियां, जो लद्दाख की कठोर जलवायु में जीवित रह सकती हैं, जैसे विलो और पॉपलर। ये पेड़ मिट्टी को स्थिर करते हैं और नमी बनाए रखने में मदद करते हैं। उन्होंने रासायनिक उर्वरकों के बजाय जैविक खेती के तरीकों को प्रोत्साहित किया, जो मिट्टी की उर्वरता को दीर्घकालिक रूप से बनाए रखता है।

## शिक्षा सुधार के लिए तकनीकी दृष्टिकोण

सोनम वांगचुक ने 1988 में सीइसीएमओएल की स्थापना की, जो लद्दाख के ग्रामीण बच्चों को प्रैक्टिकल और पर्यावरण केंद्रित शिक्षा प्रदान करता है। उन्होंने पारंपरिक शिक्षा प्रणाली को चुनौती दी और प्रकृति, पर्यावरण और व्यावहारिक ज्ञान पर आधारित एक शैक्षिक मॉडल विकसित किया। उन्होंने पारंपरिक शिक्षा प्रणाली की कमियों को पहचाना और ऑपरेशन न्यू होप के तहत सरकारी स्कूलों में सुधार लाए।

उनके इन नवाचारी कार्यों के लिए उन्हें रमण मैग्सेसे पुरस्कार (2018) मिला, जिसे 'एशिया का नोबेल पुरस्कार' माना जाता है। इसके अलावा रोलेक्स अवॉर्ड फॉर एंटरप्राइज (2016), ग्लोबल अवॉर्ड फॉर सस्टेनेबल आर्किटेक्चर (2017) और अशोक फेलोशिप फॉर सोशल एंटरप्रेन्योरशिप (2002) से नवाजा गया।

---

## टेक अपडेट्स

### जोहो मेल : बढ़िया फीचर्स के साथ इंडियन मेल सर्विस




भारत में "मेड इन इंडिया" ऐप्स की लहर लगातार बढ़ रही है। इसी कड़ी में जोहो कार्पोशन का बनाया गया अराटाई और जोहो मेल देश में तेजी से लोकप्रिय हो रहा है। खास बात यह है कि अब केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह भी जोहो मेल का उपयोग कर रहे हैं, जिससे इसकी विश्वसनीयता और भी बढ़ गई है।

- **क्या है जोहो मेल?**

जोहो मेल एक एड-फ्री और सिक्योर ईमेल सर्विस है, जिसे जोहो कॉर्पोरेशन ने बनाया है। इसका इंटरफेस जीमेल और आउटलुक जैसा है। यह प्लेटफॉर्म उपयोगकर्ताओं को कस्टम डोमेन ईमेल बनाने की सुविधा देता है, जो छोटे व्यवसायों और प्रोफेशनल्स के लिए बेहद उपयोगी है।

- **प्रमुख फीचर्स**

एड-फ्री और प्राइवेसी- फोकस्ड प्लेटफॉर्म टीम, कोलेबोरेशन फीचर्स, जैसे पोस्ट बनाना, टैग करना और ईवेंट प्लानिंग, 1 जीबी तक की फाइल अटैचमेंट, बड़ी फाइलें अपने आप लिंक में कन्वर्ट हो जाती हैं। ईमेल को भेजने के बाद भी अनसेंड करने की सुविधा और
एस/एमआईएमई सपोर्ट के जरिए बेहतर एन्क्रिप्शन और डिजिटल सिग्नेचर।

- ऑटो ईमेल सॉर्टिंग- नोटिफिकेशन, न्यूजलेटर आदि अलग-अलग फोल्डरों में विभाजित कैलेंडर, टास्क, नोट्स और कॉन्टैक्ट्स का एकीकृत सेटअप जोहो मेल की ये खूबियां इसे जीमेल के मुकाबले एक मजबूत देसी विकल्प बनाती हैं। इसका सुरक्षित और एड-फ्री अनुभव भारत में डिजिटल आत्मनिर्भरता की दिशा में एक और महत्वपूर्ण कदम है।

---



## रहस्य का पिटारा है डार्क मैटर

डार्क मैटर को रहस्य का पिटारा कहें तो गलत नहीं होगा। यह ऐसा तत्व है, जो दिखता नहीं है, लेकिन ब्रह्मांड में इसका प्रभाव महसूस होता है। ब्रह्मांड का लगभग 85 फीसदी द्रव्यमान इसी से बनता है। अजीब बात यह है कि इसे देखा नहीं जा सकता। ऐसा इसलिए है, क्योंकि यह प्रकाश या किसी अन्य विद्युत चुंबकीय विकिरण को अवशोषित, परावर्तित या उत्सर्जित नहीं करता है। यह सिर्फ अपने गुरुत्वाकर्षण प्रभाव के कारण ही महसूस किया जा सकता है, जो इसे दिखाई देने वाले पदार्थ पर डालता है। आइए सबसे पहले जानते हैं कि डार्क मैटर है क्या? डार्क मैटर को सीधे तौर पर देखने के बजाय, वैज्ञानिक इसके अस्तित्व का पता इसके द्वारा किए जाने वाले गुरुत्वाकर्षण खिंचाव से लगाते हैं। वैज्ञानिक रिसर्च के जरिए इसे कई तरीकों से महसूस किया जाता है।

### आकाशगंगाओं का घूमना

आकाशगंगाओं के बाहरी हिस्सों में तारे बहुत तेजी से घूमते हैं। यह घूमते हुए कहीं से कहीं भी पहुंच सकते हैं, लेकिन ऐसा होता नहीं है। वह सिर्फ दिखाई देने वाले पदार्थ के गुरुत्वाकर्षण से बंधे नहीं हैं। इसका मतलब है कि वहां कुछ अदृश्य अतिरिक्त द्रव्यमान है, जो उन्हें एक साथ बांधकर रखता है।

### आकाशगंगाओं का निर्माण

ब्रह्मांड में हजारों आकाश गंगाएं हैं। यह हमें पता है कि ब्रह्मांड लगातार विस्तार ले रहा है। ऐसे में आकांश गंगाएं बिखर सकती हैं, लेकिन डार्क मैटर आकाशगंगाओं के समूहों को गुरुत्वाकर्षण से एक साथ खींचता है।

### गुरुत्वाकर्षण लेंसिंग

नजर न आने वाला डार्क मैटर इतना विशाल है कि यह प्रकाश के मार्ग को मोड़ सकता है, ठीक वैसे ही जैसे एक लेंस करता है। इसी वजह से इसे गुरुत्वाकर्षण लेंसिंग भी कहा जाता है।

### ब्रह्मांडीय संरचना का विकास

वैज्ञानिकों का मानना है कि डार्क मैटर ने ब्रह्मांड निर्माण के प्रारंभिक काल में आकाशगंगाओं के निर्माण के लिए एक ढांचा प्रदान किया था। आखिर डार्क मैटर का रहस्य क्या है? डार्क मैटर का सबसे बड़ा रहस्य इसकी वास्तविक प्रकृति है। यह सिर्फ महसूस होता है, इसलिए वैज्ञानिक अब तक नहीं जान पाए हैं कि यह किस चीज से बना है। कण भौतिकी के वर्तमान मानक मॉडल में ऐसा कोई कण नहीं है, जो डार्क मैटर के गुणों से मेल खाता हो।



### इसके बावजूद कुछ संभावनाएं वैज्ञानिक मानते हैं

- आदिम ब्लैक होल : कुछ वैज्ञानिक मानते हैं कि डार्क मैटर का एक छोटा हिस्सा बिग बैंग के तुरंत बाद बने छोटे ब्लैक होल से बना हो सकता है।
- एक्सियोन : ये हल्के, विद्युत आवेश-रहित कण होते हैं, जिन्हें सैद्धांतिक रूप से डार्क मैटर का एक अच्छा उम्मीदवार माना जाता है।
- कमजोर रूप से अंत :क्रिया करने वाले विशाल कण : ये ऐसे भारी कण हैं, जो गुरुत्वाकर्षण के अलावा किसी अन्य बल के साथ कमजोर रूप से अंत :क्रिया करते हैं।

डार्क मैटर के रहस्य को सुलझाने के लिए वैज्ञानिक कण कोलाइडर का उपयोग करके डार्क मैटर कणों को बनाने की कोशिश कर रहे हैं। इन कोशिशों के बावजूद, डार्क मैटर की प्रकृति आज भी एक गहरा रहस्य है।

---

## विज्ञान फैक्ट

### पुरुषों की दाढ़ी आती है औरतों को क्यों नहीं



जन्म के बाद मानव में सबसे ज्यादा विकास किशोरावस्था में होता है। ग्यारह से तेरह वर्ष की उम्र के किशोरों में यौन ग्रंथियों का विशेष विकास होता है। इस उम्र में पुरुषों के यौन ग्रंथिया एंड्रोजन हार्मोन पैदा करती हैं, जो दाढ़ी और छाती के बालों में वृद्धि करते हैं। जबकि स्त्रियों की यौन ग्रंथियां एंड्रोजन की बजाए एस्ट्रोजन हार्मोन पैदा करती हैं। यही कारण है कि पुरुषों में दाढ़ी होती है और स्त्रियों में नहीं।

## रोचक किस्सा

### विलियम बकलैंड

विलियम बकलैंड ऑक्सफोर्ड के कॉरपस क्रिस्टी कॉलेज के पूर्व छात्र और चार्ल्स डार्विन के समकालीन को जीवाश्म डायनासोर, मेगालोसॉरस का संपूर्ण विवरण लिखने वाले पहले व्यक्ति के रूप में याद किया जाता है। हालांकि अपने खाली समय में वह एक ऐसा व्यक्ति भी था, जो सब कुछ खाने पर जोर देता था। हमारा मतलब सब कुछ है, जिसमें भुना हुआ हेजहॉग, गमले में रखा शुतुरमुर्ग, तेंदुआ, पॉरपॉइज, पिल्ले और यहां तक कि चमगादड़ का मूत्र भी शामिल है। हालांकि बगीचे के छछूंदर स्पष्ट रूप से बहुत दूर थे। शायद बकलैंड की सबसे बड़ी स्वाद संबंधी उपलब्धि कथित तौर पर राजा लुई-चौदहवें का सिकुड़ा हुआ दिल खाना है। एक ऐसा अंतर, जो यकीनन मेगालोसॉरस के उनके विवरण को ढक देता है। शायद इतिहास की पुस्तकों में जगह पाने की इच्छा रखने वाले किसी भी वैज्ञानिक को प्रयोग छोड़ देना चाहिए और अपने रास्ते में आने वाली किसी भी चीज को चबाना शुरू कर देना चाहिए।



| बाजार | सेंसेक्स ↑ | निफ्टी ↑ |
|---|---|---|
| बंद हुआ | 82,172.10 | 25,181.80 |
| बढ़त | 398.44 | 135.65 |
| प्रतिशत में | 0.49 | 0.54 |

सोना 1,26,600 प्रति 10 ग्राम

चांदी 1,63,000 प्रति किलो

अमृत विचार
मुरादाबाद, शुक्रवार, 10 अक्टूबर 2025
www.amritvichar.com



## बिजनेस ब्रीफ

### अब अमेजन इंडिया पर मिलेगी रॉयल एनफील्ड

**नई दिल्ली।** प्रीमियम मोटरसाइकिल बनाने वाली कंपनी रॉयल एनफील्ड की 350 सीसी की सभी मोटरसाइकिल अब ऑनलाइन ई-कॉमर्स मंच अमेजन से खरीदी जा सकेंगी। कंपनी ने बृहस्पतिवार को यह जानकारी दी। कंपनी ने बयान में कहा कि फिलहाल पांच प्रमुख शहरों अहमदाबाद, चेन्नई, हैदराबाद, दिल्ली और पुणे के ग्राहकों के लिए ही यह सेवा शुरू की गई है। बयान में कहा गया कि क्लासिक 350, बुलेट 350, हंटर 350, गोअन क्लासिक 350 और नई मेट्योर 350 अमेजन इंडिया पर रॉयल एनफील्ड ब्रांड के बिक्री केंद्र के जरिये बेची जाएंगी।

### इंडिगो पर लगा 20 लाख रुपये का जुर्माना

**नई दिल्ली।** नागर विमानन नियामक डीजीसीए ने पायलट प्रशिक्षण में कथित खामियों के लिए इंडिगो पर 20 लाख रुपये का जुर्माना लगाया है। कंपनी इस फैसले को चुनौती देने की योजना बना रही है। इंडिगो ने शेयर बाजार को दी सूचना में बताया कि उसे 26 सितंबर को नागर विमानन महानिदेशालय (डीजीसीए) से जुर्माने के संबंध में नोटिस मिला है। कंपनी सूचना के अनुसार, 20 लाख रुपये का जुर्माना श्रेणी सी हवाई अड्डों पर पायलट प्रशिक्षण के लिए योग्य 'सिमुलेटर' का उपयोग करने में कथित विफलता के लिए लगाया गया है। आमतौर पर श्रेणी 'सी' के हवाई अड्डों की पहुंच और परिचालन स्थितियां चुनौतीपूर्ण होती हैं।

### टाटा स्टील का कच्चा इस्पात उत्पादन 7% बढ़ा

**नई दिल्ली।** प्रमुख इस्पात कंपनी टाटा स्टील का चालू वित्त वर्ष 2025-26 की दूसरी तिमाही में भारत में कच्चे इस्पात का उत्पादन 7% बढ़कर 56.7 लाख टन हो गया। झारखंड के जमशेदपुर में ब्लास्ट फर्नेस की रीलाइनिंग के पूरा होने के बाद परिचालन सामान्य होने की वजह से कंपनी के उत्पादन में बढ़ोतरी हुई है। कंपनी ने शेयर बाजार को दी सूचना में बताया कि चालू वित्त वर्ष 2025-26 की दूसरी (जुलाई-सितंबर) तिमाही में टाटा स्टील इंडिया का कच्चा इस्पात उत्पादन 56.7 लाख टन रहा। तिमाही आधार पर उत्पादन में आठ प्रतिशत और सालाना आधार पर 7% की वृद्धि हुई।

# भारत की वृद्धि गाथा का हिस्सा बनें वैश्विक निवेशक : प्रधानमंत्री

## मोदी बोले- प्रौद्योगिकी केवल सुविधा का साधन नहीं, समानता का माध्यम भी है

**ग्लोबल फिनटेक फेस्ट**

**मुंबई, एजेंसी**



मुंबई में भारत-यूके सीईओ फोरम में एक समूह के साथ ब्रिटिश समकक्ष कीर स्टारमर के साथ प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी।

प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने गुरुवार को वैश्विक कंपनियों का भारत की वृद्धि गाथा का हिस्सा बनने का आह्वान करते हुए कहा कि देश दुनिया में सबसे तेजी से बढ़ने वाली प्रमुख अर्थव्यवस्था है। प्रधानमंत्री मोदी ने यहां 'ग्लोबल फिनटेक फेस्ट 2025' को संबोधित करते हुए कहा कि प्रौद्योगिकी केवल सुविधा का साधन नहीं, बल्कि समानता का माध्यम भी है।

उन्होंने कहा कि इस समावेशी दृष्टिकोण ने भारत की बैंकिंग प्रणाली को बदल दिया है। पहले बैंकिंग एक विशेषाधिकार थी, लेकिन डिजिटल प्रौद्योगिकी ने इसे सशक्तीकरण का साधन बना दिया है। आज डिजिटल भुगतान हर व्यक्ति के जीवन का हिस्सा है और इसका श्रेय 'जैम तिकड़ी' यानी जन धन, आधार और मोबाइल को जाता है। मोदी ने कहा कि भारत की वित्तीय-प्रौद्योगिकी (फिनटेक) क्षमता को वैश्विक स्तर पर पहचान मिल रही है। उन्होंने कहा कि भारत न केवल अन्य देशों के साथ प्रौद्योगिकी साझा कर रहा है, बल्कि इसे विकसित करने में भी उनकी मदद कर रहा है। प्रधानमंत्री ने कहा कि मैं सभी देशों, खासकर ब्रिटेन को भारत के साथ साझेदारी के लिए आमंत्रित करता हूं। सभी वैश्विक निवेशक भारत की वृद्धि गाथा का हिस्सा बनें। हमें ऐसा फिनटेक विश्व बनाना है जहां प्रौद्योगिकी, लोग और धरती सबका समान रूप से विकास हो। नवाचार का लक्ष्य केवल वृद्धि नहीं, बल्कि अच्छाई भी होना चाहिए और वित्त का मतलब सिर्फ संख्या नहीं बल्कि मानव प्रगति भी है। उन्होंने भारत को लोकतंत्र की जननी बताते हुए कहा कि हम जब लोकतंत्र की बात करते हैं तो यह केवल चुनाव या नीति निर्माण तक सीमित नहीं है। भारत ने लोकतांत्रिक भावना को शासन का मजबूत स्तंभ बनाया है। इसका सर्वोत्तम उदाहरण प्रौद्योगिकी है। इस अवसर पर ब्रिटिश प्रधानमंत्री केअर स्टार्मर ने कहा कि भारत-ब्रिटेन मुक्त व्यापार समझौता (एफटीए) दोनों देशों के सकल घरेलू उत्पाद (जीडीपी) को बढ़ावा देगा। स्टार्मर ब्रिटेन के 125 प्रमुख व्यापारिक नेताओं, उद्यमियों एवं शिक्षाविदों के एक प्रतिनिधिमंडल के साथ बुधवार सुबह दो दिवसीय यात्रा पर मुंबई पहुंचे थे।

## अकासा एयर की सह-संस्थापक नीलू खत्री का इस्तीफा

**नई दिल्ली।** अकासा एयर की सह-संस्थापक और वरिष्ठ उपाध्यक्ष (परिचालन) नीलू खत्री ने इस्तीफा दे दिया है। गुरुवार को एयरलाइन कंपनी ने पुष्टि की कि खत्री ने अपनी पेशेवर यात्रा को नई दिशा देने के लिए कंपनी छोड़ने का फैसला किया है।



इससे पहले सूत्रों ने बताया था कि खत्री ने अकासा एयर से इस्तीफा दे दिया है। खत्री अकासा एयर की संस्थापक टीम में हैं। वह एयरलाइन कंपनी की कार्यकारी समिति की सदस्य भी हैं। अकासा एयर की शुरूआत 7 अगस्त, 2022 को हुई थी। खत्री के अलावा आदित्य घोष, आनंद श्रीनिवासन, बेलसन कॉटिन्हो, भाविन जोशी और प्रवीण अय्यर अकासा एयर के पांच अन्य सह-संस्थापक हैं। विनय दुबे अकासा एयर के संस्थापक और सीईओहैं। हाल के दिनों में एयरलाइन कंपनी में कुछ कार्यकारी स्तर के कर्मचारियों की छंटनी हुई है। कंपनी ने कहा कि उसकी मौजूदा सेवाएं और भविष्य में विस्तार की योजनाएं बनी रहेंगी।

## 6 लाख करोड़ से 10,000 किमी के नए एक्सप्रेस-वे बना रही सरकार : गडकरी

**नई दिल्ली, एजेंसी**



पीएचडीसीसीआई के 120वें वार्षिक सत्र में शामिल केंद्रीय मंत्री नितिन गडकरी।

केंद्रीय सड़क परिवहन एवं राजमार्ग मंत्री नितिन गडकरी ने गुरुवार को कहा कि सरकार देशभर में 6 लाख करोड़ की लागत से 25 ग्रीनफील्ड (नए) एक्सप्रेस-वे का निर्माण कर रही है, जिनकी लंबाई कुल 10,000 किलोमीटर होगी।

पीएचडी चैंबर ऑफ कॉमर्स एंड इंडस्ट्री (पीएचडीसीसीआई) के 120वें वार्षिक सत्र में गडकरी ने कहा कि रणनीतिक जोजिला सुरंग का 75-80% काम हो चुका है। यह सुरंग लद्दाख क्षेत्र और देश के बाकी हिस्सों के बीच सभी मौसम में संपर्क प्रदान करेगी। उन्होंने कहा कि यदि राजमार्ग मंत्रालय अपनी सड़क परियोजनाओं का मौद्रीकरण करता है तो उसे 15 लाख करोड़ रुपये मिलेंगे। गडकरी ने कहा कि एक्सप्रेसवे और आर्थिक गलियारों के निर्माण से देश की लॉजिस्टिक्स लागत 16 से घटकर 10% हो गई है। दिसंबर तक भारत की लॉजिस्टिक्स लागत घटकर नौ प्रतिशत रह जाएगी, जिससे भारत को और अधिक प्रतिस्पर्धी बनने में मदद मिलेगी। अमेरिका में लॉजिस्टिक्स लागत 12%, यूरोपीय देशों में 12 और चीन में 8-10% है। भारत के मोटर वाहन क्षेत्र पर मंत्री ने कहा कि पांच साल में हमारा लक्ष्य भारत के मोटर वाहन उद्योग को दुनिया में नंबर एक बनाना है।

गडकरी ने कहा कि जब मैंने परिवहन मंत्री का कार्यभार संभाला था, तब भारतीय मोटर वाहन उद्योग का आकार 14 लाख करोड़ रुपये था। आज भारतीय मोटर वाहन उद्योग का आकार 22 लाख करोड़ रुपये है। मोटर वाहन क्षेत्र चार लाख युवाओं को रोजगार देता है और केंद्र व राज्यों को सबसे अधिक जीएसटी (माल एवं सेवा कर) राजस्व प्रदान करता है।

## ट्राई के स्पेक्ट्रम की कीमतें तय होने के बाद उपग्रह संचार सेवा शुरू होगी : सिंधिया

**नई दिल्ली, एजेंसी**

**इंडिया मोबाइल कांग्रेस**



- **बोले- दो कंपनियों को उपग्रह संचार सेवाओं के लिए लाइसेंस एक को आशय पत्र जारी**

केंद्रीय दूरसंचार मंत्री ज्योतिरादित्य सिंधिया ने गुरुवार को कहा कि देश में उपग्रह संचार ब्रॉडबैंड सेवाएं, कंपनियां के अपनी योजना को अंतिम रूप देने और क्षेत्र नियामक भारतीय दूरसंचार विनियामक प्राधिकरण (ट्राई) के स्पेक्ट्रम कीर कीमतें तय करने के बाद शुरू होगी।

इंडिया मोबाइल कांग्रेस 2025 में मंत्री ने कहा कि दो कंपनियों को उपग्रह संचार सेवाओं के लिए लाइसेंस दिए गए हैं और एक अन्य को आशय पत्र (एलओआई) जारी किया गया है। सिंधिया ने कहा कि यह कंपनियों पर निर्भर करता है कि वे कितनी जल्दी अपनी क्रियान्वयन रणनीति लागू कर पाती हैं। एक मुद्दा यह है कि ट्राई को अभी स्पेक्ट्रम मूल्य निर्धारण को अंतिम रूप देना है। यह लंबित हिस्सा है और नियामक इसे पूरा करेगा।

भारत में उपग्रह संचार सेवा शुरू होने को लेकर लोगों में उत्सुकता बढ़ रही है। अमेरिकी उद्योगपति एलन मस्क की स्टारलिंक, भारती समर्थित यूटेलसैट वनवेब और रिलायंस जियो-एसईएस जैसी कंपनियां ब्रॉडबैंड इंटरनेट क्षेत्र में दांव लगाने को उत्सुक हैं। सरकार ने यूटेलसैट वनवेब और जियो-एसईएस को परमिट प्रदान कर दिया है, तथा स्टारलिंक को आशय पत्र (एलओआई) जारी कर दिया है।

## भारत वैश्विक दबाव के आगे नहीं झुकेगा : चौहान

**नई दिल्ली, एजेंसी**



कार्यक्रम को संबोधित करते केंद्रीय कृषि एवं किसान कल्याण मंत्री शिवराज सिंह चौहान।

कृषि मंत्री शिवराज सिंह चौहान ने गुरुवार को कहा कि अस्थिर भू-राजनीतिक स्थिति में जहां व्यापार एवं शुल्क हथियार बन गए हैं... भारत अपने राष्ट्रीय हितों से समझौता नहीं करेगा। उन्होंने इस बात पर जोर दिया कि देश को वैश्विक बाजारों पर निर्भर हुए बिना खाद्य सुरक्षा को और मजबूत करना चाहिए।

पीएचडी चैंबर ऑफ कॉमर्स एंड इंडस्ट्री की 120वीं वार्षिक आम बैठक में चौहान ने कहा कि प्रधानमंत्री मोदी ने स्पष्ट कर दिया है कि भारत, 'विश्व में भाई' की भूमिका निभाने में विश्वास रखता है और दुनिया के बारे में चिंतित है लेकिन देश का हित सर्वोच्च प्राथमिकता है। उन्होंने कहा कि ऐसी अस्थिर भू-राजनीतिक स्थिति में जहां राष्ट्र एक-दूसरे से लड़ रहे हैं, जहां व्यापार एवं शुल्क को हथियार माना जा रहा है, जहां राष्ट्र अपनी मनमानी से दुनिया पर शासन कर रहे हैं... ऐसी स्थिति में, भारत को अपना रास्ता चुनना होगा। हम किसी के दबाव में नहीं आएंगे। अपने देश के हितों की रक्षा करना हमारा कर्तव्य है और यह वैश्विक शांति के लिए आवश्यक है। भारत जैसे जिम्मेदार देश को आगे आना चाहिए।

### देश की 46% आबादी आजीविका के लिए कृषि पर निर्भर

केंद्रीय मंत्री ने कहा कि भारत की 46 प्रतिशत आबादी आजीविका के लिए कृषि पर निर्भर है। इस पर निर्भरता को कम करने के लिए जारी प्रयासों के बावजूद इस क्षेत्र को मजबूत करना महत्वपूर्ण हो जाता है। मौजूदा स्थिति में खाद्यान्न के लिए वैश्विक बाजार पर निर्भर नहीं रहा जा सकता। इसलिए हमें आत्मनिर्भर बनना होगा। पीएल480 कार्यक्रम के तहत अमेरिकी खाद्य सहायता पर भारत की पिछली निर्भरता का जिक्र करते हुए चौहान ने कहा कि देश ने एक लंबा सफर तय किया है। एक समय ऐसा था जब अतीत में किसी प्रधानमंत्री को लोगों से सप्ताह में एक बार उपवास रखने को कहना पड़ता था। अब 80 करोड़ लोगों को मुफ्त राशन दिया जा रहा है।



# संपत्तियों के पंजीयन का वक्त बढ़ाने पर होगी सुनवाई

## वक्फ बाय यूजर सहित संपत्तियों के पंजीकरण से जुड़ी याचिका को सूचीबद्ध करने पर शीर्ष सहमति

**नई दिल्ली, एजेंसी**



उच्चतम न्यायालय ने 'उम्मीद' पोर्टल के तहत 'वक्फ बाय यूजर' सहित सभी वक्फ संपत्तियों के अनिवार्य पंजीकरण के लिए समयावधि बढ़ाने के अनुरोध वाली याचिका को सूचीबद्ध करने पर गुरुवार को सहमति व्यक्त की। वक्फ बाय यूजर से आशय ऐसी संपत्ति से है, जहां संपत्ति को औपचारिक दस्तावेज के बिना धार्मिक उद्देश्यों के लिए उसके दीर्घकालिक उपयोग पर वक्फ के रूप में मान्यता दी जाती है, भले मालिक द्वारा वक्फ की औपचारिक, लिखित घोषणा न की गई हो।

शीर्ष अदालत ने 15 सितंबर को अंतरिम आदेश में वक्फ (संशोधन) अधिनियम, 2025 के कुछ प्रावधानों पर रोक लगा दी थी, जिसमें एक ये खंड भी था कि पांच वर्षों से इस्लाम का पालन करने वाले लोग ही वक्फ बना सकते हैं, लेकिन उसने संवैधानिकता की धारणा को रेखांकित करते हुए पूरे कानून पर रोक लगाने से इन्कार कर दिया था। न्यायालय ने केंद्र सरकार को राहत देते हुए कहा था कि नये संशोधित वक्फ कानून में 'वक्फ बाय यूजर' प्रावधान को हटाना प्रथम दृष्टया मनमाना नहीं था और वक्फ की जमीनें सरकार द्वारा हड़प लेने संबंधी दलीलें 'अतार्किक' हैं। ऑल इंडिया मजलिस-ए-इत्तेहादुल मुस्लिमीन (एआईएमआईएम) के नेता असदुद्दीन ओवैसी के वकील निजाम पाशा ने सीजेआई बीआर गवई की पीठ से गुरुवार को आग्रह किया कि वक्फ संपत्तियों के पंजीकरण के लिए समय बढ़ाने का अनुरोध करने वाली अर्जी पर सुनवाई की जाए।

### प्रक्रिया 25 जनवरी 2022 से पहले शुरू हुई तो कानून के तहत आयुसीमा लागू नहीं होगी: न्यायालय

उच्चतम न्यायालय ने गुरुवार को अहम फैसले में कहा कि 2021 के सरोगेसी कानून के तहत आयुसीमा उन इच्छुक जोड़ों पर लागू नहीं होगी, जिन्होंने 25 जनवरी, 2022 को कानून लागू होने से पहले भ्रूण 'फ्रीज' करने जैसी प्रक्रिया शुरू कर दी थी। अधिनियम में इच्छुक दंपति और सरोगेट (किराये की कोख) माताओं के लिए आयुसीमा तय की गई है। न्यायालय सरोगेसी (विनियमन) अधिनियम, 2021 के प्रावधान पर विचार कर रहा था, जिसमें कहा गया है कि इच्छुक जोड़े के लिए पात्रता प्रमाण पत्र जरूरी है जो यह प्रमाणित करता हो कि वे विवाहित हैं और प्रमाणीकरण के दिन महिला के मामले में उनकी आयु 23 से 50 वर्ष के बीच हो तथा पुरुष के मामले में 26 से 55 वर्ष के बीच हो। न्यायमूर्ति बीवी नागरत्ना और केवी विश्वनाथन की पीठ ने कहा कि यह कानून 25 जनवरी, 2022 को लागू किया गया। पीठ ने कहा कि 25 जनवरी से पहले सरोगेसी का लाभ लेने के इच्छुक जोड़ों पर आयु प्रतिबंध के संबंध में कोई बाध्यकारी कानून नहीं था। जब सरोगेसी की प्रक्रिया शुरू करने पर कोई प्रतिबंध नहीं था, तो राज्य को इस संबंध में सरोगेसी की क्षमता पर सवाल उठाने का अधिकार नहीं है।

### बच्चों को छोटी उम्र से दी जानी चाहिए यौन शिक्षा

उच्चतम न्यायालय ने कहा है कि बच्चों को छोटी उम्र से ही यौन शिक्षा दी जानी चाहिए, न कि कक्षा नौ से। न्यायमूर्ति संजय कुमार और आलोक अराधे की पीठ ने कहा कि यौन शिक्षा उच्चतर माध्यमिक विद्यालयों में पाठ्यक्रम का हिस्सा होनी चाहिए, ताकि बच्चों को आने वाले हार्मोनल बदलावों की जानकारी हो सके। यह संबंधित प्राधिकारों की जिम्मेदारी है कि वे इसके लिए सुधारात्मक उपाय करें, ताकि बच्चों को तरुणाई के बाद शरीरिक बदलावों व देखभाल-सावधानियों की जानकारी हो सके। शीर्ष अदालत ने आईपीसी की धारा 376 (दुष्कर्म) और 506 (धमकी) तथा पॉक्सो की धारा-6 (यौन हमला) का सामना कर रहे 15 साल के एक किशोर को जमानत देते हुए ये टिप्पणियां कीं।

## आतंकियों को घुसपैठ के लिए बर्फबारी का फायदा न उठाने दें : गृहमंत्री

- **केंद्र शासित प्रदेश की उच्च स्तरीय सुरक्षा समीक्षा बैठक की गृह मंत्री ने की अध्यक्षता**

**नई दिल्ली, एजेंसी**



जम्मू-कश्मीर में सुरक्षा स्थिति पर वरिष्ठ अधिकारियों के साथ उच्च स्तरीय बैठक में शामिल केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह, उपराज्यपाल मनोज सिन्हा आदि।

केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह ने गुरुवार को शीर्ष सुरक्षा अधिकारियों से कहा कि आतंकी सीमा पार से घुसपैठ के लिए बर्फबारी का फायदा उठाने की कोशिश कर सकते हैं, ऐसे में जम्मू-कश्मीर में कड़ी निगरानी रखी जाए।

केंद्र शासित प्रदेश की उच्च स्तरीय सुरक्षा समीक्षा बैठक की अध्यक्षता करते हुए गृह मंत्री ने कहा कि सुरक्षा बलों को यह सुनिश्चित करने के लिए ''पूरी तरह तैयार रहना चाहिए'' कि आतंकवादी जम्मू-कश्मीर में सीमा पार घुसपैठ के लिए बर्फबारी का फायदा न उठा सकें। समीक्षा बैठक में जम्मू-कश्मीर के उपराज्यपाल मनोज सिन्हा, केंद्रीय गृह सचिव गोविंद मोहन, खुफिया ब्यूरो (आईबी) के निदेशक तपन डेका, सेना प्रमुख उपेंद्र द्विवेदी, जम्मू-कश्मीर के पुलिस प्रमुख नलिन प्रभात, केंद्रीय रिजर्व पुलिस बल (सीआरपीएफ) के महानिदेशक जीपी सिंह और सीमा सुरक्षा बल (बीएसएफ) के महानिदेशक दलजीत सिंह चौधरी एवं अन्य वरिष्ठ अधिकारी शामिल हुए। गृहमंत्री ने एक्स पर ट्वीट किया, मैंने, उपराज्यपाल और अन्य वरिष्ठ अधिकारियों के साथ जम्मू-कश्मीर की सुरक्षा समीक्षा की। हम आतंकी समर्थक तंत्र की कमर तोड़ने के लिए प्रतिबद्ध हैं। हमारे सुरक्षा बलों को शांति और सुरक्षा को खतरे में डालने के प्रयास को कुचलने की स्वतंत्रता बनी रहेगी। मोदी के आतंकवाद मुक्त जम्मू-कश्मीर के दृष्टिकोण को साकार करने को तालमेल बढ़ाने के निर्देश दिए गए हैं।

## पुंछ में एलओसी के पास चार बारूदी सुरंगों में विस्फोट

**मेंढर/जम्मू।** जम्मू-कश्मीर के पुंछ जिले में नियंत्रण रेखा (एलओसी) के पास 4 बारूदी सुरंगों और एक मोर्टार के गोले में विस्फोट हुआ है।

अधिकारियों ने गुरुवार को बताया कि सुबह मनकोट इलाके के सगरा गांव में मशीन की मदद से जमीन खोदी जा रही थी, तभी जमीन में दबा मोर्टार फट गया, जिससे खुदाई करने वाली मशीन का चालक बाल-बाल बच गया। विस्फोट के बाद मामले की जांच के लिए पुलिस की टीम घटनास्थल पर पहुंची। अधिकारियों ने बताया कि सीमा पार से गोलाबारी के दौरान मोर्टार का गोला फटा नहीं था। उन्होंने बताया कि एक अन्य घटना में, बालाकोट इलाके में चार बारूदी सुरंगें फट गईं। विस्फोटों से कोई नुकसान नहीं हुआ है।

## भ्रामक प्रचार के लिए एआई का नहीं होना चाहिए उपयोग: ईसी

**नई दिल्ली/पटना, एजेंसी**

**बिहार विस चुनाव**

- **6 और 11 नवंबर को दो चरणों में मतदान, मतगणना 14 को**

निर्वाचन आयोग (ईसी) ने राजनीतिक दलों को हिदायत दी कि बिहार विस चुनाव में डीपफेक बनाने या सूचना को तोड़-मरोड़कर पेश करने के लिए एआई का दुरुपयोग नहीं होना चाहिए। आयोग ने ये हिदायत उस वक्त दी है जब बिहार में आदर्श आचार संहिता लागू है और शुक्रवार को पहले चरण के चुनाव की अधिसूचना जारी होने वाली है। बिहार में 6 और 11 नवंबर को दो चरणों में मतदान होगा और मतगणना 14 नवंबर को होगी।

निर्वाचन आयोग ने कहा कि आदर्श आचार संहिता के प्रावधान इंटरनेट और सोशल मीडिया पर डाले जाने वाले प्रचार-सामग्री पर भी लागू होते हैं। आयोग ने स्पष्ट किया कि अन्य दलों या उम्मीदवारों की आलोचना उनके नीतिगत रुख, कार्यक्रमों, कार्यों और पिछले रिकॉर्ड तक ही सीमित रहनी चाहिए। अगर कोई दल या उम्मीदवार प्रचार में एआई-जनित, डिजिटल रूप से परिवर्तित या कृत्रिम सामग्री का उपयोग करता है, तो उसे स्पष्ट करना होगा कि उसकी सामग्री एआई जेनरेटेड, डिजिटली एन्हैंस्ड या सिंथेटिक कंटेंट से संबंधित है।

आयोग ने कहा कि दूसरे दलों या उनके कार्यकर्ताओं की आलोचना अपुष्ट आरोपों के आधार पर नहीं की जानी चाहिए या तथ्यों को तोड़-मरोड़कर पेश नहीं किया जाना चाहिए।

## चैतन्यानंद की जमानत पर सुनवाई से अलग हुए न्यायाधीश

**नई दिल्ली।** एक न्यायाधीश ने गुरुवार को चैतन्यानंद सरस्वती की जमानत याचिका पर सुनवाई से खुद को अलग कर लिया। चैतन्यानंद पर निजी प्रबंधन संस्थान में 17 छात्राओं से छेड़छाड़ का आरोप है। वह फिलहाल न्यायिक हिरासत में है।

अतिरिक्त सत्र न्यायाधीश अतुल अहलावत ने आरोपी की जमानत पर सुनवाई से खुद को अलग कर लिया, जिसके बाद मामले को पटियाला हाउस जिला अदालत के जिला न्यायाधीश के समक्ष अन्य न्यायाधीश को सौंपने को भेजा गया। इस पर शुक्रवार को सुनवाई हो सकती है। बुधवार को मजिस्ट्रेट अदालत ने अंतरिम आदेश पारित कर चैतन्यानंद की प्याज-लहसुन रहित भोजन, चश्मा और दवाइयां पाने की अर्जी को मंजूरी दे दी थी।

## धर्मांतरण के पीड़ित दूसरों का धर्म बदलने की कोशिश करते हैं तो हो सकती है कार्रवाई

**अहमदाबाद, एजेंसी**



- **गुजरात हाईकोर्ट ने धर्मपरिवर्तन से जुड़ी याचिका पर की सुनवाई**

गुजरात हाईकोर्ट ने कहा है कि धर्म परिवर्तन का शिकार होने का दावा करने वाला यदि बाद में दूसरों का धर्म परिवर्तन करने का प्रयास करते हैं तो उन्हें भी कानूनी कार्रवाई का सामना करना पड़ सकता है।

न्यायमूर्ति निर्जर देसाई की अदालत ने कई व्यक्तियों द्वारा दायर याचिकाओं पर सुनवाई करते हुए एक अक्टूबर को कहा कि अन्य व्यक्तियों को इस्लाम में धर्मांतरित करने के लिए प्रभावित करने, दबाव डालने और प्रलोभन देने के उनके कृत्य के कारण उन पर प्रथम दृष्टया अपराध बनता है। याचिकाकर्ताओं ने दावा किया कि वे हिंदू थे और अन्य व्यक्तियों ने धर्मांतरण कराकर उन्हें मुसलमान बनाया, इसलिए वे धर्म परिवर्तन के शिकार हैं, न कि आरोपी। अदालत ने कहा कि याचिकाकर्ता अन्य लोगों पर इस्लाम धर्म अपनाने के लिए दबाव डालने और लुभाने में शामिल थे, जिससे उनके विरुद्ध प्रथम दृष्टया अपराध बनता है। धर्म परिवर्तन कराने के कई आरोपियों ने हाईकोर्ट का दरवाजा खटखटाया था और तर्क दिया था कि वे स्वयं धर्मांतरण के शिकार हैं और उनके विरुद्ध दर्ज प्राथमिकी अनुचित है। उन्होंने भरूच जिले के आमोद थाने में उनके खिलाफ दर्ज प्राथमिकी को रद्द किए जाने का अनुरोध किया था।

हाईकोर्ट ने उनकी याचिका को खारिज करते हुए कहा कि जैसा कि प्राथमिकी और गवाहों के बयानों से नजर आता है, अन्य व्यक्तियों को धर्मांतरण के लिए प्रभावित करने, दबाव डालने और लुभाने के उनके कृत्य के कारण और आज प्रस्तुत सामग्री की समीक्षा करने पर अदालत का मानना है कि प्रथम दृष्टया अपराध बनता है। एक शिकायतकर्ता ने आरोप लगाया था कि तीन लोगों ने उसके अंगूठे का निशान लेकर उसे इस्लाम धर्म में परिवर्तित किया था और एक आरोपी को इसके लिए वित्तीय सहायता मिल रही थी। प्राथमिकी अनुसार, तीन लोगों ने 37 हिंदू परिवारों के 100 लोगों देकर धर्म परिवर्तित कराया है।

## बब्बर खालसा आतंकी मॉड्यूल का भंडाफोड़ दो लोग गिरफ्तार

**चंडीगढ़।** पंजाब पुलिस ने गुरुवार को जालंधर से दो लोगों को गिरफ्तार कर बब्बर खालसा इंटरनेशनल (बीकेआई) के आतंकी मॉड्यूल का भंडाफोड़ करते हुए एक रिमोट कंट्रोल के साथ आरडीएक्स युक्त विस्फोटक जब्त किया।

पुलिस महानिदेशक (डीजीपी) गौरव यादव ने बताया कि विस्फोटक सामग्री आईईडी का उद्देश्य आतंकवादी हमला था। डीजीपी ने एक्स पर कहा कि पाकिस्तान के आईएसआई समर्थित बब्बर खालसा इंटरनेशनल आतंकी मॉड्यूल का भंडाफोड़ किया। इसे बीकेआई के हरविंदर सिंह रिंदा के निर्देश पर ब्रिटेन से निशान जौरियन और आदेश जमराई संचालित कर रहे हैं। मामले में गुरजिंदर सिंह और दीवान सिंह को जालंधर से गिरफ्तार किया गया है।

# हंगरी के लास्लो क्रास्नाहोरकाई को साहित्य का नोबेल पुरस्कार

**स्टॉकहोम, एजेंसी**



- निर्णायकों ने की कलात्मक दृष्टि की प्रशंसा, भ्रम से मुक्त बताया

हंगरी के लेखक लास्लो क्रास्नाहोरकाई को इस साल का साहित्य का नोबेल पुरस्कार प्रदान किया जाएगा। यह घोषणा बृहस्पतिवार को की गई। करीब 71 वर्षीय क्रास्नाहोरकाई की प्रशस्ति में कहा गया है कि उन्हें उनके सम्मोहक और दूरदर्शी रचनाकर्म के लिए चुना गया है जो सर्वनाशी भय के बीच कला की ताकत की पुष्टि करता है।

लास्लो क्रास्नाहोरकाई की पहली कृति 'सैटानटैंगो' के साथ ही 'द मेलांकली ऑफ रेसिस्टेंस' सहित कई कृतियों को हंगेरियन निर्देशक बेला टार ने फिल्मों में रूपांतरित किया है। नोबेल समिति के स्टीव सेम-सैंडबर्ग ने घोषणा के समय कहा, नोबेल निर्णायकों ने उनकी कलात्मक दृष्टि की प्रशंसा की, जो पूरी तरह से भ्रम से मुक्त है और जो कला की शक्ति में उनके अटूट विश्वास के साथ सामाजिक व्यवस्था की भंगुरता को समझती है। नोबेल निर्णायकों ने कहा, लास्लो क्रास्नाहोरकाई मध्य यूरोपीय परंपरा के महान महाकाव्य लेखक हैं, जो परंपरा (फ्रांज) काफ्का से थॉमस बर्नहार्ड तक फैली हुई है, और बेतुकेपन और विचित्र अतिरेक से युक्त है। उनकी अन्य पुस्तकों में 'बैरन वेंकहाइम्स होमकमिंग' मशहूर है, जो एक जुए के आदी अभिजात्य वर्ग के व्यक्ति की विस्तृत गाथा है।

उन्होंने चीन और जापान की अपनी यात्राओं से प्रेरित होकर भी कई किताबें लिखी हैं, जिनमें 2003 में हंगेरियन भाषा में प्रकाशित 'एक माउंटेन टू द नॉर्थ, ए लेक टू द साउथ, पाथ्स टू द वेस्ट, ए रिवर टू द ईस्ट' है। सेम-सैंडबर्ग ने कहा कि क्रास्नाहोरकाई कुछ समय से नोबेल पुरस्कार की दौड़ में थे, और वह एक के बाद एक उत्कृष्ट रचनाएं लिखते और रचते रहे हैं। उन्होंने क्रास्नाहोरकाई के साहित्यिक योगदान को 'विशुद्ध उत्कृष्टता की लगभग आधी सदी' की संज्ञा दी।

## श्रीलंका की नौसेना ने 47 भारतीय मछुआरों को गिरफ्तार किया

**कोलंबो।** श्रीलंका की नौसेना ने उत्तरी श्रीलंका के तलाईमन्नार में बृहस्पतिवार को 47 भारतीय मछुआरों को गिरफ्तार किया है और उनकी पांच नौकाएं जब्त कर ली गई हैं।

उन पर श्रीलंका के जलक्षेत्र में अवैध रूप से मछली पकड़ने का आरोप है। ये गिरफ्तारियां मन्नार और डेल्फ्ट के समुद्री क्षेत्रों में चलाए गए अभियानों के दौरान की गईं। नौसेना ने कहा कि 47 मछुआरों को आगे की कार्रवाई के लिए उत्तर में स्थित मत्स्य निरीक्षक कार्यालय को सौंप दिया जाएगा।

# अमेरिकी सांसदों का ट्रंप को पत्र ...वापस लें भारत पर लगाया टैरिफ

## कहा- भारत महत्वपूर्ण साझेदार, अमेरिकी आपूर्ति श्रृंखलाएं प्रभावित होने से महंगाई भी बढ़ेगी

**वाशिंगटन, एजेंसी**

अमेरिकी कांग्रेस के 19 सदस्यों ने राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप को पत्र लिखकर भारत के साथ अमेरिका के संबंधों को मजबूत बनाने की दिशा में तत्काल कदम उठाने का आग्रह किया है। सदस्य डेबोरा रॉस और रो खन्ना के नेतृत्व में इन सांसदों ने हाल ही में बढ़ाए गए टैरिफ को भी वापस लेने का भी आह्वान किया, क्योंकि इससे दोनों देशों के संबंधों पर नकारात्मक प्रभाव पड़ रहा है।

सांसदों ने कहा कि ट्रंप प्रशासन के भारतीय वस्तुओं पर टैरिफ बढ़ाने



के फैसले से भारतीय निर्माताओं को नुकसान तो हुआ ही है लेकिन अमेरिकी आपूर्ति श्रृंखलाएं भी प्रभावित हुई हैं। इससे अमेरिकियों की जेब पर बोझ बढ़ा है। इन कार्रवाइयों ने दुनिया के दो सबसे बड़े लोकतांत्रिक देशों के बीच दीर्घकालिक साझेदारी पर असर डाला है। सांसदों ने कहा कि वे जिन जिलों का प्रतिनिधित्व करते हैं, वहां बड़ी संख्या में भारतीय-अमेरिकी समुदाय के लोग रहते हैं और उनके भारत के साथ मजबूत पारिवारिक, सांस्कृतिक और आर्थिक संबंध हैं। ट्रंप प्रशासन की हालिया कार्रवाइयों ने दुनिया के सबसे बड़े लोकतंत्र के साथ संबंधों पर असर डाला है।

पत्र में अमेरिका-भारत संबंधों, व्यापार और रक्षा सहयोग का जिक्र करते हुए कहा गया है कि भारत, हिंद-प्रशांत क्षेत्र में स्थिरता बनाए रखने में प्रमुख साझेदार है और क्वाड जैसे पहलों के माध्यम से वैश्विक सुरक्षा में महत्वपूर्ण भूमिका निभाता है। जोर दिया गया कि भारत के साथ व्यापारिक साझेदारी दोनों देशों में लाखों रोजगार पैदा करती है। अमेरिकी निर्माता सेमीकंडक्टर, स्वास्थ्य सेवा और ऊर्जा जैसे प्रमुख क्षेत्रों में जरूरी चीजों के लिए भारत पर निर्भर हैं। भारत में निवेश करने वाली अमेरिकी कंपनियों को सबसे तेजी से बढ़ते उपभोक्ता बाजार में पहुंच मिलती है। भारतीय कंपनियों ने भी अमेरिका में अरबों डॉलर का निवेश किया है, जिससे रोजगार और आर्थिक अवसर पैदा हुए हैं।

### अमेरिका विरोधी देशों के करीब जा सकता है भारत

सांसदों ने चिंता जताई है कि अमेरिका की कार्रवाइयों ने भारत को चीन-रूस सहित उन देशों के साथ राजनयिक और आर्थिक संबंधों को मजबूत करने के लिए प्रेरित किया है जो अमेरिकी हितों के विरोधी हैं। कहा गया है कि भारत अमेरिकी सेनाओं के साथ संयुक्त सैन्य अभ्यास कर रहा है और महत्वपूर्ण समुद्री मार्गों की सुरक्षा के लिए अमेरिका और हमारे सहयोगियों के साथ मिलकर काम कर रहा है। क्वाड में इसकी भागीदारी और चीन की हठधर्मिता के खिलाफ इसकी भूमिका इस संबंध को और भी महत्वपूर्ण बनाती है।

# विशेषज्ञों ने खारिज कीं इस साल ट्रंप को शांति का नोबेल मिलने की संभावनाएं

**स्टावेंगर (नॉर्वे)।** अमेरिका के राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप की नोबेल शांति पुरस्कार जीतने की दावेदारी ने इस साल के पुरस्कार विजेता को लेकर अटकलों के खेल को और भी ज्यादा बढ़ा दिया है।

नोबेल पर लंबे समय से नजर रखने वालों का कहना है कि ट्रंप का नाम चुने जाने की संभावनाएं कमजोर हैं, जबकि पहले भी कई बार उन्हें नामांकित किया जा चुका है और कुछ उल्लेखनीय विदेश नीतिगत हस्तक्षेपों का श्रेय लेकर वह खुद भी इस पुरस्कार की दावेदारी कर रहे हैं। विशेषज्ञों का कहना है कि नॉर्वे की नोबेल समिति आमतौर पर शांति की स्थिरता, अंतरराष्ट्रीय भाईचारे को बढ़ावा देने और उन संस्थानों के शांत कार्यों पर ध्यान केंद्रित करती है जो इन लक्ष्यों को मजबूत करते हैं। उन्होंने बहुपक्षीय संस्थानों के प्रति ट्रंप के स्पष्ट तिरस्कार और वैश्विक जलवायु परिवर्तन संबंधी चिंताओं के प्रति उनकी उपेक्षा का हवाला देते हुए कहा कि ट्रंप का अपना रिकॉर्ड ही उनके खिलाफ जा सकता है।

# इजराइल और हमास युद्ध समाप्त करने और बंधकों को रिहा करने पर हुए सहमत

## ट्रंप ने की घोषणा, कहा- जल्द रिहा किए जाएंगे बंधक, इजराइल की सेना करेगी वापसी

**वाशिंगटन, एजेंसी**

अमेरिका के राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप ने बुधवार को कहा की कि इजराइल और हमास ने युद्ध रोकने और कुछ बंधकों एवं कैदियों को रिहा करने की उनकी शांति योजना के पहले चरण पर सहमति व्यक्त की है। ट्रंप ने दो साल से जारी युद्ध में महीनों में मिली सबसे बड़ी सफलता की रूपरेखा की घोषणा की।

ट्रंप ने सोशल मीडिया पर लिखा, सभी बंधकों को जल्द रिहा कर दिया जाएगा और इजराइल अपने सैनिकों को एक तय सीमा तक वापस बुला लेगा। यह एक मजबूत, टिकाऊ और स्थाई शांति की दिशा में पहला कदम होगा। उन्होंने कहा, सभी पक्षों के साथ निष्पक्ष व्यवहार किया जाएगा। इजराइल के प्रधानमंत्री बेंजामिन नेतन्याहू ने कहा, ईश्वर की मदद से हम उन सभी को घर वापस लाएंगे। हमास ने कहा कि इस समझौते से इजराइली सैनिकों की वापसी सुनिश्चित होगी और साथ ही सहायता सामग्री का प्रवेश और बंधकों एवं कैदियों की अदला-बदली भी सुनिश्चित होगी। अधिकारियों ने बताया कि हमास इस सप्ताह के अंत में सभी 20 जीवित बंधकों को रिहा करने की योजना बना रहा है जबकि इजराइली सेना गाजा के अधिकतर हिस्से से वापसी शुरू कर देगी।



समझौता वार्ता जारी होने के बावजूद इजराइल लगातार गाजा पर हमले कर रहा है।

### इजराइली बंधकों के परिजन खुशी से झूमे

**तेल अवीव।** करीब दो वर्षों से पीड़ा, अनिश्चितता और मानसिक यातना का प्रतीक बन चुके तेल अवीव के 'होस्टेज स्क्वायर' में बृहस्पतिवार तड़के उस समय खुशी का माहौल देखा गया, जब गाजा में बंधक बनाए गए इजराइली नागरिकों की संभावित रिहाई की खबर आई। जश्न के माहौल में लोगों ने शैम्पेन की बोतलें खोलीं, मिठाइयां बांटीं और नम आंखों के साथ परिजनों से गले मिलने का दौर चला। इजराइल और हमास के बीच बंधकों की रिहाई को लेकर समझौते की खबर फैलते ही बंधकों के परिवार वाले और समर्थक भावुक हो उठे। मातान जांगौकर नामक बंधक की मां और इस दो वर्ष लंबे आंदोलन का प्रमुख चेहरा बनीं ऐनाव जांगौकर ने खुशी से आसमान की ओर हाथ उठाते हुए कहा, मातान घर आ रहा है! उन्होंने कहा, मैं उसके शरीर की खुशबू को महसूस करना चाहती हूं।

### मोदी ने ट्रंप की योजना पर समझौते का स्वागत किया



**नई दिल्ली।** प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने पश्चिम एशिया के लिए अमेरिकी राष्ट्रपति ट्रंप की शांति योजना के पहले चरण पर हुए उस समझौते का स्वागत किया जिसके तहत इजराइल और हमास ने गाजा में लड़ाई रोकने का फैसला किया है। मोदी ने एक्स पर लिखा, हम राष्ट्रपति ट्रंप की शांति योजना के पहले चरण पर हुए समझौते का स्वागत करते हैं। यह प्रधानमंत्री नेतन्याहू के मजबूत नेतृत्व का भी प्रतिबिंब है। विश्व के कई और नेताओं ने युद्धविराम का स्वागत किया है।

# चीनी महिला से रोमांस पड़ा महंगा, अमेरिका का राजनयिक बर्खास्त

**वॉशिंगटन।** अमेरिकी विदेश मंत्रालय ने अपने देश के एक राजनयिक को एक चीनी महिला से कथित रोमांटिक संबंध रखने के कारण बर्खास्त कर दिया है। महिला पर चीन की कम्युनिस्ट पार्टी से संबंध होने का आरोप है।

- अमेरिकी कर्मियों के चीनी महिलाओं से संबंध रखने पर लगाई गई थी पाबंदी

इस मामले को हाल में लागू किए गए उस प्रतिबंध के तहत पहली कार्रवाई माना जा रहा है, जिसमें अमेरिकी कर्मियों के चीनी नागरिकों से ऐसे व्यक्तिगत संबंध पर रोक लगाई गई थी। एक रिपोर्ट के अनुसार, डेमोक्रेटिक पार्टी के नेता और अमेरिका के पूर्व राष्ट्रपति जो बाइडन के कार्यकाल के अंतिम दिनों में यह प्रतिबंध लगाया गया था। इसके तहत चीन में तैनात अमेरिकी सरकारी कर्मियों, उनके परिजनों और सुरक्षा मंजूरी प्राप्त संविदा कर्मचारियों को किसी भी चीनी नागरिक के साथ रोमांटिक या यौन संबंध रखने से मना किया गया था।

विदेश मंत्रालय के प्रवक्ता टॉमी पिगॉट ने बताया कि अमेरिका के राष्ट्रपति ट्रंप और विदेश मंत्री मार्को रुबियो द्वारा समीक्षा के बाद यह कार्रवाई की गई। पिगॉट ने कहा, रुबियो के नेतृत्व में हम उन कर्मचारियों के प्रति कतई बर्दाश्त नहीं करने की नीति बनाए रखेंगे, जो देश की राष्ट्रीय सुरक्षा को कमजोर करते हुए पाए जाएंगे।

# नेपाल : ओली की गिरफ्तारी की मांग कर रहे कई जेन जी प्रदर्शनकारी गिरफ्तार

**काठमांडू।** नेपाल पुलिस ने बृहस्पतिवार को डॉ. निकोलस भुसाल सहित जेन जी समूह से जुड़े 18 कार्यकर्ताओं को गिरफ्तार किया। ये कार्यकर्ता यहां मैतीघर में प्रदर्शन करते हुए अपदस्थ प्रधानमंत्री के पी शर्मा ओली और तत्कालीन गृहमंत्री रमेश लेखक की गिरफ्तारी की मांग कर रहे थे।

- आंदोलन का एक महीना पूरा होने पर आयोजित प्रदर्शन में सैकड़ों युवा थे शामिल

जेन जी समूह के एक धड़े द्वारा यह प्रदर्शन, भ्रष्टाचार और सोशल मीडिया साइट्स पर सरकारी प्रतिबंध के खिलाफ आंदोलन को एक माह पूरा होने के अवसर पर आयोजित किया गया। जेन जी समूह के बैनर तले हजारों युवाओं ने आठ और नौ सितंबर को काठमांडू में सरकार के खिलाफ प्रदर्शन किया था जिसमें 76 लोग मारे गए। कड़ी सुरक्षा व्यवस्था और दंगा नियंत्रण पुलिस की मौजूदगी के बीच प्रदर्शन कर रहे डॉ. भुसाल और उनके सहयोगी सुरेंद्र घरती को पुलिस ने हिरासत में ले लिया।

प्रदर्शनकारियों ने कहा कि कार्की के नेतृत्व में कार्यवाहक सरकार के गठन के बावजूद सरकार जेन जी की मांगों को पूरा करने में विफल रही है। प्रदर्शनकारियों की प्रमुख मांगों में ओली और रमेश लेखक की गिरफ्तारी शामिल थी, जिन्हें वे जनसंहार के लिए उत्तरदायी ठहराते हैं।

# भारत और ऑस्ट्रेलिया ने कई प्रमुख रक्षा समझौतों पर हस्ताक्षर किए

## रक्षा उद्योग, समुद्री सुरक्षा, रणनीतिक सहयोग करेंगे मजबूत

**नई दिल्ली, एजेंसी**

रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह और उनके ऑस्ट्रेलियाई समकक्ष रिचर्ड मार्लेस ने भारत और ऑस्ट्रेलिया के बीच द्विपक्षीय रणनीतिक संबंधों को और विस्तार देने पर बृहस्पतिवार को कैनबरा में चर्चा की तथा सैन्य हार्डवेयर के संयुक्त उत्पादन की संभावना पर विचार-विमर्श किया। इस दौरान कई रक्षा समझौतों पर भी हस्ताक्षर किए गए।

उन्होंने सोशल मीडिया पर कहा कि उन्होंने रक्षा उद्योग, साइबर रक्षा, समुद्री सुरक्षा और क्षेत्रीय चुनौतियों सहित भारत-ऑस्ट्रेलिया रक्षा सहयोग के संपूर्ण आयाम की समीक्षा की। सिंह ने कहा कि दोनों पक्षों ने भारत-ऑस्ट्रेलिया व्यापक रणनीतिक साझेदारी के महत्व की भी पुष्टि की। उन्होंने कहा, मैंने भारत के रक्षा उद्योग के तेजी से विकास और वैश्विक स्तर पर उच्च-गुणवत्ता वाली रक्षा प्रौद्योगिकी के एक विश्वसनीय स्रोत के रूप में भारत की बढ़ती प्रतिष्ठा पर प्रकाश डाला।



स्मोक सेरेमनी का आयोजन कर ऑस्ट्रेलिया में राजनाथ सिंह का स्वागत किया गया।

### दिल्ली पहुंचे अफगानिस्तान के विदेश मंत्री मुत्तकी

**नई दिल्ली।** अफगानिस्तान के विदेश मंत्री आमिर खान मुत्तकी बृहस्पतिवार को दिल्ली पहुंचे। अफगानिस्तान के पूर्व राष्ट्रपति अशरफ गनी के सत्ता से हटने और तालिबान के सत्ता अपने



हाथ में लेने के चार साल बाद तालिबान सरकार के किसी नेता की काबुल से भारत की यह पहली उच्चस्तरीय यात्रा है। मुत्तकी छह दिवसीय भारत यात्रा के दौरान विदेश मंत्री एस जयशंकर और राष्ट्रीय सुरक्षा सलाहकार अजीत डोभाल के साथ बातचीत करेंगे। विदेश मंत्रालय के प्रवक्ता रणधीर जायसवाल ने सोशल मीडिया पर कहा, हम अफगानिस्तान के विदेश मंत्री मौलवी आमिर खान मुत्तकी के साथ द्विपक्षीय संबंधों और क्षेत्रीय मुद्दों पर चर्चा करने के लिए उत्सुक हैं। मुत्तकी के कार्यक्रमों में दारुल उलूम देवबंद मदरसा का दौरा और ताजमहल की यात्रा शामिल है। अफगानिस्तान के विदेश मंत्री का पिछले महीने दौरा निर्धारित था, लेकिन संयुक्त राष्ट्र सुरक्षा परिषद के प्रतिबंधों के तहत इसे रद्द कर दिया गया था।

## मैक्रों 48 घंटे में करेंगे नए पीएम की घोषणा

**पेरिस।** फ्रांस के राष्ट्रपति इमैनुएल मैक्रों ने कहा कि वह 48 घंटों में नए प्रधानमंत्री की घोषणा करेंगे। लेकोर्नू ने सोमवार को अचानक इस्तीफा दे दिया था। नए प्रधानमंत्री की नियुक्ति से फिलहाल मध्यावधि विधायी चुनाव की आशंका कम हो जाएगी। मैक्रों ने घोषणा ऐसे समय की है जब लेकोर्नू ने इस्तीफे के बाद राष्ट्रपति के अनुरोध पर संसद में चर्चा कर जानने का प्रयास किया कि क्या शक्तिशाली लेकिन विभाजित निचले सदन में नई सरकार बनाने के लिए पर्याप्त समर्थन है।

# भारत के लिए सीधी उड़ानों की बहाली संबंधों में सुधार के लिए सकारात्मक कदम : चीन

- चीनी विदेश मंत्रालय ने कहा- दोनों देशों के 2.8 अरब लोगों के संबंध बढ़ाएगा ये कदम

**बीजिंग।** चीन ने बृहस्पतिवार को पांच साल के अंतराल के बाद भारत के साथ सीधी उड़ानें बहाल किए जाने को सकारात्मक कदम करार दिया। चीन ने कहा कि इससे पता चलता है कि दोनों देश द्विपक्षीय संबंधों को मजबूत करने के लिए प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी और राष्ट्रपति शी चिनफिंग के बीच बनी सहमति पर ईमानदारी से काम कर रहे हैं।

चीन के आठ दिवसीय राष्ट्रीय अवकाश के बाद विदेश मंत्रालय के प्रवक्ता गुओ जियाकुन ने पहली प्रेस वार्ता को संबोधित करते हुए कहा कि उड़ानें अक्टूबर के अंत तक पुनः शुरू हो जाएंगी। भारत ने दो अक्टूबर को घोषणा की थी कि चीन के लिए सीधी उड़ानें 26 अक्टूबर से फिर शुरू होंगी। गुओ ने कहा, यह एक सक्रिय कदम है जो 2.8 अरब से अधिक चीनी और भारतीय लोगों के बीच मैत्रीपूर्ण आदान-प्रदान को सुगम बनाता है। मोदी और चिनफिंग ने तियानजिन में एससीओ शिखर सम्मेलन के इतर मुलाकात की थी और अक्टूबर 2024 में रूस के कज़ान में अपनी पिछली बैठक के बाद से द्विपक्षीय संबंधों में सकारात्मक और लगातार हो रही प्रगति का स्वागत किया था।

# विश्व को स्वतंत्र, ठोस और वस्तुनिष्ठ जानकारी की जरूरत

## प्रेस की स्वतंत्रता के मुद्दे पर दुनिया भर की समाचार एजेंसियों के प्रमुखों के बीच पोप लियो का संबोधन

**वेटिकन सिटी, एजेंसी**

पोप लियो ने बृहस्पतिवार को कहा कि विश्व को स्वतंत्र, कठोर एवं वस्तुनिष्ठ पत्रकारिता की आवश्यकता है, अन्यथा लोग 'तथ्य और कल्पना' तथा 'सत्य और असत्य' के बीच अंतर नहीं कर पाएंगे जैसा कि अधिनायकवादी शासन में होता है।

पोप ने इस बात पर जोर दिया कि



सूचना तक मुक्त पहुंच एक ऐसा स्तंभ है जिस पर हमारे समाज की इमारत टिकी है। उन्होंने कहा, इसी कारण से हमसे प्रेस की स्वतंत्रता की रक्षा करने और इसकी गारंटी देने के लिए कहा गया है। पोप ने वेटिकन में दुनियाभर की समाचार एजेंसियों के आमंत्रित कार्यपालक अधिकारियों को संबोधित करते हुए कहा कि पत्रकारिता को अनुचित प्रतिस्पर्धा और तथाकथित क्लिकबेट (वेबसाइट पर यूजरको आकर्षित करने के लिए प्रयुक्त सामग्री) के तुच्छ चलन से मुक्त होना चाहिए।

पोप ने कहा कि समाचार एजेंसियां सटीक और संतुलित सूचना के अधिकार की रक्षा करने में अग्रणी भूमिका निभाती हैं। पोप लियो प्रेस की स्वतंत्रता के प्रबल समर्थक हैं। इस पद पर चुने जाने के तुरंत बाद उन्होंने दुनिया भर के पत्रकारों से मुलाकात की थी और जेल में बंद पत्रकारों की रिहाई की अपील की थी। पोप ने समाचार एजेंसियों से अपने प्राधिकार को कभी नहीं बेचने का आग्रह करते हुए कहा कि संचार क्षेत्र अपने काम को, सच्चाई साझा करने से अलग नहीं कर सकता और ना ही ऐसा करना चाहिए। उन्होंने विवेकपूर्ण और आलोचनात्मक तरीके से सोचने में मदद करने में मीडिया की महत्वपूर्ण भूमिका को रेखांकित करते हुए कहा कि यह विरोधाभास है कि संचार के युग में समाचार और मीडिया एजेंसियां संकट के दौर से गुजर रही हैं।

## आज का भविष्यफल

-पं.डॉ. ज्ञानेन्द्र शर्मा

आज की ग्रह स्थिति : 10 अक्टूबर, शुक्रवार 2025 संवत-2082, शक संवत 1947 मास-कार्तिक, पक्ष-कृष्ण पक्ष, चतुर्थी 19.38 तक तत्पश्चात पंचमी।

## आज का पंचांग




दिशाशूल-पश्चिम, ऋतु- शरद।
चन्द्रबल- वृषभ, कर्क, सिंह, वृश्चिक, धनु, मीन।
ताराबल- भरणी, कृत्तिका, रोहिणी, मृगशिरा, पुनर्वसु, आश्लेषा, पूर्वा फाल्गुनी, उत्तरा फाल्गुनी, हस्त, चित्रा, विशाखा, ज्येष्ठा, पूर्वाषाढ़ा, उत्तराषाढ़ा, श्रवण, धनिष्ठा, पूर्वाभाद्रपद, रेवती।
नक्षत्र- कृत्तिका 17.31 तक तत्पश्चात रोहिणी।

**मेष** – आज जल्दबाजी में व्यावसायिक डील से आर्थिक नुकसान हो सकता है। आपको अधिक लाभ की अपेक्षा नहीं करनी चाहिए। आप वैचारिक द्वंद्व में उलझे रहेंगे। अपनी योजनाओं को फिलहाल गोपनीय रहने दें।

**वृष** – आज परिजनों के साथ काफी अच्छा समय बिताएंगे। कार्यक्षेत्र में आपका प्रभुत्व बढ़ेगा। लोग आपकी बातों को मानेंगे। वैवाहिक जीवन का आज परस्पर संवाद से सुलझा लेंगे। नई संपत्ति के लेन-देन का विचार कर सकते हैं। मन में प्रसन्नता का अनुभव करेंगे।

**मिथुन** – आज व्यापार में जोखिम उठाने से हानि हो सकती है। लोग आपके साथ विश्वासघात कर सकते हैं। अपने प्रियजनों के साथ बहसबाजी न करें। दिनचर्या अनुशासित रखने का प्रयास करें। यदि घर से बाहर जा रहे हैं तो धूप और गर्मी को लेकर पूरी सावधानी बरतें।

**कर्क** – आज रुके हुए कार्य प्रारंभ होने से आपके आत्मविश्वास में वृद्धि होगी। आपका मन अत्यंत प्रसन्न रहेगा। व्यवसाय में बड़ा आर्थिक लाभ हो सकता है। बुद्धिमान लोगों के साथ चर्चा होगी। कमीशन से जुड़े कार्यों से लाभ होगा।

**सिंह** – आज राजनीति से जुड़े लोगों के लिए दिन बहुत अच्छा है। अपनी दिनचर्या को व्यवस्थित रखें। अपने कर्म के प्रति समर्पित रहेंगे। नए काम को लेकर जुनून रहेगा। दूसरों के झगड़ों में अधिक हस्तक्षेप न करें। अपनी कार्यप्रणाली में सुधार करने का प्रयास कर सकते हैं।

**कन्या** – आज यात्रा से आपको लाभ मिल सकता है। प्रतियोगी परीक्षा में बड़ी सफलता मिल सकती है। लोग आपको धोखा देने की कोशिश करेंगे। व्यावसायिक कार्यक्रम अधूरे छूट सकते हैं। परिस्थितियों का मजबूती से सामना करें।

**तुला** – आज मन में संशय की स्थिति रहेगी। छोटी-छोटी बातों में तनाव न लें। गर्मी के कारण उल्टी-दस्त की समस्या उभर सकती है। भावनात्मक रूप से काफी कमजोर महसूस करेंगे। लोगों के हस्तक्षेप से आपके कार्यों में अवरोध आ सकते हैं।

**वृश्चिक** – आज दोस्तों की इच्छाओं को पूर्ण करने का प्रयास करेंगे। अपने अंतर्मन की आवाज अवश्य सुनें। कार्यक्षेत्र में प्रगति होने के योग बन रहे हैं। अपनी उपलब्धियों से संतुष्ट रहेंगे। अपनी दिनचर्या को अनुशासित रखें।

**धनु** – आज मन में नए रचनात्मक विचार आएंगे। जिन पर कार्य करके आपको भविष्य में अत्यधिक लाभ होगा। अपनी उपलब्धियों से प्रसन्न रहेंगे। किसी कार्य में जल्दबाजी न करें। कम समय में बहुत से काम निपटा लेंगे। शत्रुओं पर आप भारी पड़ेंगे।

**मकर** – आज रियल एस्टेट से जुड़े प्रोजेक्ट्स में गति बढ़ेगी। बदलते मौसम के कारण आपकी परिस्थिति खराब हो सकती है। नौकरी के प्रति आपकी जवाबदेही बढ़ सकती है। किसी अटके हुए मामले में आपको दोबारा उलझनों का सामना करना पड़ सकता है।

**कुंभ** – आज दूसरों के कार्यों में अपनी ऊर्जा बर्बाद न करें। अपने लक्ष्य को लेकर स्पष्ट रहना होगा। जल्दबाजी में लिए गए निर्णय आपको बदलने पड़ेंगे। अपने स्वभाव में लचीलापन रखें। पुराने कड़वे अनुभवों का स्मरण हो सकता है।

**मीन** – आज आपके सभी कार्य सुचारू रूप से चलते रहेंगे। रुकी हुई पेमेंट आपको प्राप्त हो सकती है। भावनात्मक रूप से अत्यंत सशक्त रहेंगे। सकारात्मक प्रवृत्ति के लोगों के साथ आपके संबंध मधुर रहेंगे। मेहनत के दम पर अपना काम पूरा कर लेंगे।

## सुडोकू -125

सुडोकू एक तरह का तर्क वाला खेल है, जो एक वर्ग पहेली की तरह होता है। जब आप इस खेल को खेलना सीख जाते हैं तो यह बहुत ही सरलता से खेला जा सकता है। सुडोकू खेल में बॉक्स में 1 नंबर से 9 नंबर तक आने वाले अंक दिए हैं। इसमें कुछ बॉक्स खाली हैं, जिन्हें आपको भरना है। कोई भी अंक दोबारा नहीं आना चाहिए। एक सीधी लाइन और एक खड़ी लाइन तथा बॉक्स में नंबर रिपीट नहीं होना चाहिए।

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| | | 8 | | | 3 | | | 4 |
| | 2 | | 7 | | 9 | | | 1 |
| | 6 | | | 4 | | | 9 | |
| | 3 | | | | 5 | 7 | | |
| | | 7 | | | | 2 | | |
| 6 | | 4 | 8 | | | | 5 | |
| | 7 | | | 5 | | | 8 | |
| 5 | | | 2 | | | | 3 | |
| | 4 | | | 1 | | 6 | | |

## सुडोकू - 124 का हल

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 9 | 3 | 5 | 6 | 4 | 2 | 1 | 7 | 8 |
| 1 | 6 | 4 | 8 | 3 | 7 | 5 | 2 | 9 |
| 8 | 2 | 7 | 9 | 1 | 5 | 4 | 6 | 3 |
| 5 | 7 | 6 | 3 | 2 | 8 | 9 | 1 | 4 |
| 2 | 1 | 9 | 5 | 6 | 4 | 8 | 3 | 7 |
| 4 | 8 | 3 | 1 | 7 | 9 | 6 | 5 | 2 |
| 3 | 9 | 2 | 4 | 5 | 1 | 7 | 8 | 6 |
| 7 | 4 | 1 | 2 | 8 | 6 | 3 | 9 | 5 |
| 6 | 5 | 8 | 7 | 9 | 3 | 2 | 4 | 1 |



> रोहित शर्मा को एकदिवसीय कप्तान के पद से हटाने का फैसला संभवत : उनसे सलाह-मशविरा करने के बाद किया गया होगा। रोहित खेलते रह सकते हैं और इस बीच आप एक युवा कप्तान को तैयार करते रह सकते हैं। इसलिए मुझे इसमें कोई समस्या नहीं दिखती।
> –सौरव गांगुली



## हाईलाइट

### सबालेंका और पेगुला क्वार्टर फाइनल में



**वुहान (चीन) :** अमेरिकी ओपन चैंपियन आर्यना सबालेंका और जेसिका पेगुला ने बृहस्पतिवार को यहां वुहान ओपन टेनिस टूर्नामेंट के क्वार्टर फाइनल में प्रवेश किया। शीर्ष रैंकिंग पर काबिज सबालेंका ने लियूडमिला समैससोनोवा को 6-3 6-3 से हराकर वुहान ओपन में जीत का सिलसिला जारी रखा और अपनी 19वीं जीत दर्ज की। इससे पहले जेसिका पेगुला ने तीसरे सेट में शुरुआती सर्विस ब्रेक से उबरते हुए एकातेरिना एलेक्जेंड्रोवा को 7-5 3-6 6-3 से हराकर पिछले सप्ताह चाइना ओपन सेमीफाइनल में हारने वाली पेगुला ने निर्णायक सेट में स्कोर 2-2 से बराबर किया और फिर अंतिम पांच में से चार गेम जीतकर क्वार्टर फाइनल में अपनी जगह पक्की की।

### बैडमिंटन में भारत ने पक्का किया पदक

**गुवाहाटी :** भारत ने बृहस्पतिवार को यहां विश्व जूनियर मिश्रित टीम बैडमिंटन चैंपियनशिप में कोरिया को हराकर सेमीफाइनल में प्रवेश किया और अपना पहला पदक पक्का किया। मेजबान टीम ने लगभग तीन घंटे तक चले रोमांचक क्वार्टरफाइनल मुकाबले में 44-45, 45-30, 45-33 से जीत हासिल की। सेमीफाइनल में पहुंचकर भारत ने बीडब्ल्यूएफ विश्व जूनियर चैंपियनशिप के इतिहास में अपना पहला मिश्रित टीम पदक पक्का कर लिया। अब सेमीफाइनल में भारत का सामना एशियाई अंडर-19 मिश्रित टीम चैंपियन इंडोनेशिया से होगा।

# सीरीज जीतने का लक्ष्य लेकर उतरेगी टीम इंडिया

## वेस्टइंडीज के खिलाफ दूसरा व अंतिम टेस्ट आज से, पहले मैच में मेहमानों ने बेहद खराब प्रदर्शन किया था

**नई दिल्ली, एजेंसी**

पहले मैच में आसान जीत से आत्मविश्वास से ओतप्रोत मेजबान भारत शुक्रवार से यहां शुरू हो रहे दूसरे और अंतिम टेस्ट मैच में वेस्टइंडीज को एक और करारी शिकस्त देने व 2-0 से सीरीज जीतने के उद्देश्य से मैदान पर उतरेगा। हालांकि इस मैच में उसकी निगाहें साई सुदर्शन के धैर्य और घरेलू परिस्थितियों में नीतीश कुमार रेड्डी की उपयोगिता पर टिकी होंगी।

भारत के पास प्रतिभाशाली क्रिकेटरों का शानदार समूह है, जिनमें से प्रत्येक अंतर्राष्ट्रीय स्तर पर किसी भी शीर्ष टीम में जगह बनाने में सक्षम है। उसका मुकाबला वेस्टइंडीज की उस टीम से होगा जिसका अतीत गौरवशाली रहा है, लेकिन जो वर्तमान में टेस्ट क्रिकेट में बने रहने के लिए संघर्ष कर रही है। वेस्टइंडीज के खिलाड़ियों की विश्व भर में टी-20 लीग में खेलने के लिए बड़ी मांग है, लेकिन खेल के सबसे लंबे प्रारूप में उसके पास बेहद कमजोर और अनुभवहीन खिलाड़ी हैं। अहमदाबाद में खेले गए पहले टेस्ट मैच में उसकी टीम किसी भी समय भारत के सामने चुनौती पेश नहीं कर सकी। भारत ने यह मैच पारी के अंतर से जीता था जो कैरेबियाई क्रिकेट की वर्तमान स्थिति का प्रमाण है। भारत के लिए एक और प्रभावशाली प्रदर्शन का मतलब सिर्फ श्रृंखला जीतना नहीं है, बल्कि विश्व टेस्ट चैम्पियनशिप अंक तालिका पर अपनी स्थिति मजबूत करना और इस साल के अंत में घरेलू मैदान पर दक्षिण अफ्रीका के खिलाफ कड़ी चुनौती के लिए आत्मविश्वास बढ़ाना भी है। भारत फिरोज शाह कोटला में भी मैच को जल्दी समाप्त कर सकता है जहां की पिच से शुरू में तेज गेंदबाजों को मदद मिलने की उम्मीद है। यह तय है कि भारत अपनी अंतिम एकादश में कोई बदलाव नहीं करेगा और नीतीश टीम में बने रहेंगे जिन्हें टीम प्रबंधन भविष्य के लिए गेंदबाजी ऑलराउंडर के रूप में तैयार करने पर ध्यान दे रहा है। भारत की बल्लेबाजी काफी मजबूत है और ऐसे में वह नीतीश को अपनी गेंदबाजी पर अधिक ध्यान देने के लिए कह रहा है। चयनकर्ता और कोच अभी साई सुदर्शन को लेकर ज्यादा चिंतित नहीं हैं, पर वह पिछली सात पारियों में से छह में असफल रहे। इस तरह की परिस्थितियां एक ऐसे खिलाड़ी के लिए वास्तविकता की परीक्षा पेश करती हैं, जो अभी भी लाल गेंद के चुनौतीपूर्ण क्षेत्र में अपनी लय हासिल करने की कोशिश कर रहा है। यशस्वी ने पहले मैच में अच्छी शुरुआत की जबकि केएल राहुल अपने जीवन की सर्वश्रेष्ठ फॉर्म में हैं। उन्होंने पिछले छह टेस्ट मैचों में तीन शतक लगाए हैं। कप्तान शुभमन गिल ने भी पहले मैच में अर्धशतक जड़ा। ऐसे में सुदर्शन का खराब स्कोर खटक रहा है क्योंकि ध्रुव जुरेल और रवींद्र जडेजा ने भी अहमदाबाद में शतक लगाए थे।



अभ्यास सत्र के दौरान वेस्टइंडीज के खिलाड़ी। एजेंसी



**समय पूर्वाह्न 9:30 बजे से**

### टीम

**भारत :** शुभमन गिल (कप्तान), यशस्वी जयसवाल, केएल राहुल, बी साई सुदर्शन, ध्रुव जुरेल (विकेटकीपर), रवींद्र जड़ेजा, नीतीश कुमार रेड्डी, वॉशिंगटन सुंदर, कुलदीप यादव, जसप्रित बुमराह, मोहम्मद सिराज, प्रसिद्ध कृष्णा, अक्षर पटेल, नारायण जगदीसन, देवदत्त पडिक्कल।

**वेस्टइंडीज :** रोस्टन चेज (कप्तान), तेगनारायण चंद्रपॉल, जॉन कैंपबेल, एलिक अथानाज़, ब्रैंडन किंग, जोहान लेने, जस्टिन ग्रीव्स, खारी पियरे, शाई होप, जेडन सील्स, जेमेल वारिकन, केवलन एंडरसन, जेडिया ब्लेड्स, टेविन इमलाच, एंडरसन फिलिप।

### रोहित भाई जैसा शांतचित्त कप्तान बनना चाहता हूं

**नई दिल्ली :** भारत की वनडे टीम के नव नियुक्त कप्तान शुभमन गिल ने गुरुवार को कहा कि वह इस महीने के अंत में आस्ट्रेलिया दौरे से इस प्रारूप की कमान संभालने पर अपने पूर्ववर्ती रोहित शर्मा की तरह ड्रेसिंग रूम में शांत माहौल बनाए रखने की कोशिश करेंगे। पहले ही भारतीय टेस्ट टीम की कप्तानी संभाल रहे 25 वर्षीय गिल 19 से 25 अक्टूबर तक ऑस्ट्रेलिया में होने वाली तीन मैचों की श्रृंखला के साथ अपनी एकदिवसीय कप्तानी की शुरुआत करेंगे। गिल से जब शुक्रवार से वेस्टइंडीज के खिलाफ शुरू हो रहे दूसरे टेस्ट मैच से पहले उनकी भूमिका बढ़ाए जाने के बारे में पूछा गया तो उन्होंने कहा रोहित भाई का धैर्य और उन्होंने टीम में जो दोस्ती कायम की है मैं उसे आत्मसात करना चाहता हूं। गिल ने रोहित और स्टार बल्लेबाज विराट कोहली के भविष्य को लेकर चल रही अटकलों पर भी विराम लगाने की कोशिश की, जो दोनों अब केवल एकदिवसीय प्रारूप में ही उपलब्ध हैं। उन्होंने टी20 अंतरराष्ट्रीय और टेस्ट से संन्यास ले लिया है। गिल ने कहा इन दोनों ने भारत के लिए कई मैच जीते हैं।

### रोहित और विराट वनडे विश्व कप की योजनाओं में शामिल : गिल

**नई दिल्ली :** वनडे टीम के नवनियुक्त कप्तान शुभमन गिल ने गुरुवार को कहा कि सीनियर खिलाड़ी रोहित शर्मा और विराट कोहली टीम की 2027 में होने वाले वनडे विश्व कप की योजना का हिस्सा बने रहेंगे क्योंकि उनके कौशल और अपार अनुभव को नजरअंदाज नहीं किया जा सकता। वह इस महीने के अंत में आस्ट्रेलिया दौरे से इस प्रारूप की कमान संभालने पर अपने पूर्ववर्ती रोहित शर्मा की तरह ड्रेसिंग रूम में शांत माहौल बनाए रखने और खिलाड़ियों के साथ दोस्ताना व्यवहार करने की कोशिश करेंगे। पहले ही भारतीय टेस्ट टीम की कप्तानी संभाल रहे 26 वर्षीय गिल 19 से 25 अक्टूबर तक ऑस्ट्रेलिया में होने वाली तीन मैचों की शृंखला के साथ अपनी एकदिवसीय कप्तानी की शुरुआत करेंगे। यह पूछे जाने पर कि क्या उन्हें लगता है कि रोहित और कोहली अगले वनडे विश्व कप की योजना का हिस्सा हैं तो गिल चयन समिति के अध्यक्ष अजीत अगरकर की तरह सतर्क नहीं थे जिन्होंने हाल में एक प्रेस कॉन्फ्रेंस के दौरान इस मुद्दे पर कोई प्रतिबद्धता नहीं जताई थी। गिल ने उन्हें वनडे टीम का कप्तान भी नियुक्त करने से संबंधित सवालों के जवाब देते हुए कहा 'बिल्कुल।

# भारत ने दक्षिण अफ्रीका को दिया 252 रनों का लक्ष्य




अर्धशतकीय पारी के दौरान शॉट लगातीं ऋचा घोष। एजेंसी

**विशाखापत्तनम, एजेंसी**

विकेटकीपर बल्लेबाज ऋचा घोष के ताबड़तोड़ अर्धशतक और स्नेह राणा के साथ उनकी अर्धशतकीय साझेदारी से भारत ने आईसीसी महिला एकदिवसीय विश्व कप में बृहस्पतिवार को यहां दक्षिण अफ्रीका के खिलाफ विषम परिस्थितियों से उबरते हुए 251 रनों का स्कोर खड़ा किया।

बाएं हाथ की स्पिनरों क्लो ट्रायोन (32 रन पर तीन विकेट) और नोनकुलुलेको मलाबा (46 रन पर दो विकेट) ने बीच के ओवरों में भारतीय बल्लेबाजों पर शिकंजा कसते हुए स्कोर छह विकेट पर 102 रन कर दिया लेकिन ऋचा (94 रन, 77 गेंद, 11 चौके, चार छक्के) और स्नेह (33 रन, 24 गेंद, छह चौके) ने आठवें विकेट के लिए 53 गेंद में 88 रन की तूफानी साझेदारी की जिससे मेजबान टीम चुनौतीपूर्ण स्कोर खड़ा करने में सफल रही।

ऋचा ने अमजोत कौर (13) के साथ भी सातवें विकेट के लिए 51 रन जोड़े। मारिजेन कैप (45 रन पर दो विकेट) और नेदिन डि क्लर्क (52 रन पर दो विकेट) ने भी दो-दो विकेट चटकाए जिससे भारतीय टीम 49.5 ओवर में सिमट गई। भारत ने अंतिम नौ ओवर में 97 रन जुटाए। दक्षिण अफ्रीका की कप्तान लॉरा वोलवार्ट ने टॉस जीतकर भारत को पहले बल्लेबाजी का न्योता दिया जिसके बाद प्रतिका रावल (37) और स्मृति मंधाना (23) ने पहले विकेट के लिए 55 रन जोड़कर टीम को सतर्क शुरुआत दिलाई। प्रतिका एक बार फिर अच्छी लय में नजर आई जबकि स्मृति को जूझना पड़ा। प्रतिका ने मारिजेन कैप के पहले ही ओवर में दो चौकों के साथ शुरुआत की और फिर अयाबोंका खाका की गेंद को भी बाउंड्री के दर्शन कराए। प्रतिका ने पारी के पांचवें ओवर में कैप पर लगातार दो चौके मारे। स्मृति ने खाका पर पारी का पहला छक्का जड़ा जबकि नेदिन डि क्लर्क का स्वागत चौके के साथ किया लेकिन 11वें ओवर में मलाबा की गेंद पर लॉन्ग ऑन पर सुने लुस को कैच दे बैठीं। अच्छी फॉर्म में चल रहीं हरलीन देओल सिर्फ 13 रन बनाने के बाद मलाबा की तेजी से स्पिन लेती गेंद पर बोल्ड हो गईं। तेज गेंदबाज तुमी सेखुखुने ने 20वें ओवर में प्रतिका को ताजमिन ब्रिट्स के हाथों कैच कराके भारत को बड़ा झटका दिया।

### अंक तालिका

| देश | मैच | जीत | हार | अनिर्णीत | अंक | नेट रनरेट |
|---|---|---|---|---|---|---|
| ऑस्ट्रेलिया | 3 | 2 | 0 | 1 | 5 | 1.960 |
| इंग्लैंड | 2 | 2 | 0 | 0 | 4 | 1.757 |
| भारत | 2 | 2 | 0 | 0 | 4 | 1.515 |
| बांग्लादेश | 2 | 1 | 1 | 0 | 2 | 0.573 |
| द.अफ्रीका | 2 | 1 | 1 | 0 | 2 | -1.402 |
| श्रीलंका | 2 | 0 | 1 | 1 | 1 | -1.255 |
| न्यूजीलैंड | 2 | 0 | 2 | 0 | 0 | -1.485 |
| पाकिस्तान | 3 | 0 | 3 | 0 | 0 | -1.887 |

### भारत

**251/10 (49.5 ओवर)**

| | |
|---|---|
| प्रतिका का ब्रिट्स बो सेखुखुने | 37 |
| स्मृति मंधाना का लुस मलाबा | 23 |
| हरलीन देओल बो मलाबा | 13 |
| हरमनप्रीत का कैप बो ट्रायोन | 09 |
| जेमिमा पगबाधा बो ट्रायोन | 00 |
| दीप्ति शर्मा का जाफ्ता बो कैप | 04 |
| अमनजोत का लुस बो ट्रायोन | 13 |
| ऋचा घोष का ट्रायोन बो डि क्लर्क | 94 |
| स्नेह राणा का वोलवार्ट बो कैप | 33 |
| क्रांति गौड़ नाबाद | 00 |
| श्री चरणी का वोलवार्ट डि क्लर्क | 00 |

**गेंदबाजी :** कैप 9-0-45-2, खाका 7-0-47-0, डि क्लर्क 6.5-0-52-2, मलाबा 10-0-46-2, सेखुखुने 7-0-29-1, ट्रायोन 10-0-32-3

### न्यूजीलैंड का मुकाबला बांग्लादेश से आज

**गुवाहाटी :** आत्मविश्वास से ओतप्रोत बांग्लादेशी टीम का सामना आईसीसी महिला वनडे विश्व कप के ग्रुप मैच में खराब फॉर्म से जूझ रही पूर्व चैम्पियन न्यूजीलैंड से यहां शुक्रवार को होगा तो उसके स्पिनर अपना बेहतरीन प्रदर्शन जारी रखना चाहेंगे।

# आत्मविश्वास और सही सोच से शुरू होता बदलाव

**नई दिल्ली, एजेंसी**

भारत के खिलाफ शुक्रवार से शुरू हो रहे दूसरे टेस्ट से पहले दिग्गज पूर्व क्रिकेटर विवियन रिचर्ड्स और ब्रायन लारा ने रोस्टन चेस की टीम को यही सलाह दी है कि वेस्टइंडीज क्रिकेट का ग्राफ भले ही नीचे को जा रहा हो लेकिन यहां से ऊपर उठने का जरिया सिर्फ आत्मविश्वास और सही रवैया है।

वेस्टइंडीज के तीन पूर्व कप्तान रिचर्ड्स, लारा और रिची रिचर्डसन दिल्ली में हैं और बुधवार को एक प्रचार कार्यक्रम के दौरान टीम से मिले। चेस ने मैच से एक दिन पहले प्रेस कांफ्रेंस में कहा कल हमारा एक टीम कार्यक्रम था और मैने तीनों (रिचर्ड्स, लारा और रिचर्डसन) से बात की । उन्होंने हमें कहा कि खुद पर भरोसा बनाये रखो। स्थिति अभी खराब है लेकिन यह बदलेगी। तीनों ने टीम से सकारात्मक क्रिकेट खेलने का आग्रह किया।

चेस ने कहा बदलाव की शुरुआत अभी होगी और यह आत्मविश्वास और हर खिलाड़ी की सोच से होगी। मेरा फोकस उन्हें प्रेरित करते रहने पर है और हम सकारात्मक क्रिकेट खेलते रहेंगे। चेस का मानना है कि वेस्टइंडीज में प्रथम श्रेणी क्रिकेट के खराब स्तर के कारण अच्छे टेस्ट बल्लेबाज नहीं निकल रहे हैं। मैं सभी के बारे में नहीं बोल सकता लेकिन मेरा नजरिया यह है कि अगर अच्छी तरह से प्रथम श्रेणी क्रिकेट खेला हो तो आत्मविश्वास आता है। अच्छे गेंदबाजी आक्रमण का सामना करने से आप दबाव का सामना करना और अपनी कमजोरियों से पार पाना सीखते हैं। जब आप अपना कैरियर शुरू करते हैं तो विरोधी टीम को आपके बारे में ज्यादा पता नहीं होता लेकिन कुछ मैचों के बाद आपकी गलतियां पकड़ में आती है। खिलाड़ियों को खुद उन कमियों का पता करके उन्हें दुरूस्त करने पर मेहनत करनी चाहिए।

- **विवियन रिचर्ड्स और ब्रायन लारा ने टीम को दी सलाह**



# नॉकआउट मैचों में असफलता के डर पर काबू पाकर भारत ने लगातार ट्रॉफी जीती : सूर्यकुमार

**नई दिल्ली, एजेंसी**

भारत के टी-20 कप्तान सूर्यकुमार यादव ने बृहस्पतिवार को कहा कि नॉकआउट मैचों में असफलता के डर पर काबू पाना पिछले 15 महीनों में राष्ट्रीय टीम की शानदार सफलता में अहम रहा है। जून 2024 में टी-20 विश्व कप जीतने के बाद से भारत ने दो आईसीसी खिताब और एशिया कप जीता है। टीम ने फरवरी में वनडे प्रारूप में चैंपियंस ट्रॉफी जीती थी लेकिन पिछले महीने भारत ने सूर्यकुमार की अगुआई में टी20 प्रारूप में अपना दूसरा एशिया कप खिताब जीता। इस बिग हिटर बल्लेबाज ने कहा कि भारत को आक्रामक क्रिकेट खेलने का पूरा फायदा मिल रहा है।

सूर्यकुमार ने स्काईस्कैनर कार्यक्रम के दौरान कहा मुझे लगता है कि पिछले डेढ़ साल में, जब से हमने चैंपियनशिप जीतना शुरू किया तो हमने इस खेल को थोड़ा अलग अंदाज में खेलना शुरू कर दिया। नॉकआउट परिस्थितियों में असफलता के डर के बारे में नहीं सोचें, बस मैदान पर उतरें और वही करें जो हम सबसे अच्छा करते हैं। परिणाम के बारे में सोचने के बजाय अपना सर्वश्रेष्ठ प्रदर्शन करें। जून 2024 में बारबाडोस में ट्रॉफी जीतने से पहले भारत ने 10 साल से ज्यादा समय तक कोई आईसीसी प्रतियोगिता नहीं जीती थी। सूर्यकुमार ने कहा कि मानसिक रूप में बदलाव करने से इच्छा के अनुरूप परिणाम मिले।



सूर्यकुमार ने कहा हमने टीम के अंदर यही माहौल बनाया है, यही जज्बा है, यही संस्कृति है। 2022 से ऑस्ट्रेलिया में हुए टी20 विश्व कप के बाद हमने सोचा कि हमें कुछ अलग करना होगा। भारतीय टी20 कप्तान ने कहा हमने सोचा कि अगर हमें चैंपियनशिप जीतनी है तो हमें अलग अंदाज में खेलना होगा। सूर्यकुमार ने कप्तानी के गुर सिखाने का श्रेय रोहित शर्मा को भी दिया। उन्होंने कहा उनके साथ भाई जैसा रिश्ता है। मुझे आज भी याद है जब मैंने 2010-2011 में बॉम्बे के लिए अपना प्रथम श्रेणी पदार्पण किया था। वह घरेलू सर्किट में थे और वहां से आईपीएल फ्रेंचाइजी मुंबई इंडियंस में पहुंचे।

# कास्परोव ने आनंद पर शुरुआती बढ़त बनाई

**सेंट लुई (अमेरिका) :** महान खिलाड़ियों के बीच मुकाबले के पहले दिन गैरी कास्परोव ने यहां तीसरी बाजी में भारत के विश्वनाथन आनंद को हराकर क्लच शतरंज मुकाबले में 2.5-1.5 की बढ़त बना ली। शतरंज के इतिहास के संभवतः सर्वश्रेष्ठ खिलाड़ी कास्परोव ने 62 साल की उम्र में दिखाया कि 21 साल पहले संन्यास लेने के बावजूद उनमें अब भी काफी शतरंज बचा है।

आनंद को भी मौके मिले लेकिन वह उनका फायदा उठाने में नाकाम रहे। शतरंज 960 प्रारूप के तहत रोजाना दो रैपिड और दो ब्लिट्ज मुकाबले होने हैं। दिन की शुरुआती दो बाजी ड्रॉ रहीं जिसके बाद कास्परोव ने तीसरी बाजी में आनंद को हराया। आनंद के पास बाजी को ड्रॉ कराने का मौका था लेकिन वह चूक गए। पहली बाजी में भी आनंद का पलड़ा भारी था।

खोले दिल के राज

**पूर्व ऑफ स्पिनर बोले-यह मेरा निजी फैसला था**

# किसी ने मुझे संन्यास के लिए मजबूर नहीं किया : अश्विन

**नई दिल्ली, एजेंसी**

भारत के पूर्व ऑफ स्पिनर रविचंद्रन अश्विन ने स्पष्ट किया है कि अंतर्राष्ट्रीय क्रिकेट से संन्यास लेने का उनका फैसला निजी था और पिछले साल ऑस्ट्रेलिया दौरे के बीच में टेस्ट क्रिकेट छोड़ने के लिए उन्हें किसी ने मजबूर नहीं किया था।

इस 39 वर्षीय खिलाड़ी ने पिछले साल ब्रिस्बेन में 2024-25 की बॉर्डर-गावस्कर ट्रॉफी के तीसरे टेस्ट के बाद संन्यास की घोषणा करके क्रिकेट जगत को चौंका दिया था। इसके बाद उन्होंने इस साल अगस्त में इंडियन प्रीमियर लीग (आईपीएल) से भी संन्यास की घोषणा कर दी। इससे वह दुनिया भर की टी20 लीग में खेलने के लिए स्वतंत्र हो गए हैं।

वह इस साल के आखिर में ऑस्ट्रेलिया की बिग बैश लीग में खेलने वाले पहले भारतीय क्रिकेटर बनेंगे। अश्विन ने अपने यूट्यूब चैनल पर कहा किसी ने मुझसे नहीं कहा कि तुम्हें संन्यास ले लेना चाहिए। किसी ने मुझसे नहीं कहा कि टीम में तुम्हारे लिए कोई जगह नहीं है। सच्चाई यह है कि संन्यास का फैसला करने से पहले दो-तीन लोगों ने मुझे ऐसा करने से इनकार किया था लेकिन मैंने अपना फैसला लिया। असल में, वे चाहते थे कि मैं और खेलूं। उन्होंने कहा रोहित शर्मा (तत्कालीन कप्तान) ने भी मुझे इस बारे में फिर से सोचने को कहा था। गौती भाई (गौतम गंभीर) ने भी मुझे दोबारा सोचने को कहा था। लेकिन मैंने इस बारे में (संन्यास के बारे में) अजीत अगरकर (चयन समिति के अध्यक्ष) से ज्यादा बात नहीं की।



अश्विन ने कहा जब खेल से संन्यास लेने की बात आती है तो यह निजी फैसला होता है और मेरा फैसला भी निजी था। उनके इस बयान से उन अटकलों पर विराम लग गया है कि टीम प्रबंधन ने उन्हें यह निर्णय लेने के लिए मजबूर किया था। रोहित शर्मा और विराट कोहली की सीनियर जोड़ी के बारे में बात करते हुए अश्विन ने कहा कि टीम प्रबंधन और चयनकर्ताओं को उनके साथ स्पष्ट संवाद करना चाहिए।

### रोहित और कोहली में काफी क्रिकेट बाकी

टेस्ट और टी-20 क्रिकेट से संन्यास ले चुके रोहित और कोहली दोनों को ऑस्ट्रेलिया के खिलाफ आगामी तीन एकदिवसीय मैचों के लिए टीम में शामिल किया गया है। लेकिन रोहित की जगह शुभमन गिल को वनडे टीम का कप्तान नियुक्त किया गया है। अश्विन ने कहा विराट कोहली वनडे क्रिकेट के दिग्गज खिलाड़ी हैं। जिस तरह से उन्होंने और रोहित ने 2023 विश्व कप में बल्लेबाजी की, उन्हें कुछ साबित करने की ज़रूरत नहीं है। मुझे उम्मीद है कि उनसे बातचीत हुई होगी। विराट और रोहित शर्मा के साथ जो भी चर्चा होनी थी, वह हो चुकी होगी। उनके साथ स्पष्ट संवाद होना चाहिए। अश्विन ने कहा कि रोहित और कोहली दोनों में अभी काफी क्रिकेट बाकी है।